रायपुर, लखनऊ और नई दिल्ली से प्रकाशित
हमेशा सच के साथ
RNI NO. CHHHIN/2016/70655

# पायनियर

www.dailypioneer.com रायपुर, मंगलवार 03 दिसम्बर 2024 पृष्ठ-12 वर्ष-09, अंक-102 मूल्य 3.00 ₹

**क्विक न्यूज**

## छह दिन बाद सरकार ने विपक्ष की बात मानी : कांग्रेस



**नयी दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि सरकार को जो काम छह दिन पहले करना चाहिए था वही काम अब किया है जिसके कारण पिछले सप्ताह संसद नहीं चल नहीं सकी। जयराम रमेश ने कहा कि इंडिया समूह ने संसद की शुरुआत में ही संविधान पर संसद में चर्चा कराने की मांग को लेकर पत्र लिख दिया था, लेकिन सरकार मांग नहीं मानने की हठ पर अड़ी रही और अब उसी मांग को मान गई है जिसके कारण संसद सत्र में हंगामा नहीं होने की अब कोई संभावना नहीं है।

# प्रत्यक्ष निर्वाचन प्रणाली से होंगे महापौर और पालिकाध्यक्ष के चुनाव

पायनियर संवाददाता ◁ रायपुर
www.dailypioneer.com

कैबिनेट की बैठक में प्रदेश के नगर पालिक निगमों के महापौर एवं नगर पालिकाओं के अध्यक्ष का निर्वाचन प्रत्यक्ष रीति से कराए जाने का निर्णय लिया है। इसके लिए बैठक में छत्तीसगढ़ नगर पालिक निगम अधिनियम, 1956 (संशोधन) अध्यादेश, 2024 एवं छत्तीसगढ़ नगर पालिका अधिनियम 1961 (संशोधन) अध्यादेश 2024 (प्रत्यक्ष निर्वाचन एवं आरक्षण संबंधित प्रावधान) की विभिन्न धाराओं में संशोधन किए जाने के संबंध में अध्यादेश 2024 के प्रारूप का अनुमोदन किया गया। यह उल्लेखनीय है कि अविभाजित मध्य प्रदेश राज्य में 1999 के पूर्व नगर पालिक निगमों में महापौर तथा नगर पालिकाओं के अध्यक्ष का निर्वाचन प्रत्यक्ष



रीति से होता था। भूपेश सरकार द्वारा नगरीय निकायों के महापौर तथा नगर पालिकाओं के अध्यक्ष का निर्वाचन को अप्रत्यक्ष रीति से कराए जाने का निर्णय लिया था, जिसकी अधिसूचना का प्रकाशन राजपत्र में 12 दिसम्बर 2019 को किया गया था। छत्तीसगढ़ शासन के पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विभाग द्वारा मंत्रालय द्वारा त्रिस्तरीय पंचायतों एवं नगरीय निकायों के निर्वाचन में अन्य पिछड़ा वर्ग के प्रतिनिधित्व एवं आरक्षण के संबंध में स्थानीय निकायों में आरक्षण को एकमुश्त सीमा 25 प्रतिशत को शिथिल कर अन्य पिछड़ा वर्ग की संख्या के अनुपात में 50 प्रतिशत आरक्षण की अधिकतम सीमा तक आरक्षण के प्रावधान की स्वीकृति पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग के प्रतिवेदन में प्राप्त अनुशंसा के अनुसार दी गई है। छत्तीसगढ़ पंचायत राज अधिनियम, 1993 के अंतर्गत त्रिस्तरीय पंचायती राज संस्थाओं में अन्य पिछड़ा वर्ग के प्रतिनिधित्व एवं आरक्षण संबंधी प्रावधानों में संशोधन किए जाने हेतु विभिन्न धाराओं में संशोधन किए जाने का निर्णय लिया गया। मंत्रिपरिषद द्वारा सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों को वितरण हेतु नागरिक आपूर्ति निगम को आवश्यक चना उपार्जन, NeML ई-ऑक्शन प्लेटफॉर्म के माध्यम से किए जाने की अनुमति दी गई। यह उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा सार्वजनिक वितरण प्रणाली अंतर्गत राज्य के सभी अनुसूचित विकासखण्डों एवं मॉडा पैकेट क्षेत्र में निवासरत अंत्योदय तथा प्राथमिकता वाले राशन कार्डधारियों को प्रतिमाह 5 रूपए किलो की दर से 2 किलो चना प्रदाय किया जाता है। वर्तमान में छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा चना वितरण योजना के तहत 30 लाख 22 हजार परिवारों को लाभान्वित किया जा रहा है। राज्य को चना वितरण के लिए प्रति माह 6046 टन तथा प्रति वर्ष 72 हजार 52 टन चना की जरूरत होती है। चना का उपार्जन नागरिक आपूर्ति निगम द्वारा किया जाता रहा है। छत्तीसगढ़ सरकार की चना वितरण योजना के माध्यम से हितग्राहियों को उच्च क्वालिटी का चना प्रदाय किया जा सके, इसके लिए मंत्रिपरिषद ने नागरिक आपूर्ति निगम को NeML ई-ऑक्शन प्लेटफॉर्म के माध्यम से किए जाने की अनुमति दी गई।

## अब पर्यटन को उद्योग का दर्जा

मंत्रिपरिषद की बैठक में राज्य में पर्यटन को बढ़ावा तथा योजनाबद्ध विकास के लिए छत्तीसगढ़ पर्यटन विभाग के प्रस्ताव पर राज्य में पर्यटन को उद्योग का दर्जा प्रदान करने का निर्णय लिया गया। गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ सरकार की नई औद्योगिक नीति 2024-30 के अंतर्गत पर्यटन, मनोरंजन एवं अन्य सामाजिक सेवा सेक्टर में शामिल के अलावा भारत सरकार एवं छत्तीसगढ़ पर्यटन नीति 2020 में पर्यटन परियोजनाओं हेतु निर्धारित न्यूनतम स्थायी पूंजी निवेश किए जाने पर सामान्य उद्योगों की भांति अनुदान/छूट/रियायत का प्रावधान किया गया है। पर्यटन को उद्योग का दर्जा दिए जाने से प्रदेश में साहसिक, जल पर्यटन, मेडिकल एवं वेलनेस टूरिज्म, एग्रो टूरिज्म, पर्यटन की इकाईयों, लैंड बैंक में निजी निवेश को आकर्षित एवं प्रोत्साहित करने में मदद मिलेगी। इससे स्टेक होल्डर प्रोत्साहित होंगे। पर्यटन संबंधी अधोसंरचना का विकास होगा। पर्यटन से संबंधित पूंजी निवेश बढ़ेगा। राज्य में राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय पर्यटकों के अनुकूल सुख-सुविधाओं का विकास होगा। राज्य में पर्यटन के क्षेत्र में रोजगार के बड़े अवसर सृजित होंगे।

## जीएसटी परिषद की बैठक में छत्तीसगढ़ के वित्त मंत्री चौधरी ने रखे कई अहम सुझाव



पायनियर संवाददाता ◁ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

जीएसटी परिषद की बैठक में वस्तु एवं सेवा कर के तहत क्षतिपूर्ति उपकर के भविष्य पर गहन चर्चा हुई। यह बैठक नई दिल्ली के मध्य प्रदेश भवन में आयोजित की गई, जिसमें केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री की अध्यक्षता में विभिन्न राज्यों के वित्त मंत्रियों और वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया। इस बैठक में छत्तीसगढ़ के वित्त मंत्री ओपी चौधरी की उपस्थिति महत्वपूर्ण रही। उन्होंने ने परिषद के समक्ष कई अहम सुझाव रखे। इस दौरान राज्य के वित्त सचिव मुकेश बंसल भी उपस्थित थे। जीएसटी परिषद के मंत्री समूह में असम, छत्तीसगढ़, गुजरात, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, पंजाब, तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल के सदस्य शामिल हैं। यह समूह जीएसटी प्रणाली को और अधिक सुदृढ़ और पारदर्शी बनाने के लिए सुझाव देगा। जीएसटी परिषद, जो देश में अप्रत्यक्ष कराधान के समन्वय और एकरूपता के लिए जिम्मेदार संवैधानिक निकाय है, इस विषय पर अंतिम निर्णय लेगी।

## किसानो का प्रदर्शन, 4000 पुलिसकर्मी रहे तैनात

एजेंसी ◁ गौतमबुद्धनगर
www.dailypioneer.com



अपनी विभिन्न मांगों को लेकर उत्तर प्रदेश के किसानो ने जमकर प्रदर्शन किया और सरकार विरोधी नारेबाजी की। भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) के तत्वावधान में हजारों की संख्या में किसान अपनी विभिन्न मांगों को लेकर नोएडा के महामाया फ्लाईओवर पर एकत्रित हुए। दिल्ली की ओर जाने की कोशिश कर रहे किसानो को सुरक्षा बलों ने बेरीकेडिंग लगा कर रोक दिया हालांकि कुछ स्थानो पर किसनो ने बेरीकेडिंग को ध्वस्त कर दिया और महामाया फ्लाईओवर से गुजर कर चिल्ला बॉर्डर तक पहुंच गए। चिल्ला बॉर्डर पर किसी भी अप्रिय हालात से बचने के लिये लगभग 4000 पुलिसकर्मी तैनात किये गये थे। मौके पर तनाव की स्थिति बनी रही। किसानो के प्रदर्शन के चलते ग्रेटर नोएडा व नोएडा एक्सप्रेसवे पर भी जाम की स्थिति बनी रही। दिल्ली-नोएडा बॉर्डर पर सुबह से ही लंबा जाम लग गया। भाकियू प्रवक्ता राकेश टिकैत ने कहा कि पुलिस किसानों को रोक रही है जबकि उनकी समस्या का समाधान दिल्ली से ही निकलेगा। नोएडा सेक्टर 95 में दलित प्रेरणा स्थल के पास अधिकारियों के साथ बातचीत से समाधान नहीं निकलने से किसान वहीं धरने पर बैठ गये।

## कोई भी कर सकता है शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन : सुप्रीम कोर्ट

वार्ता ◁ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



उच्चतम न्यायालय ने किसानों के आंदोलन पर कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में कोई भी शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन कर सकता है। न्यायमूर्ति सूर्य कांत और न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां की पीठ ने पंजाब के किसान नेता जगजीत सिंह दल्लेवाल की ओर से पेश अधिवक्ता से कहा कि वह प्रदर्शनकारी किसानों को राजमार्गों को बाधित करने से रोकने और लोगों को असुविधा पहुंचाने से बचाने के लिए उन्हें (दल्लेवाल) राजी करें। पीठ ने अधिवक्ता से कहा, 'लोकतांत्रिक व्यवस्था में आप शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन कर सकते हैं, लेकिन लोगों को असुविधा न पहुंचाएं। पीठ ने उनसे आगे कहा, आप सभी जानते हैं कि खनौरी सीमा पंजाब के लिए जीवन रेखा है। पीठ ने हालांकि स्पष्ट किया कि वह विरोध प्रदर्शन पर कोई टिप्पणी नहीं कर रही है। पीठ ने कहा, हम इस पर टिप्पणी नहीं कर रहे हैं कि विरोध सही है या गलत।

## राजस्व सेवा के अधिकारी देश की आर्थिक सीमाओं के संरक्षक : राष्ट्रपति मुर्मु

पायनियर संवाददाता ◁ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने राजस्व सेवा के अधिकारियों को देश की आर्थिक सीमाओं का संरक्षक करार देते हुए कहा कि उन्हें हमेशा ईमानदारी और समर्पण के साथ काम करना होगा क्योंकि दूसरे देशों के साथ व्यापार को सुगम बनाने के समझौतों में भी उनकी महत्वपूर्ण भूमिका होगी। मुर्मु ने भारतीय राजस्व सेवा के प्रशिक्षु अधिकारियों से राष्ट्रपति भवन में मुलाकात की। राष्ट्रपति ने अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय राजस्व सेवा (सीमा शुल्क और अप्रत्यक्ष कर) हमारी अर्थव्यवस्था को एक समान कर प्रणाली और साझा प्रशासनिक मूल्यों के माध्यम से जोड़ती है। यह सेवा देश के कर प्रशासन में एकरूपता को बढ़ावा देती है।



# राजभवन में मनाया गया असम एवं नागालैंड राज्यों का स्थापना दिवस

## देश में विभिन्न संस्कृतियों, भाषाओं और परंपराओं का संगम है : राज्यपाल डेका




पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

राजभवन में असम और नागालैंड राज्यों के स्थापना दिवस के अवसर पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ स्थापना दिवस मनाया गया। राज्यपाल रमेन डेका ने इस अवसर पर कहा कि हमारा देश विभिन्न संस्कृतियों, भाषाओं और परंपराओं का संगम है। केन्द्र सरकार के एक भारत-श्रेष्ठ भारत कार्यक्रम के तहत विविधता में एकता की भावना को बढ़ावा देने के लिए सभी राज्य एक दूसरे के स्थापना दिवस मनाते हैं। इसी कड़ी में राजभवन के दरबार हॉल में असम एवं नागालैंड राज्यों का स्थापना दिवस मनाया गया। राज्यपाल ने स्थापना दिवस के अवसर पर इन राज्यों के लोगों को बधाई दी। राज्यपाल डेका ने अपने उद्बोधन में कहा कि इन दो अद्भुत राज्यों के स्थापना दिवस के अवसर पर, हमारे लिए उनके समृद्ध इतिहास, अद्भुत संस्कृति और उनकी आशाओं और सपनों के बारे में अधिक जानना महत्वपूर्ण है। उन्होंने असम और नागालैंड राज्य की विशेषताओं को




रेखांकित किया। असम राज्य भारत के ईशान कोण में स्थित है और ईशान कोण में भगवान का वास माना जाता है। यह उत्तर-पूर्व भारत के उन 8 राज्यों में से एक है जिन्हें अष्टलक्ष्मी कहा जाता है। अपने विविध वन्य जीव और सुंदर ब्रह्मपुत्र नदी के लिए यह जाना जाता है।

राज्यपाल ने कहा कि असम और छत्तीसगढ़ की संस्कृति, अर्थवयवस्था मिलती-जुलती है। इन राज्यों की संस्कृति रामायण काल की है। असम की एक समृद्ध सांस्कृतिक विरासत भी है, जिसमें संगीत, नृत्य, कला और साहित्य शामिल हैं। यहां के चाय की स्फूर्तिदायक खुशबू पूरी दुनिया में फैली है। देश के चाय बाजार का 57 प्रतिशत हिस्सा असम का हैं उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ का प्राकृतिक वातावरण भी चाय उत्पादन के लिए अनुकूल है। इसलिए इस दिशा में प्रयास किया जाएगा जिससे छत्तीसगढ़ की अर्थव्वस्था आगे बढ़ेगी। डेका ने कहा कि नागालैंड भी एक खूबसूरत राज्य है। जीवंत रंगों और बहादुरी की कहानियां इस राज्य में भरी पड़ी है। भारत के स्वतंत्रता आंदोलन में रानी गैडिनल्यू सहित असंख्य स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों ने अपना योगदान दिया। नेताजी सुभाषचंद्र बोस की आजाद हिन्द फौज भी यहां आई और यहां कई स्थानों पर स्वतंत्रता आंदोलन किए गए। डेका ने आगे कहा कि असम और नागालैंड अलग-अलग संस्कृति और समृद्ध अतीत वाले दो राज्य हैं। लेकिन दोनों राज्यों के निवासी प्रगति और विकास की समान रूप से आकांक्षा रखते हैं। स्थापना दिवस का जश्न हमारे राष्ट्र के प्रति हमारे पूर्वजों द्वारा किए गए महत्वपूर्ण योगदान को याद करने का भी एक अवसर है। कार्यक्रम को असम राज्य के प्रतिनिधि के रूप में अनुसूचित जाति, जनजाति, अल्प संख्यक एवं पिछड़ा वर्ग के प्रमुख सचिव सोनमणि बोरा और नागालैंड की प्रतिनिधि संगमाई ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर असम की महिलाओं के बिहू नृत्य सहित दोनों राज्यों के लोकनृत्यों की रंगारंग प्रस्तुति, विभिन्न विश्वविद्यालयों के छात्र-छात्राओं तथा वनवासी आश्रम की छात्राओं ने दी। कार्यक्रम में भिलाई के भजन गायक दीपेन्द्र हलधर द्वारा असम के प्रसिद्ध गायक भारत रत्न स्वर्गीय भूपेन्द्र हजारिका के गीतों की भावपूर्ण प्रस्तुति और पद्मश्री भारती बंधु के भजन गायन ने सभी अतिथियों को भाव विभोर कर दिया। दोनों राज्य के प्रतिनिधियों को राज्यपाल ने राजकीय गमछा पहनाकर और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

# बालको 'सुरक्षा संकल्प' के 3 वर्ष पूरे, सुरक्षा संस्कृति को मिली मजबूती





पायनियर संवाददाता ➤ बालकोनगर
www.dailypioneer.com



वेदांता समूह की कंपनी भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (बालको) ने अपनी मासिक सुरक्षा पहल 'सुरक्षा संकल्प' के तीन साल पूरा कर एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। इस कार्यक्रम में कर्मचारियों और व्यावसायिक साझेदारों दोनों की भागीदारी शामिल है, जिसने संयंत्र में सुरक्षा प्रोटोकॉल को मजबूत करने और सुरक्षा संस्कृति को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। परिणामस्वरूप संयंत्र परिसर के भीतर सुरक्षा मानकों में महत्वपूर्ण सुधार हुआ है। दिसंबर 2021 से आरंभ सुरक्षा संकल्प कार्यक्रम का उद्देश्य कोचिंग, कॉउंसिलिंग, मॉनिटिरिंग और त्वरित प्रतिक्रिया प्रदान करने में निहित सुरक्षा संस्कृति का पोषण करना है। प्रत्येक महीने के पहले दिन आयोजित होने वाले व्यापक प्रशिक्षण सत्रों ने कर्मचारियों को कार्यस्थल पर रचनात्मक परिवर्तन लाने के लिए प्रेरित करते हुए सुरक्षा-प्रथम व्यवहार को विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। लगातार तीसरने वर्ष में आयोजित 36वें प्रशिक्षण में 1500 से अधिक कर्मचारियों और व्यावसायिक साझेदारों ने हिस्सा लिया। सभी इस पहल के माध्यम से सुरक्षा मानकों को बेहतर बनाने की दिशा में तीन वर्षों के समर्पित प्रयासों का जश्न मना रहे थे। सुरक्षा संकल्प कार्यक्रम अपने संचालन के सभी क्षेत्रों में सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिए डिज़ाइन की गई विभिन्न प्रकार की थीम को शामिल करता है। कंपनी सुरक्षा प्रोटोकॉल के बारे में शिक्षित करने के साथ विभिन्न टीमों के भीतर सुरक्षा जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए कर्मचारियों को पुरस्कृत कर उन्हें प्रोत्साहित किया है। पुरस्कृत व्यक्ति अपने विभागों के भीतर सुरक्षा जागरूकता के प्रति अटूट प्रतिबद्धता दिखाई है और दूसरों को कार्यस्थल में सुरक्षा को प्राथमिकता देने के लिए प्रेरित किया है। बालको के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं निदेशक राजेश कुमार ने कहा कि कंपनी में हम जीरो हार्म के अपने दृष्टिकोण का पालन पूरी प्रतिबद्धता के साथ करते हैं। सुरक्षा संकल्प' एक मजबूत सुरक्षा संस्कृति को बढ़ावा देने में सहायक रहा है जो हमारे कर्मचारियों और व्यावसायिक साझेदारों की भलाई को प्राथमिकता देने के साथ एक सुरक्षित कार्य वातावरण सुनिश्चित करता है। हम अपने सुरक्षा मानकों को बेहतर बनाने के लिए आधुनिक तकनीकों को अपना रहे हैं। इस पहल की निरंतरता और लगातार सुदृढ़ीकरण से सुरक्षा मानसिकता को विकसित करने तथा सुरक्षा व्यवहार में परिवर्तन लाने में सहायक साबित हुआ। मजबूत सुरक्षा संस्कृति का निर्माण करने के लिए कंपनी कई अत्याधुनिक तकनीकों को शामिल किया है।

# सायबर अपराध की रिपोर्ट तत्काल हेल्पलाईन 1930 पर करें और पुलिस को सूचित करें : एसएसपी संतोष सिंह

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com




भारतीय स्टेट बैंक के द्वारा संपूर्ण मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में सोमवार से देश के सबसे बड़े बैंक, भारतीय स्टेट बैंक के महाप्रबंधक राम कुमार तिवारी ने देश में निरंतर बढ़ रही सायबर अपराध की घटनाओं और छत्तीसगढ़ राज्य के ग्राहकों और आम जनता को इसके प्रति जागरूक करने के लिए बैरन बाजार स्थित प्रशासनिक कार्यालय के परिसर में सायबर सुरक्षा जागरूकता अभियान का शुभारंभ किया। डॉ. संतोष कुमार सिंह, आईपीएस एवं एसएसपी, रायपुर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थे। अपने उद्बोधन में महाप्रबंधक तिवारी ने दैनिक बैंकिंग लेन-देन में निरंतर बढ़ते सायबर अपराध से ग्राहकों और उपस्थित सदस्यों को अवगत कराते हुए पूरी सावधानी बरतने का आह्वान किया तथा समस्त ग्राहकों को बढ़ते सायबर अपराध से सावधानी बरतने के उपाय बताए। अपने अध्यक्षीय संबोधन में डॉ. संतोष कुमार सिंह, आईपीएस एवं एसएसपी रायपुर ने सायबर क्राईम से संबंधित विभिन्न तरीकों और अपराधों के संबंध में पुलिस की कार्यवाही को विस्तार से समझाते हुए ग्राहकों को जागरुक करने के साथ ही उनके धन की सुरक्षा के प्रति देश का सबसे बड़ा वाणिज्यिक बैंक होने के नाते एसबीआई की प्रतिबद्धता की ओर इशारा करते हुए एसबीआई के इस प्रयास को समय की मांग बताया और बैंक के इस प्रयास की सराहना की। इस अवसर पर उन्होंने ट्राई फ ोन धोखाधड़ी, सीमा शुल्क पर पार्सल पकड़ना, डिजीटल अरेस्ट, परिवार के किसी सदस्य की गिरफ्तारी, ट्रेडिंग से तुरंत अमीर बनाने का लालच देने आसान काम/ऑनलाईन जॉब का बड़ा मेहनताना देने का लालच देने, लॉटरी लगने, गलती से पैसा चले जाना, केवाईसी की अविधि समाप्त होना, उदारता से करों की वापसी आदि प्रलोभनों का विस्तार से चर्चा करते हुए इनसे बचने और इनसे प्राप्त कॉल और लिंक को अटेंड न करने का आह्वान किया। उन्होंने धमकियों से न डरने और संदिग्ध कॉल की रिपोर्ट चक्षु पोर्टल पर करने के लिए ग्राहकों को प्रेरित किया। उन्होंने ग्राहकों और स्टॉफ सदस्यों को आश्वासन दिया कि छत्तीसगढ़ की पुलिस और बैंक प्रशासन ग्राहकों के हित में लगातार काम कर रहा है और सायबर अपराध की रिपोर्ट राष्ट्रीय सायबर हेल्पलाईन -1930, सायबर अपराध की रिपोर्ट www.cybercrime.gov.in अथवा report.fishing@sbi.co.in पर अवश्य करने का सुझाव दिया। कार्यक्रम के समापन पर नुक्कड़ नाटक के माध्यम से ग्राहकों, स्टाफ सदस्यों और पुलिस के जवानों में सायबर अपराध के प्रति जागरूकता विकसित करने का प्रयास किया गया। अतिथियों सहित उपमहाप्रबंधक राकेश कुमार सिन्हा और क्षेत्रीय प्रबंधक विभाष कुमार ने सायबर अपराध से बचने के लिए छत्तीसगढ़ के गांवो, कस्बों और शहरों में ग्राहकों और आम जनता में जागरूकता विकसित करने के लिए सायबर जागरूकता वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह सायबर जागरूकता वैन 02.12.2024 से 31.01.2025 तक सभी जिलों में वीडियो एवं ऑडियो माध्यम के साथ महत्वपूर्ण स्थानों पर नुक्कड़ नाटक आयोजित कर छत्तीसगढ़ के 33 जिलों में सायबर अपराध के प्रति ग्राहकों और आम जनता में जागरूकता विकसित करेंगी।

# कलेक्टर गौरव सिंह ने धान खरीदी केन्द्र का किया निरीक्षण

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com



रायपुर के कलेक्टर डॉ गौरव सिंह आरंग तहसील के मुख्यालय और खमतराई पहुंचे और व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। साथ कलेक्टर ने किसानों से बातचीत की। डॉ. सिंह ने कहा कि मौसम को देखते हुए धान खरीदने के बाद धान के बोरों को पॉलीथीन से ढ़क कर रखें, ताकि धान बारिश के पानी से भीग कर खराब ना हो। उन्होंने मास्टर मीटर से खरीदे गए धान की नमी चेक की और साथ ही अपने समक्ष खरीदे जा रहे धान को इलेक्ट्रॉनिक तौल से तौलाकर देखा। कलेक्टर ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा समर्थन मूल्य पर प्रति एकड़ 21 क्विंटल के दर से धान खरीदी की जा रही है। केन्द्र में आ रहे सभी किसानों से इस आधार पर धान खरीदी की जाए। साथ ही उन्हें किसी प्रकार की समस्या ना हो। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी विश्वदीप, सीएमएचओ मिथिलेश चौधरी, जिला शिक्षा अधिकारी विजय खंडेलवाल, एसडीएम पुष्पेन्द्र शर्मा, तहसीलदार सीता शुक्ला सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद थे।

*अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस*

# राजधानी रायपुर के साइंस कॉलेज मैदान में आज राज्यस्तरीय कार्यक्रम

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस के अवसर पर आज राजधानी रायपुर के साइंस कॉलेज मैदान में दोपहर 12 बजे से राज्यस्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा हैं। इस अवसर पर उल्लेखनीय कार्य करने वाले दिव्यांगजनों को सम्मानित भी किया जाएगा। समाज कल्याण तथा महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े कार्यक्रम में मुख्य अतिथि होंगीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता खेल एवं युवा कल्याण मंत्री टंकराम वर्मा करेंगे। राज्यस्तरीय समारोह में अति विशिष्ट अतिथि में सांसद बृजमोहन अग्रवाल, होंगे।

विशिष्ट अतिथि के रूप में विधायकगण राजेश मूणत, गुरू खुशवंत साहेब, पुरंदर मिश्रा, सुनील सोनी, मोतीलाल साहू, अनुज शर्मा, इंद्र कुमार साहू उपस्थित रहेंगे। अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस समारोह के अवसर पर राज्य भर से लगभग पांच हजार दिव्यांगजन शामिल होंगे।

# छत्तीसगढ़ में अब तक 20.54 लाख मीट्रिक टन धान की हुई खरीदी

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मार्गदर्शन में प्रदेश के किसानों से सुगमता पूर्वक धान की खरीदी की जा रही है। छत्तीसगढ़ में धान 14 नवम्बर से शुरू हुए धान खरीदी का सिलसिला अनवरत रूप से जारी है। राज्य में 14 नवम्बर से अब तक 20.54 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी हो चुकी है। राज्य में अब तक 4.36 लाख किसानों ने अपना धान बेचा है। धान खरीदी के एवज में इन किसानों को बैंक लिकिंग व्यवस्था के तहत 4285 करोड़ 74 लाख रूपए का भुगतान किया गया है। धान खरीदी का यह अभियान 31 जनवरी 2025 तक चलेगी। खाद्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि इस खरीफ वर्ष के लिए 27.68 लाख किसानों द्वारा पंजीयन कराया गया है। इसमें 1.45 लाख नए किसान शामिल है। इस वर्ष 2739 उपार्जन केन्द्रों के माध्यम से 160 लाख मीट्रिक टन धान खरीदी अनुमानित है। खाद्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि आज एक दिसम्बर को 45455 किसानों से 2.08 लाख मीट्रिक टन धान खरीदी की गई है। इसके लिए 62966 टोकन जारी किए गए थे। आगामी दिवस के लिए 38508 टोकन जारी किए गए हैं।

# टेम्पल कनेक्ट मीट्स रायपुर : स्मार्ट टेम्पल मिशन और तिरुपति में होने वाले आईटीसीएक्स 2025 पर विशेष चर्चा

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com



'टेम्पल कनेक्ट' ने हाल ही में ट्राइटन होटल में 'टेम्पल कनेक्ट मीट्स रायपुर' का सफल आयोजन किया। 'टेम्पल कनेक्ट' गिरीश कुलकर्णी द्वारा स्थापित पहल है। इस आयोजन में रायपुर, भिलाई और छत्तीसगढ़ के 34 से अधिक मंदिरों के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। टेम्पल कनेक्ट ने मंदिर के प्रतिनिधियों को फरवरी माह में तिरुपति में आयोजित होने वाले इंटरनेशनल टेम्पल्स कन्वेंशन और एक्सपो (आईटीसीएक्स) 2025 की जानकारी दी और साथ ही मंदिर के इकोसिस्टम को बेहतर बनाने के लिए स्मार्ट टेम्पल मिशन से परिचित कराया। छत्तीसगढ़ को अपनी सांस्कृतिक धरोहर के लिए जाना जाता है, क्योंकि इसे भगवान राम का ननिहाल यानि माता कौशल्या का मायका माना जाता है। ऐसे में, कार्यक्रम में मंदिर के प्रतिनिधियों और ट्रस्टीज़ का उत्साह देखते ही बना। उनके द्वारा मंदिर प्रबंधन पर अपने दृष्टिकोण साझा किए गए और आईटीसीएक्स 2025 के मिशन के साथ जुड़ने में उनके भीतर गहरी रुचि देखी गई। जो अंतर्दृष्टि और सीख मंदिर के स्थानीय प्रतिनिधियों द्वारा साझा की गई, उनसे निश्चित ही मंदिर में दर्शन के अनुभव को सुधारने में मदद मिलेगी। टेम्पल कनेक्ट और आईटीसीएक्स के संस्थापक, श्री गिरीश कुलकर्णी ने कहा, हम अपने देश के प्रतिष्ठित मंदिरों के अनुभवी संरक्षकों के साथ जुड़ने के लिए आभारी हैं। उनसे सीखने का अवसर मिलना हमारे लिए सम्मान का विषय है। स्मार्ट टेम्पल मिशन के माध्यम से, हमारा लक्ष्य मंदिर इकोसिस्टम को आधुनिक बनाना है, ताकि बेहतर तकनीक का उपयोग कर मंदिर में दर्शन करने जाने के अनुभव को और भी अधिक सहज और सुरक्षित बनाया जा सके। हम 2025 में आईटीसीएक्स को नए आयाम दे रहे हैं। हमें उम्मीद है कि दूसरे संस्करण में हमें रायपुर से दोगुनी संख्या में भागीदारी देखने को मिलेगी। इस महत्वपूर्ण आयोजन में सिरपुर के श्री गंधेश्वर नाथ मंदिर ट्रस्ट, सरायपाली के श्री दुर्गा मंदिर सेवा समिति ट्रस्ट, भिलाई के जगन्नाथ मंदिर और खल्लारी मंदिर के प्रतिनिधियों के साथ ही विभिन्न प्रतिष्ठित मंदिरों के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। यह आयोजन भारत के आध्यात्मिक और मंदिर इकोसिस्टम के विषय में छत्तीसगढ़ के महत्वपूर्ण योगदान को प्रदर्शित करने का माध्यम बना। इस कार्यक्रम का संचालन आईटीसीएक्स की राष्ट्रीय आयोजन समिति के सदस्य आदेश वर्मा और आईटीसीएक्स छत्तीसगढ़ की क्षेत्रीय आयोजन समिति के श्याम तांडी ने किया। इस प्रकार, यह प्रतिष्ठित मंदिरों और उनके प्रबंधकों को एकजुट करने का सार्थक माध्यम बन गया।

03 Dec. 2024 Pride Of Raipur

K.K. Solar
We Prodive Sale & Service in All Type of Solar Power Plant & Solar Water Heater.
WARRANTY
• 25 Years in Solar Pannel • 10 Years in Inverter
• 04 Unit Per Day Generation in 1KW.
• Finance Facility Available.
• We Provide AMC.
• System Available In Govenment Subsidy (PM Surya Ghar Yojana).
Add. : Near Gurunanak Hall, Shyam Nagar, Telebandha, Raipur (C.G.)
Mob. : 79995-86149, 99771-92290
रायपुर जिले के लिये लड़कों-लड़कियों की आवश्यकता है

RIDERZONE
SINCE 2017
▪ Helmet ▪ Riding Jacket ▪ Riding Gloves
▪ Riding Pant ▪ Riding Boot ▪ Accessories
A Complete Riding Gear Store
SHYAM NAGAR, RAPUR, CHHATTISGARH
CONTCAT - 80162-38584
FOLLOW US ON INSTAGRAM

जय श्री कृष्णा
अंकित बाउण्ड्रीवॉल
प्रीकास्ट चैनलिंक जाली पोल फेंसिंग
अब आपके बेशकीमती प्लाट को सुरक्षित रखना हुआ आसान
प्रिकास्ट, ब्रिक्स बाउण्ड्रीवाल, डी.पी. सी पोल फेंसिंग करवाने हेतु संपर्क करें ।
V.I.P. रोड रायपुर
98279-59655

भामरा गार्डन
सिरपुर-बारनवापारा
Book Now
01 ROOM 02 POOL 03 FOOD
KITTY PARTY
ANNIVERSARY
BIRTHDAY PARTY
9589386162, 7354929810

क्या आपके यहां बार - बार चोरी हो रही है ?
तो ब्रांडेड कैमरे ही लगवायें
हम सामान ही नही, सर्विस भी अच्छी देते है
शहर से बाहर गोडाउन, घर एवं शॉप को मोबाईल पर लाईव देखें
क्या आप सस्ते कैमरे लगवाकर नाखुश है ?
सेल्स एण्ड सर्विस के लिए संपर्क करे -
लक्ष्मी सिक्यूरिटी सिस्टम
91652-22223, 93292-94567

TENSILE SHADE
WE PERSENT ONLY THE BEST
CAR PARK SHADE
WEATHER PROTECTION
tensile + membrane + structure
R.B.Plus RAIPUR 81091 11313 86028 11220

होमलोन व मार्डगेज लोन
10 लाख से 10 करोड़ तक
राष्ट्रीयकृत एवं प्रतिष्ठित बैंक द्वारा
होम लोन ब्यज दर मात्र 8.70%*
मार्डगेज लोन ब्यज दर मात्र 9.50%*
वर्तमान होमलोन को ट्रांसफर करायें कम ब्याज दर पर 8.70% | पायें उतना ही अतिरिक्त लोन, होम लोन दर पर 8.70%*
SHRI SIDDHI VINAYAK FINACE
Near Samudayik Bhawan, Jorapara, Raipur
Mob.: 9329002356
नोट - बैंकिंग एवं फायनेंस सेक्टर में कार्य करने हेतु अनुभवी लड़कों की आवश्कता है।

विज्ञापन हेतु जगह उपलब्ध है।
9329846567
9827146567

Cartridge Refilling
Refiling @ Your Door Step
JB Mall, Lower Ground Floor, M.G. Road, Raipur (C.G.)
Callaway Print Your Omagination With Us..
9302787900, 9425211789

विज्ञापन के लिये संपर्क करें : 9827146567, 9329846567

# धान तिहार में 6 हजार 604 किसानों ने बेचा 37,229 मी. टन धान

पायनियर संवाददाता ◀ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

राज्य शासन के निर्देशानुसार खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 के अंतर्गत जिले के सभी उपार्जन केंद्रों में धान खरीदी का कार्य लगातार जारी है। जिला विपणन अधिकारी से प्राप्त जानकारी के अनुसार धान महोत्सव में अब तक जिले के कुल 55 हजार 577 पंजीकृत किसानों में से 6 हजार 604 किसान 7 हजार 174 हेक्टेयर रकबे का धान बेच चुके हैं। 1 दिसंबर की स्थिति में उपार्जन केन्द्रों में खरीदे गए धान की कुल राशि लगभग 85 करोड़ 63 लाख 17 हजार रूपए सीधे किसानों के खाते में भुगतान की जा चुकी है। शासन के निर्देशानुसार जिला प्रशासन द्वारा धान उपार्जन केन्द्रों में सुचारू रूप से धान की खरीदी हेतु सभी आवश्यक व्यवस्थाएं की गई है और किसी भी प्रकार की गड़बड़ी को रोकने के लिए नियमित निगरानी की जा रही है। जिले के सीमावर्ती क्षेत्रों में धान के अवैध परिवहन को रोकने के लिए चेक पोस्ट के माध्यम से लगातार जांच की जा रही है। धान खरीदी के दौरान किसानों को किसी प्रकार की परेशानी न हो इसका भी ध्यान रखा जा रहा है। धान बेचने वाले पंजीकृत किसान मोबाइल एप के माध्यम से ऑनलाइन टोकन कटा सकते हैं। सभी उपार्जन केन्द्रों में इलेक्ट्रॉनिक तौल यंत्र से धान खरीदी की जा रही है, जिससे किसानों को तौल करने में आसानी हो रही हैं।




### माइक्रो एटीएम से निकाल सकते हैं 10 हजार रुपए तक की राशि

किसानों के हित को ध्यान में रखते हुए जिले के सभी उपार्जन केन्द्रों में माइक्रो एटीएम की व्यवस्था की गई है। उपार्जन केन्द्रों में ही माइक्रो एटीएम से 10 हजार रुपए तक की राशि निकालने की सुविधा दी गई है। इससे किसानों को धान बेचने परिवहन के लिए किराये पर लिए गए वाहनों आदि का भाड़ा और हमाली मजदूरी का भुगतान करने में आसानी होगी और उन्हें बैंक जाने की भी आवश्यकता नहीं होगी।

# विधायक सावित्री मनोज मंडावी ने किया बैजनपुरी में विभिन्न भवनों का उदघाटन



पायनियर संवाददाता ◀ भानुप्रतापपुर
www.dailypioneer.com

ग्राम बैजनपुरी में पी. डी. एस.गोदाम लैंप्स भवन, महिला भवन और अतिरिक्त कक्ष के लोकार्पण मुख्यातिथि विधायक सावित्री मनोज मंडावी जी और अध्यक्षा सरपंच वंदना नेताम और विशिष्ट अतिथि जोन कांग्रेस अध्यक्ष अकरम कुरैशी, जिला सयुक्त महामंत्री गणेश सोनी, जिला युवक कांग्रेस उपाध्यक्ष शोएब अहमद, पूर्व जनपद सदस्य विजय नेताम कार्तिक जैन, वीरेंद्र कोरेटी, उत्तम सिन्हा, महेश भारती, समरेश शोरी, दुर्गा कैमरों की गरिमामई उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। तत्पश्चात हायर सेकेण्डरी स्कूल के प्रांगण में सभा को संबोधित करते हुए कहा कि आज आपको चार भवनों का सौगात देने आई हूँ और मैं अपने क्षेत्र के विकास के लिए हमेशा समर्पित रहूंगी छात्र-छात्राओं से निवेदन है कि आप खुब मेहनत करे प्रवीण्य सूची में आकर अपने स्कूल गांव और क्षेत्र का नाम रौशन करे आपके स्कूल शौचालय के लिए 2 लाख देने की घोषणा करती हु। इस अवसर पर रघुवीर तेता, माखन नेताम, सुरेन्द्र गोटा, संजय शोरी, मनोज देवांगन, गौकरण देवांगन, दिलीप नाग आदि उपस्थित थे।

# भानुप्रतापपुर में हल्ला बोल आंदोलन बांग्लादेश में हिंदुओं के अधिकारों की लड़ाई

पायनियर संवाददाता ◀ भानुप्रतापपुर
www.dailypioneer.com

भानुप्रतापपुर में 3 दिसम्बर 2024 को मंगल भवन में एक महत्वपूर्ण आयोजन होने जा रहा है। इस आयोजन में हल्ला बोल आंदोलन के तहत बांग्लादेश में अल्पसंख्यक समाज के अधिकारों के लिए संघर्ष प्रारंभ किया जाएगा। इस आयोजन में समस्त हिंदू समाज, धार्मिक संगठन, मंदिर समिति सदस्य और साधु संतों को आमंत्रित किया गया है। आयोजन में भारत सरकार को ज्ञापन दिया जाएगा और बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार को रोकने के लिए मांग की जाएगी।

### चिन्हित हिंसा के विरोध में

भानुप्रतापपुर क्षेत्र के समस्त नागरिक गण, माताएं,बहने,व्यापारी,समस्त मंदिर समिति,समस्त संघठन से पुनः आग्रह है अपनी अपनी उपस्तिथि सुनिश्चित करने की व्यवस्था बना कर एक जुट होकर विधर्मियो के विरोध में अपनी आक्रोश प्रकट करने के लिए एक जुटता प्रदर्शित कर इस आक्रोश रैली में सहभागी बनें।




# मुख्य चौक पर भारत माता की आरती की गई, बड़ी संख्या में लोग शामिल



पायनियर संवाददाता ◀ भानुप्रतापपुर
www.dailypioneer.com

भानुप्रतापपुर जय हिंद परिवार द्वारा समाज में शांति और सद्भाव को बढ़ावा देने के लिए एक अनोखा कार्यक्रम आयोजित किया गया। जय हिंद परिवार के सदस्यों ने कहा कि हमारा उद्देश्य समाज में शांति और सद्भाव को बढ़ावा देना है और हम हर महीने की 1 तारीख को मुख्य चौक में भारत माता की आरती का आयोजन करेंगे और हमें उम्मीद है कि यह कार्यक्रम इस उद्देश्य को पूरा करने में मदद करेगा।

# जनदर्शन में कलेक्टर ने सुनी आम नागरिकों की समस्याएं

पायनियर संवाददाता ◀ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

कलेक्टर कुणाल दुदावत ने जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक जनदर्शन में आम नागरिकों की विभिन्न मांगों एवं समस्याएं सुनीं। इस दौरान ग्राम डोंगरीगुड़ा के ग्रामीणों ने विभिन्न समस्याओं की अवगत कराते हुए सामुदायिक भवन की मांग की। स्थानीय जामकोटपारा के निवासियों ने सामुदायिक भवन निर्माण में गुणवत्ताहीन कार्य की शिकायत की। कलेक्टर ने उनकी शिकायत पर जिला पंचायत सीईओ एवं आरईएस विभाग को आवश्यक जांच के बाद रिपोर्ट प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया। कलेक्टर ने जिला पंचायत के सीईओ को आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया। ग्राम मसोरा के कमलेश सिंह ने खेत में बोर कनेक्शन के बिजली का पोल टूटने की जानकारी देते हुए नया पोल लगाने की मांग की। उनके आवेदन पर कार्यवाही के लिए सीएसईबी के कार्यपालन अभियंता को निर्देशित किया। ग्राम डोंगरीगुड़ा के ग्रामवासियों ने ग्राम सचिव के खिलाफ अनियमितताएं की शिकायत की, जिसकी जांच के लिए कलेक्टर ने सीईओ जिला पंचायत को निर्देशित किया। इसके अलावा आर्थिक सहायता, अतिक्रमण की शिकायत, निर्माण कार्य में लापरवाही सहित विभिन्न मांगों को लेकर 16 आवेदन प्राप्त हुए।



# शार्ट सर्किट से इलेक्ट्रॉनिक दुकान में लगी आग, लोगों की मदत से आग पर काबू पाया



पायनियर संवाददाता ◀ भानुप्रतापपुर
www.dailypioneer.com

सारथी इलेक्ट्रॉनिक की दुकान में अचानक आग लग गई। दमकल की गाड़ी नही पहुंचने पर स्थानीय लोगों की मदद से घंटे मशक्कत करने के बाद आग पर काबू पाया। बताया जा रहा है अचानक दुकान में शॉर्ट सर्किट हो गया. दुकान में रखा इलेक्ट्रॉनिक का समान आग की चपेट में आ गया और आग ने विकराल रूप ले लिया।

# नक्सलियों ने मोबाइल टावर को किया आग के हवाले

पायनियर संवाददाता ◀ बीजापुर
www.dailypioneer.com

बीजापुर के तोयनार क्षेत्रांतर्गत ग्राम मोरमेड़ में स्थापित जिओ मोबाईल टावर को माओवादियों ने किया आग के हवाले। रविवार के रात सादे वेशभूषा में अज्ञात माओवादियों के द्वारा ग्राम मोरमेड़ में स्थापित जिओं टावर में आगजनी किये, माओवादियों के द्वारा किये गये आगजनी से जिओं टावर में लगे उपकरण क्षतिग्रस्त हो गए घटनास्थल में माओवादियों के पश्चिम बस्तर डिवीज़न कमेटी द्वारा जारी पाम्पलेट छोड़े, मोरमेड़ में संचार सुविधा उपलब्ध कराये जाने हेतु यूएसओएफ योजना के तहत् ग्राम पंचायत मोरमेड़ में जिओ का मोबाइल टॉवर स्थापित किया गया था। जिओ की टीम की ओर से अगजनी सबंध में थाना तोयनार में आवेदन प्रस्तुत किया गया है। जन कल्याणकारी कार्यो के विरोधी माओवादियों के द्वारा बौखलाहट में इस प्रकार की घटना को अंजाम दिया जा रहा है। थाना तोयनार में सूचना पर प्राथमिकी दर्ज कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।




# देवांगन समाज के सुरेश बने अध्यक्ष, विनय बने सचिव




**कोंडागांव।** बृहद देवांगन समाज जिला कोंडागांव जिला का देवांगन समाज भवन कोंडागांव में चुनाव संपन्न हुआ। जिसमें चुनाव हेतु सर्वसम्मति से चुनाव पर्यवेक्षकों का नियुक्ति कर चुनाव हेतु पैनल आमंत्रित किया गया। इसमें सबसे पहले अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, कोषाध्यक्ष, सचिव व सहसचिव के लिए पैनल आमंत्रित किया गया। जिसमे किसान मितान एग्रो फर्म कोंडागांव के संचालक सुरेश कुमार देवांगन को अध्यक्ष के रूप में भारी मतों से विजयी रहे। इस पैनल से नगर पालिका परिषद कोंडागांव के पार्षद ललित कुमार देवांगन उपाध्यक्ष, राज ट्रेडर्स भागदेवा के संचालक हरिशंकर देवांगन कोषाध्यक्ष, व्याख्याता विनय कुमार देवांगन सचिव और गुलाब की खेती के लिए प्रसिद्ध श्यामपुर निवासी मिथिलेश देवांगन भारी मतों से विजयी रहे। चुनाव संपन्न कराने में जिला देवांगन समाज कोंडागांव के पूर्व जिला पदाधिकारी, नाइक, पाइक, मेहर, समस्त मंडल पदाधिकारी, महिला प्रकोष्ठ, युवा प्रकोष्ठ एवं समस्त सामाजिक जनों का भरपूर सहयोग रहा।

## मुफ्त बिजली मिलने के साथ हो रही है अतिरिक्त आय

# प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना से रोशन हुआ तालुकदार का घर

पायनियर संवाददाता ◀ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना शुरू की गई है, जिसके अंतर्गत शासन द्वारा शहरी एवं ग्रामीण घरेलु विद्युत उपभोक्ताओं को अपने घरों की छत पर रूफटॉप सोलर प्लांट स्थापित करने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। यह योजना बिजली के क्षेत्र में उपभोक्ताओं को आत्मनिर्भर बनाने के साथ-साथ हरित ऊर्जा के क्षेत्र में देश एवं राज्य को आगे बढ़ाने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। इस योजना से न केवल ऊर्जा संरक्षण को बढ़ावा मिल रहा है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण की दिशा में कारगर साबित हो रहा है। इस योजना के तहत स्थापित प्लांट नेट मीटरिंग द्वारा विद्युत ग्रिड से संयोजित की जाती है, जिससे खपत से अधिक उत्पादित बिजली ग्रिड में सप्लाई हाती है। इससे न केवल उपभोक्ताओं के घर की बिजली बिल जीरो हो रहा है, बल्कि ग्रिड में दी गई अतिरिक्त बिजली के एवज में उन्हें आय भी प्राप्त हो रही है। प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के ऐसे ही हितग्राही कोंडागांव स्थित विकास नगर निवासी शिवेश ताल्लुकदार हैं, उन्होंने योजना का लाभ उठाते हुए 5 किलोवाट का सौर पैनल संयंत्र अपने घर के छत पर लगाया है। शिवेश ने बताया कि, उन्होंने अपने पिता बिमल तालुकदार के नाम से पीएम सूर्य घर योजना के पोर्टल से 5 किलोवाट के सौर पैनल संयंत्र के लिए ऑनलाइन आवेदन किया था। आवेदन स्वीकृत होने के बाद उन्हें इसके लिए 78 हजार की सब्सिडी शासन के द्वारा प्राप्त हुई। शिवेश ने बताया कि, सौर पैनल स्थापना से पहले प्रति माह लगभग 4 हजार बिजली बिल आता था। उन्होंने बताया कि, सौर पैनल को लगाने के बाद बिजली बिल जीरो हो गई है और अभी तक उन्हें तीन महीने में 3 हजार का लाभ हो चुका है। इस पैनल से प्राप्त बिजली से घर की जरूरत के अनुसार खपत के बाद जो अतिरिक्त बिजली मिल रही है वो सीधे विद्युत मण्डल को सप्लाई होती है। इस अतिरिक्त बिजली के बदले उन्हें अतिरिक्त आय भी प्राप्त हो रही है। शिवेश ने पीएम सूर्य घर योजना की सराहना करते हुए बताया कि, सौर ऊर्जा संयंत्र से कार्बन उत्सर्जन में कमी आएगी, जिससे पर्यावरण संरक्षण में मदद मिलेगी।

उल्लेखनीय हैं कि, शासन द्वारा घर के छतों में सौर पैनल स्थापना के लिए हितग्राहियों को 30 से 78 हजार रुपए की सब्सिडी प्रति प्लांट दी जाएगी। रूफटॉप सोलर संयंत्र की क्षमता अनुसार 1 किलोवाट के लिए लगभग 65 हजार रुपए की लागत पर शासन द्वारा 30 हजार रुपए की सब्सिडी दी जाएगी, 2 किलोवाट के लिए 1 लाख 30 हजार रुपए की लागत पर 60 हजार रुपए की सब्सिडी और 3 किलोवाट से अधिक की सोलर संयंत्र के लिए 1 लाख 95 हजार की लागत पर 78 हजार रुपए की सब्सिडी दी जाएगी। इसमें हितग्राही का अंशदान 10 प्रतिशत रहेगा और शेष राशि के लिए बैंकों द्वारा 7 प्रतिशत की ब्याज दर पर ऋण उपलब्ध कराई जाएगी।



# थाना मिरतुर एवं नेलसनार की अलग-अलग कार्यवाही में 10 हजार के ईनामी माओवादी जनताना सरकार सदस्य, सीएनएम कमांडर सहित 3 माओवादी गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ◀ बीजापुर
www.dailypioneer.com

जिले में माओवादियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत् दिनांक 01 दिसंबर को थाना मिरतुर एवं 15/ई कंपनी छसबल चेरली की संयुक्त टीम साप्ताहिक बाजार प्रबंध पिनकोण्डा, एरिया डॉमिनेशन पर निकली थी । एरिया डॉमिनेशन पश्चात वापसी के दौरान पाटलीगुड़ा पुलिया के पास 02 संदिग्ध व्यक्ति पुलिस पार्टी को देखकर भागने का प्रयास कर रहे थे, जिन्हे पुलिस पार्टी द्वारा पकड़ कर पास रखे थैला की चेकिंग करने पर थैला से 05 किग्रा का टिफिन बम, कार्डेक्स वायर बरामद किया गया। पुलिस पार्टी द्वारा मौके पर ही विधिक कार्यवाही करते हुए मय विस्फोटक के 02 माओवादी जन मिलिशिया सदस्य को अपने हिरासत में लिया गया। सुरेश कारम (जन मिलिशिया सदस्य) पिता स्व0 कोसा कारम उम्र 24 वर्ष जाति मुरिया निवासी हुर्रेपाल थाना मिरतुर। राजेश माड़वी (जन मिलिशिया सदस्य) पिता स्व0 मंगू माड़वी उम्र 23 वर्ष जाति मुरिया निवासी हुर्रेपाल थाना मिरतुर। थाना नेलसनार की टीम द्वारा बोदली मरी नदी के किनारे से 01 माओवादी जनताना सरकार सदस्य/सीएनएम कमाण्डर दशरथ हेमला पिता वेल्ला ऊर्फ मंगू उम्र 29 वर्ष निवासी फुलादी कुंजामपारा थाना मिरतुर को पकड़ा गया। पकड़ा गया माओवादी दिनांक 17/04/20198 को नगर सैनिक राजूराम गोंदे की हत्या में शामिल था। जिसकी गिरफ्तारी के लिये पुलिस अधीक्षक बीजापुर द्वारा 10.00 हजार रुपए का ईनाम उद्घोषित है। पकड़े गये माओवादियों के विरूद्ध थाना मिरतुर एवं नेलसनार में वैधानिक कार्यवाही उपरान्त न्यायिक रिमाण्ड पर माननीय न्यायालय बीजापुर के समक्ष पेश किया गया है।



# स्कूली बच्चों के आय, जाति एवं निवास प्रमाण पत्र बनाने में लाएं प्रगति : अग्रवाल

पायनियर संवाददाता ◀ गरियाबंद
www.dailypioneer.com



कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में विभागीय योजनाओं में प्रगति के संबंध में समय-सीमा की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने विभिन्न विभागों में लंबित प्रकरणों की जानकारी लेकर सभी प्रकरणों का समय - सीमा में निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। कलेक्टर अग्रवाल ने बैठक में स्कूली बच्चों के आय, जाति, निवास प्रमाण पत्र निर्माण के प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने छुटे हुए बच्चों के प्रमाण पत्र बनाने के कार्यो में प्रगति लाने के निर्देश देते हुए साप्ताहिक प्रगति रिपोर्ट भी प्रस्तुत करने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने लोगों को योजनाओं से शत- प्रतिशत लाभान्वित करने के उद्देश्य से छुटे हुए पात्र लोगों के लिए विशेष रूप से सेचुरेशन कैम्प लगाने के निर्देश दिये। उन्होंने सेचुरेशन कैम्प के माध्यम से अधिक से अधिक लोगों को लाभान्वित करने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने इसके लिए सभी जनपद सीईओ को गंभीरतापूर्वक कार्य करने के निर्देश दिये। इस दौरान बैठक में अपर कलेक्टर अरविन्द पाण्डेय, सभी एसडीएम, सभी जनपद सीईओ सहित विभागीय जिला अधिकारी मौजूद रहे। कलेक्टर अग्रवाल ने समय-सीमा की समीक्षा बैठक में विभागवार लंबित प्रकरणों की जानकारी ली। उन्होंने जनपद पंचायत, पीडब्ल्यूडी, जल संसाधन, पीएचई, पीएमजीएसवाय, क्रेडा, समाज कल्याण एवं विद्युत विभाग सहित अन्य विभागों में लंबित प्रकरणों की जानकारी लेकर लंबित रहने के कारणों पर चर्चा की। कलेक्टर ने प्रकरणों को तेजी से निराकरण के लिए आवश्यक मार्गदर्शन एवं सुझाव भी दिये। उन्होंने कहा कि प्रकरणों को अधिक समय तक लंबित न रखा जाए। तेजी से प्रकरणों का निराकरण करते हुए लोगों को योजनाओं से लाभान्वित किया जाए। कलेक्टर ने खाद्य विभाग की समीक्षा करते हुए राशन कार्डो के ई-केवायसी की भी जानकारी ली। उन्होंने ई-केवायसी के लिए बचे हुए हितग्राहियों को जागरूक कर इस कार्य को तेजी से सम्पन्न करने के निर्देश दिये। इस दौरान कलेक्टर अग्रवाल ने गौरव गरियाबंद अभियान, आकांक्षी ब्लाक कार्यक्रम एवं विभागों में अनुकंपा नियुक्ति के प्रकरणों की भी जानकारी लेकर आवश्यक निर्देश दिये।

## जैविक खेती को बढ़ावा देने ग्राम-अमाड़ के कृषकों को दिया गया प्रशिक्षण

**गरियाबंद।** जैविक खेती को बढ़ावा देने के लिए जिले के दूरस्थ वनांचल क्षेत्र में स्थित ग्राम अमाड़ में किसानों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इसके तहत विकासखण्ड गरियाबंद एवं मैनपुर में जैविक खेती के क्षेत्र विस्तार एवं कृषकों को जैविक खेती हेतु प्रोत्साहित करने के उदेश्य से 450 एकड़ में उड़द एवं सुगंधित धान का फसल प्रदर्शन आयोजित किया गया है। जिसमें कृषकों को उड़द फसल प्रदर्शन में प्रति एकड़ आवश्यकतानुसार बीज, कीट व्याधि के उचित प्रबंधन हेतु माईकोराईजा, ट्राईकोडर्मा, सोलर लाईट ट्रेप एवं पोषक तत्व प्रबंधन हेतु पीएसबी, राईजोबियम, प्रोम आदि आदान सामाग्रियाँ अनुदान पर उपलब्ध कराई गयी है। उक्त आदान सामाग्रियों के समुचित उपयोग एवं कृषि तकनीकी की जानकारी देने हेतु उप संचालक कृषि चंदन कुमार रॉय के मार्गदर्शन में ग्राम पंचायत-अमाड़ में कृषक प्रशिक्षण का आयोजन किया गया, जिसमें जैविक खेती की उन्नत तकनीक, जैविक प्रमाणीकरण एवं विपणन के संबंध में कृषकों को विस्तृत जानकारी दी गई। प्रशिक्षण कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केन्द्र गरियाबंद से डॉ. तुषार मिश्रा, महेश कुमार पैकरा सहायक संचालक कृषि, वरूण कुमार साहू एवं नंदलाल देव ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों द्वारा प्रशिक्षण दिया गया।

# राठिया कंवर समाज के सामुदायिक भवन लोकार्पण कार्यक्रम संपन्न

पायनियर संवाददाता ◀ सरायपाली
www.dailypioneer.com



ग्राम पतेरापाली में राठिया कंवर समाज के सामुदायिक भवन लोकार्पण कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में धरमजयगढ़ विधायक लालजीत सिंह राठिया, अध्यक्षता क्षेत्रीय विधायक चातुरी नंद और विशिष्ट अतिथि के रूप में बिलाईगढ़ विधायक कविता प्राण लहरे शामिल हुई। कार्यक्रम में बूंदा बांदी बारिश के बावजूद सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण बाजे गाजे के साथ अतिथियों का धूमधाम से स्वागत सत्कार किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों और समाज प्रमुखों के द्वारा राठिया कंवर समाज के ईष्टदेव की पूजा अर्चना कर की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए धरमजयगढ़ विधायक लालजीत सिंह राठिया ने कहा कि समाज तरक्की की ओर अग्रसर हो रहा है। राठिया समाज शुरू से संघर्षशील रहा है। राठिया समाज के युवा विभिन्न पदों पर सुशोभित होकर समाज का मान बढ़ा रहे है और देश और समाज की सेवा कर रहे है।

कार्यक्रम को बिलाईगढ़ विधायक कविता प्राण लहरे ने भी संबोधित किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि राठिया समाज ने मुझे आमंत्रित कर जो सम्मान दिया है उसकी मैं सदैव ऋणी रहूंगी। समाज के विकास में मैं हरसंभव सहयोग करूंगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे स्थानीय विधायक चातुरी नंद ने कहा कि राठिया कंवर समाज का सहयोग और आशीर्वाद मुझे सदैव मिला है। राठिया समाज किसी परिचय का मोहताज नहीं है। समाज के लोग हर क्षेत्र में सफलता का परचम लहराकर समाज का नाम रोशन कर रहे है। विधायक नंद ने समाज प्रमुखों के मांग पर सामुदायिक भवन के अहाता निर्माण हेतु विधायक निधि से 3 लाख रूपये देने की बड़ी घोषणा भी की। कार्यक्रम में जनपद सदस्य सोनसाय बरिहा, बरतियाभांठा सरपंच हृदयानंद नायक, धानापाली सरपंच भुनेश्वर पटेल, ग्राम लोहड़ीपुर के सरपंच लीलाबाई सिदार, विधायक प्रतिनिधि घसिया सिदार, पुरुषोत्तम साहू, कौशलेंद्र सिंह राजपूत, महेश राम राठिया, दूध सिंह राठिया, रामप्रसाद राठिया, भोज सिंह राठिया समेत समाज प्रमुख और समाज के महिला पुरुष बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# बिना हेलमेट गाड़ी चलाना जिंदगी के साथ खिलवाड़ है, हेलमेट है जीवन सुरक्षित है : टी आई देशमुख



पायनियर संवाददाता ◀ लवन
www.dailypioneer.com

आज के आधुनिक जीवन शैली एवं भागमभाग के चक्कर में लोग बेवजह तेज रफ्तार गाड़ी चलाते हुए अक्सर सड़कों पर देखे जा सकते हैं जिन पर लगाम कसने के लिए लगातार यातायात पुलिस हमेशा मुस्तैदी के साथ कार्रवाई करते हुए स्थिति में सड़कों पर देखे जा सकते हैं। उसी परिप्रेक्ष्य में लगातार यातायात पुलिस कसडोलभी पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल के कुशल निर्देश पर कार्रवाई करते हुए जागरूकता अभियान चलाकर बिना हेलमेट वाहन चालकों एवं बिना सीट बेल्ट पहने चार पहिया वाहन चालकों के खिलाफ ताबड़तोड़ कार्रवाई किये जा रहे हैं जिससे बहुत हद तक लोगों में जागरूकता दिख रही है पहले की अपेक्षा अब लोग हेलमेट पहनकर गाड़ी चलाते हुए दिखाई दे रहे हैं। इस सम्बंध में कसडोल यातायात थाना प्रभारी देशमुख एवं ए एस आई जनक यादव ने बताया कि उनका अभियान लगातार जारी है।

# निगम आयुक्त से शहरवासियों की अपेक्षा बढ़ी

पायनियर संवाददाता ◀ धमतरी
www.dailypioneer.com

नगर निगम धमतरी में आयुक्त के पद पर महिला अधिकारी की नियुक्ति किये जाने के बाद शहरवासियों की उम्मीद काफी बढ़ गई है। ज्यादातर महिलाएं अपनी महत्वपूर्ण समस्याओं के स्थायी निराकरण के नाम पर अभी भी आयुक्त की ओर टकटकी लगाये दिखाई पड़ते हैं। फिर भी आज की तारीख में जो स्थिति है, उसके अनुसार शहर की तस्वीर अभी भी यथावत है। भले ही आयुक्त के पद पर नई नियुक्ति राज्य शासन द्वारा कर दी गई है। छोटी-छोटी समस्याओं को लेकर रोजाना अलग-अलग वार्डों की रहने वाली महिलाएं एवं महिला संगठन से जुड़े ज्यादातर सदस्यगण कार्यालयीन अवधि में पहुंचकर आयुक्त से भेंट कर अपनी जायज मांगें प्रस्तुत कर त्वरित निराकृत किये जाने की अपेक्षा करती हैं। आश्वासन मिलने के बाद वे अपने गंतव्य के लिये लौट जाती हैं। फिर भी महीनों व्यतीत हो जाने के बाद भी समस्याओं का स्थायी निराकरण नहीं हो पाने से वे पुनः निगम की दहलीज पर दिखाई देते हैं। राज्य शासन के नगरीय निकाय विभाग द्वारा आगामी नगरीय निकाय चुनाव को विशेष रूप से ध्यान में रखते हुए प्राथमिकता के तौर पर धमतरी नगर निगम कार्यालय में आयुक्त के पद पर एक जवाबदार सुलझी हुई महिला अधिकारी की नियुक्ति की गई है किंतु लंबे समय से यहां पदस्थ कुछ अधिकारी, कर्मचारी अपनी बातों से उन्हें अनभिज्ञ कर गुमराह करने के साथ साथ समय पर संबंधित आवेदकों के मामले को अटकाने में अपनी भूमिका का निर्वहन करते हैं। फलस्वरूप आश्वस्त करने वाली आयुक्त को पुनः ऐसे प्रार्थियों के बढ़ते रोष का सामना करने विवश होना पड़ता है। हालांकि आयुक्त ने पदभार ग्रहण करने के बाद शहर की छोटी-बड़ी समस्याओं एवं यहां पहुंच रहे आवेदकों से प्रत्यक्ष भेंट कर उनकी समस्याओं का हर संभव समयावधि में हल किये जाने की पहल किये

# मकेश्वर वार्ड के स्कूली बच्चों को स्वेटर, कपड़ा वितरण





पायनियर संवाददाता ◀ धमतरी
www.dailypioneer.com

शासकीय प्राथमिक मकेश्वर वार्ड स्कूल में बच्चों को 47 स्वेटर वितरण किया गया। रमेश संतोष मिन्नी के सालगिरह एवं ऋषभ पर्व मिनी के बर्थडे के उपलक्ष्य में शासकीय प्राथमिक मकेश्वर वार्ड स्कूल में बच्चों को ठंड देखते हुए 47 स्वेटर का वितरण किया गया एवं हिंदू अनाथालय में 37 बच्चों को जरूरतमंद कपड़े वितरित किए गए। बर्थडे सालगिरह मनाने का यह अनोखा संगम है जिससे जरूरतमंदों की पूर्ति होती है एवं अपने आप में एक आत्मिक खुशी मिलती है। इस अवसर पर स्कूल के सभी स्टाफ टीचर उपस्थित थे और ऋषभ पर्व मिनी ने बच्चों को शाकाहारी बनने के लिए प्रेरित किये। उन्होंने अपने शब्दों में कहा कि हम यदि जीव हिंसा करेंगे तो हमें बहुत पाप मिलता है और हमारा जन्म नरक की ओर धकेलता है। इसलिए इस जन्म में हमें मानव जन्म मिला है। हमारे पुण्य का उदय है तो हम इस जन्म भी अच्छे कार्य करें तो हमारा अगला जन्म भी अच्छा हो। छोटे से बालक का संदेश सुन कर स्कूल के टीचर आत्म विभोर हो गए और उन्हें बहुत सारी शुभकामनाएं एवं आशीर्वाद दिया।

# सेंट जेवियर के बच्चों ने धन्यवाद ज्ञापन दिवस पर स्वच्छता का संदेश दिया

पायनियर संवाददाता ◀ धमतरी
www.dailypioneer.com




सेंट जेवियर्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल संस्था के चेयरमैन डॉ एएफ पिंटो एवं मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ ग्रेस पिंटो के निर्देशन में धन्यवाद ज्ञापन दिवस मनाया गया। इस अवसर पर विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। समारोह चर्च ऑफ गार्ड के पास्टर जेम्स राम भंडारी के मुख्य आतिथ्य में हुआ। भंडारी ने संस्था की ओर से ईश्वर को धन्यवाद दिया। उन्होंने संस्था के संचालक डॉक्टर एफ पिंटो एवं संस्था से जुड़े हर एक स्टाफ एवं बच्चों की ओर से ईश्वर को धन्यवाद दिया। उन्होंने अपने धन्यवाद ज्ञापन में धमतरी, छत्तीसगढ़ एवं पूरे देश की सुख शांति और समृद्धि के लिए ईश्वर को धन्यवाद देते हुए स्कूल के सभी छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों को ईश्वर से जोड़ा और दिवस की प्रासंगिकता को स्पष्ट करते हुए कहा कि ईश्वर ने अपनी खूबसूरत रचना में प्रकृति के हर तत्व को महत्वपूर्ण माना है। इसका संरक्षण एवं संवर्धन करना हम सभी का महत्वपूर्ण कर्तव्य है। हम सभी ईश्वर के अंश हैं और हम सबका यह परम कर्तव्य है कि हम उसके प्रति कृतज्ञता और धन्यवाद का भाव अपने कदम.कदम पर रखें और उसे धन्यवाद दें। इस अवसर पर उन्होंने स्कूल के प्रांगण में पौधारोपण भी किया। इस पवित्र दिवस के अवसर पर स्कूल के बच्चों द्वारा पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन की दिशा में एक कदम आगे बढ़ते हुए रुद्री चौक एवं आरटीओ ऑफिस के आसपास सफाई करते हुए स्वच्छता का संदेश दिया। स्वच्छता अभियान में कक्षा छठवीं से आठवीं तक के बच्चों ने अपने हाथ में झाड़ू एवं कूड़ा उठाने वाले पात्र को लेकर बड़ी तन्मयता से इस कार्यक्रम को सफल बनाया और लोगों में स्वच्छता का संदेश दिया। स्वच्छता अभियान में स्कूल के शिक्षक नागेश साहू, अक्षत अग्रवाल, रविशंकर तिवारी एवं शिक्षिका शाहीना परवीन तथा सिद्धि मिश्रा ने छात्र.छात्राओं का मार्गदर्शन किया। इस दिवस पर कार्यक्रम की सफलता के लिए संस्था की प्राचार्य मृणालिनी सिंह ने कार्यक्रम से जुड़े सभी लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया और बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

# 5वीं सीनियर स्टेट ओपन वुडबॉल चैंपियनशिप में प्रदेश के खिलाड़ियों ने अपने बेहतरीन प्रदर्शन से खेल जगत में एक नया कीर्तिमान स्थापित किया

पायनियर संवाददाता ◀ गरियाबंद
www.dailypioneer.com




गरियाबंद जिले के पंडुका में आयोजित 5वीं सीनियर स्टेट ओपन वुडबॉल चैंपियनशिप में प्रदेश के खिलाड़ियों ने अपने बेहतरीन प्रदर्शन से खेल जगत में एक नया कीर्तिमान स्थापित किया। इस चैंपियनशिप में मिक्स डबल्स के मुकाबले में श्रृंगी शर्मा और चंचल खुंटे की जोड़ी ने अपनी रणनीति, धैर्य और कौशल का उत्कृष्ट परिचय देते हुए कांस्य पदक हासिल किया। इस जोड़ी ने शुरुआती दौर से ही अपना वर्चस्व दिखाया और कठिन मुकाबलों में अपनी जगह बनाते हुए प्रदेश का गौरव बढ़ाया। टीम इवेंट में भी शानदार प्रदर्शन देखने को मिला। बलौदा बाजार के लड़कों की टीम ने अपने दमदार खेल और बेहतरीन तालमेल के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया। उनकी जीत इस बात का प्रमाण है कि कड़ी मेहनत और समर्पण के बल पर कोई भी लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। वहीं, लड़कियों की टीम ने भी अपने हुनर और सामूहिक प्रयासों से दूसरा स्थान हासिल कर पूरे जिले को गर्व महसूस कराया। यह चैंपियनशिप खेल प्रेमियों और प्रतिभागियों के लिए एक महत्वपूर्ण मंच साबित हुई, जहां राज्य भर के खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। गरियाबंद के पंडुका में आयोजित यह टूर्नामेंट न केवल वुडबॉल के खेल को बढ़ावा देने में सहायक रहा, बल्कि युवाओं को प्रेरित करने का एक मजबूत जरिया भी बना। प्रदेश के खेल विभाग और आयोजकों ने इस आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। विजेता खिलाड़ियों को खेल प्रेमियों, प्रशिक्षकों और अधिकारियों ने बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस सफलता के बाद वुडबॉल को लेकर युवाओं में एक नई ऊर्जा और उत्साह देखा जा रहा है। चैंपियनशिप के परिणामों ने यह साबित कर दिया है कि प्रदेश के खिलाड़ी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाने में सक्षम हैं। इस खास मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में गरियाबंद के कलेक्टर दीपक कुमार अग्रवाल ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। उन्होंने खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते हुए वुडबॉल जैसे खेल को राज्य स्तर पर बढ़ावा देने की आवश्यकता पर जोर दिया। मुख्य अतिथियों में जितेंद्र पटेल सचिव, साजन साहू, उप सचिव, राकेश कुमार शर्मा चैंपियनशिप का उद्देश्य राज्य के युवाओं में खेल भावना को प्रोत्साहित करना और वुडबॉल जैसे उभरते खेल को राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाना है। आयोजन स्थल पर खेल प्रेमियों की भारी भीड़ उमड़ी, जिसने टूर्नामेंट को और भी खास बना दिया।

## स्कॉउट गाइड तैयार कर रहा अपने 'पत्रकार'

# बलौदाबाजार से मुरित श्रीवास एवं कोरबा से लोकनाथ सेन सम्मिलित हुए राज्य स्तरीय कार्यशाला में

पायनियर संवाददाता ◀ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



भारत स्कॉउटस एवम गाइडस छत्तीसगढ़ के रायपुर स्थित राज्य मुख्यालय ने एक अनूठी पहल की। छत्तीसगढ़ राज्य बनने के 24 वर्ष के इतिहास में पहली अपने स्कॉउटस और गाइडस को पत्रकारिता की विभिन्न विधाओं से परिचित करवाया गया। ये पहला अवसर था, जब प्रदेश के 33 जिलों के जिला प्रभारियों को प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक, वेब व न्यू मीडिया में काम करने के गुर सिखाए गए। मीडिया कार्यशाला का उद्घाटन कुशाभाऊ ठाकरे राष्ट्रीय पत्रकारिता विश्वविद्यालय के कुलपति बलदेव शर्मा ने किया। इस अवसर पर शर्मा ने कहा कि स्काउटिंग की शुरुआत से अब तक इसका उद्देश्य सार्थक रहा है। उन्होंने कई उदाहरण देते हुए पत्रकारिता की महत्ता को स्पष्ट किया। उन्होंने कहा कि इस भागदौड़ भरे जीवन में हमारे अच्छे कार्य लोगों तक पहुंचे, यही इस मीडिया कार्यशाला की सार्थकता है। उदघाटन सत्र की अध्यक्षता भारत स्कॉउटस एवम गाइडस छत्तीसगढ़ के मुख्य राज्य आयुक्त डॉ सोमनाथ यादव ने की। डॉ यादव ने संबोधित करते हुए कहा कि हम ब्लॉक लेवल तक स्काउटिंग के कार्य व गतिविधियां कर रहे हैं। हम सेवाकार्यों के साथ-साथ बच्चों को संस्कार देने का कार्य भी करते हैं। स्काउट व गाइड के जरिये बच्चों का व्यक्तित्व विकास भी करते हैं। ऐसे बच्चे जो स्काउटिंग में नहीं है या जिनके अभिभावक स्काउटिंग के लाभ नहीं जान पाए हैं, उनतक यह बात पहुंचे। इस हेतु यह कार्यशाला मील का पत्थर साबित होगी। डॉ यादव ने कहा कि इससे अन्य बच्चे भी स्काउट व गाइड की तरफ आकर्षित होंगे। आपको बता दें कि डॉ सोमनाथ यादव की पहल पर ही ये कार्यशाला आयोजित की गई। मीडिया कार्यशाला में पत्रकार मनोज सिंह बघेल ने इलेक्ट्रॉनिक मीडिया की कार्यप्रणाली समझाई। उन्होंने न्यूज़ चैनल्स में वीडियो व बाइट की महत्ता पर भी प्रकाश डाला। बघेल ने कहा कि इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में स्क्रिप्ट छोटी होती है, लेकिन अच्छे विसुअल्स पर जोर दिया जाता है। प्रिंट मीडिया की बारीकियां वरिष्ठ पत्रकार विशाल यादव ने समझाई। उन्होंने कहा कि समाचार का शीर्षक आकर्षक होना चाहिए। प्रिंट में फोटो भी महत्वपूर्ण होता है। वरिष्ठ पत्रकार प्रियंका कौशल ने न्यू मीडिया के बारे बताया। डिजिटल प्लेटफार्म की कार्यप्रणाली समझाई। साथ ही सोशल मीडिया की प्रासंगिकता पर भी प्रकाश डाला। स्काउट्स व गाइड्स राज्य मुख्यालय के बूढ़ा तालाब स्थित दफ़्तर में बलौदा बाजार जिले के प्रतिनिधि जे रूप मे प्रधान पाठक एवं स्काउट मास्टर मुरित श्रीवास, कोरबा जिला प्रतिनिधि के रूप मे शिक्षक एवं एडवांस स्काउट मास्टर लोकनाथ सेन सहित प्रदेश के प्रत्येक जिले से आये हुए 33 जिला प्रभारियों ने भाग लिया। ये पहला मौका था, जब स्काउट्स ने विज्ञप्ति लिखना और वीडियो शूट करने की प्रक्रिया सीखी। कार्यशाला के बाद स्काउट व गाइड के राज्य सचिव कैलाश सोनी ने आभार माना। कार्यक्रम का संचालन संयुक्त सचिव शिवानी गणवीर ने की। इस अवसर पर राज्य के अन्य पदाधिकारीगण भी मौजूद रहे।

# महतारी शक्ति ऋण योजना प्रदेश की महतारियों को सशक्त बनाने का बनेगा मजबूत माध्यम : रंजना साहू

पायनियर संवाददाता ◀ धमतरी
www.dailypioneer.com



सीएम विष्णुदेव साय की ओर से छत्तीसगढ़ में महिलाओं के लिए एक और योजना शुरू कर दी गई है। महतारी वंदन के बाद महिलाओं के हाथों को मज़बूत करने बड़ी पहल करते हुए महतारी शक्ति ऋण योजना की पहल की जा रही है जिसके तहत महिलाओं को स्वरोज़गार के लिए 25 हज़ार का ऋण बिना किसी औपचारिकता के उपलब्ध कराया जाएगा। इधर भाजपा प्रदेश प्रवक्ता पूर्व विधायक रंजना साहू ने इस निर्णय का स्वागत करते हुए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का प्रदेश की महिलाओं की ओर से आभार करते हुए धन्यवाद किया। साहू ने बताया मुख्यमंत्री साय प्रदेश की प्रत्येक महिलाओं के प्रति जो प्रतिबद्ध है। जहाँ महतारी वंदन योजना के तहत प्रत्येक माह 1000 रू की सहयोग राशि महिलाओं के खाते में भेज कर उनके उत्थानार्थ बड़े भाई की भूमिका निभा रहे हैं। वहीं अब हमारी मातृशक्ति को स्वरोज़गार देने महतारी शक्ति ऋण योजना लाकर उन्हें उनके पैरों पर और मज़बूती से खड़े होने का बल दे रहे हैं। जिन महिलाओं का ग्रामीण बैंक में खाता है उन्हें बिना किसी औपचारिकता के यह ऋण का लाभ मिल सकेगा जिसके तहत उन्हें 25 हज़ार रू का ऋण मिलेगा जिससे वे अपना स्वयं का रोज़गार प्रारंभ कर अपने जीवन को आसान बना सकेंगी। यह निर्णय प्रदेश की महतारियों को सशक्त बनाने का मज़बूत कारण बनेगा।

# क्रिकेट समापन कार्यक्रम बलौदा में सम्मिलित हुए प्रखर

पायनियर संवाददाता ◀ सरायपाली
www.dailypioneer.com



बलौदा में लिजेंड क्रिकेट का आयोजन किया गया जिसके समापन कार्यक्रम में संगम सेवा समिति के संस्थापक प्रखर अग्रवाल मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए क्रिकेट प्रेमियों का उत्साह बढ़ाते हुए प्रखर ने सभी खिलाड़ियों अभिवादन किया, और कहा कि खेल खिलाड़ियों के प्रोत्साहन के लिए मेरा हमेशा से ही सकारात्मक विचार रहा है क्योंकि खेल से स्वस्थ तन की स्वस्थ तन से स्वस्थ मन और स्वस्थ मन से ही स्वस्थ जीवन की शुरुआत होती है विजेता के रूप में रेड इलेवन ने प्रथम स्थान प्राप्त किया वही उप विजेता ग्रिन इलेवन की टिम रही।

# कलेक्टर ने राजस्व अधिकारियों की बैठक लेकर की कार्यों की समीक्षा

■ राजस्व प्रकरणों के निराकरण लंबित होने पर होगी कार्यवाही

पायनियर संवाददाता ∢ दुर्ग
www.dailypioneer.com



कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने सभी अनुविभागीय अधिकारियों को राजस्व से संबंधित प्रकरणों का विशेष अभियान चलाकर 13 दिसम्बर 2024 के भीतर निराकरण करने के निर्देश दिए। सभी अनुविभागीय अधिकारी व तहसीलदार समय-सीमा के बाहर प्रकरणों का निराकरण शीघ्रता से पूर्ण करें। राजस्व वसूली में किसी प्रकार की कोताही न बरती जाये। तहसीलदार स्वविवेक से राजस्व वसूली में विशेष ध्यान देवें। कलेक्टर ने कहा कि धान उपार्जन केंद्र पर आने वाले छोटे एवं सीमांत किसानों के धान को प्राथमिकता के आधार पर खरीदा जाए। समिति में किसी प्रकार का बाहरी धान न आये, इस पर विशेष ध्यान दिया जाए। बैठक में कलेक्टर ने जिले में राजस्व संबंधित होने वाली गतिविधियों की गहन समीक्षा की। उन्होंने सभी राजस्व अनुविभागीय अधिकारियों, तहसीलदारों से राजस्व संबंधी लंबित मामलों की जानकारी ली एवं आवश्यक निर्देश देते हुए लंबित प्रकरणों को शीघ्र पूर्ण करने को कहा। उन्होंने विवादित नामांतरण, विवादित खाता विभाजन एवं नक्शा सुधार के कार्यों को पटवारी से समन्वय कर खाता विभाजन के कार्यों को सुनिश्चित करने कहा। बैठक में कलेक्टर ने बंटवारा, सीमांकन, व्यपवर्तन, नामातरण, खाता विभाजन सहित सभी राजस्व प्रकरणों के निराकरण की स्थिति की विस्तार से समीक्षा की। कलेक्टर ने मुख्यमंत्री जनदर्शन व कलेक्टर जनदर्शन के अंतर्गत राजस्व संबंधी लंबित प्रकरणों को शीघ्रता से निराकरण करने के निर्देश दिये। इसके अलावा नक्शा बटांकन के कार्यों के संबंध में तहसीलदारों को निर्देशित किया कि मैदानी क्षेत्रों का निरीक्षण कर जमीन की वस्तुस्थिति जांच की जाए एवं नक्शा बटांकन किया जाना भी सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने शासकीय भूमि से कब्जा हटाने के भी निर्देश दिये। इसके अलावा भू-अर्जन के लंबित प्रकरणों एवं मुआवजा भुगतान, भारतमाला परियोजना, राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के प्रकरणों का भी त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिये। प्रभावित लोगों को मुआवजा प्रदान करने में किसी भी प्रकार का विलंब न हो। उन्होंने सभी सहायक अधीक्षक भू-अभिलेख (एएसएलआर) को आबंटित अपने-अपने तहसीलों का निरीक्षण कर उचित कार्यवाही करते हुए एसडीएम को सूचित करने के निर्देश दिए। उन्होंने भू-अभिलेख को सुधार करने के निर्देश दिये। विशेषतौर पर अनुविभागीय अधिकारी, तहसीलदारों से समन्वय बनाकर भू-अभिलेख संबंधी प्रकरणों को निराकरण करने के निर्देश दिये। उन्होंने सभी तहसीलदार नक्शा नवीनीकरण कार्य को शीघ्र करने के उपरांत मूल कार्यालय में प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें। अनुविभागीय अधिकारी गंभीरता से निरकरण करें।

राजस्व प्रकरणों के निराकरण में किसी भी प्रकार की लापरवाही बरतने पर कार्यवाही होगी। उन्होंने स्वामित्व से संबंधित प्रकरणों का निराकरण 13 दिसम्बर 2024 तक पूर्ण कर लेनें को कहा। राजस्व वसूली को लेकर कलेक्टर ने सभी व्यवसायिक व औद्योगिक क्षेत्र से राजस्व कर वसूली किया जाना सुनिश्चित करने कहा। बैठक में एडीएम अरविंद एक्का, अपर कलेक्टर मुकेश रावटे, दुर्ग एसडीएम हरवंश सिंह मिरी, धमधा एसडीएम सोनल डेविड, पाटन एसडीएम लवकेश ध्रुव और भिलाई एसडीएम महेश सिंह राजपूत सहित सभी तहसीलदार, सहायक अधीक्षक भू-अभिलेख उपस्थित थे।

## धान खरीदी की नई नीति से किसानों के जीवन में आई नयी आशा

पायनियर संवाददाता ∢ दुर्ग
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ शासन के ऐतिहासिक निर्णय ने राज्य के किसानों के जीवन में नई उम्मीदें जगाई हैं। 3100 रुपये प्रति क्विंटल की दर से धान की समर्थन मूल्य पर एवं 21 क्वि. प्रति एकड़ खरीदी ने किसानों के चेहरों पर मुस्कान लौटा दी है। यह निर्णय न केवल किसानों की मेहनत का सम्मान करता है बल्कि उन्हें आर्थिक रूप से मजबूत बनाने का भी एक प्रयास है। दुर्ग जिले में कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देश में धान उपार्जन केंद्रों पर किसानों की उपज की खरीदी सुचारू रूप से चल रही है। किसानों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए प्रशासन पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। जिले के दुर्ग ब्लॉक अंतर्गत ग्राम कोनारी के किसान अश्विनी कुमार साहू ने अपनी आधी एकड़ की जमीन से 11.20 क्विंटल धान की उपज ली और उसे समर्थन मूल्य पर बेच दिया। उन्होंने बताया, ''मुझे इस बात की बहुत खुशी है कि सरकार ने किसानों के हितों का ख्याल रखा है। धान बिक्री से मिली राशि से मैं अपना बैंक से लिया कर्ज चुका दूंगा और बच्चों की पढ़ाई का खर्च भी निकाल लूंगा।'' कृषक अश्विनी कुमार ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का आभार व्यक्त करते हुए कहा, ''मुख्यमंत्री साय के इस निर्णय ने हमारे जीवन में एक नयी आशा लाई है।

## साथी बाजार का होगा संचालन रूआबांधा में, महिलाओं की भी होगी भागीदारी

**दुर्ग।** जिले में रूआबांधा बीज निगम प्रक्षेत्र में साथी बाजार का संचालन किया जाना प्रस्तावित है, जिसके भूमि पूजन कार्यक्रम एवं एफपी.ओ. फेडरेशन गठन के संबंध में जिला पंचायत सभागार में बैठक आयोजित की गई। साथी बाजार का संचालन पूर्ण रूप से एक फेडरेशन के द्वारा किया जाना है। उक्त फेडरेशन में दुर्ग जिले के अंतर्गत समस्त एफपी.ओ./एफपी.सी. के सदस्यों द्वारा निर्मित फेडरेशन के माध्यम से साथी बाजार का संचालन किया जाना है। इस हेतु जिले के समस्त फार्मर प्रोड्यूसर आर्गेनाईजेशन, कंपनी के डायरेक्टर एवं बी.ओ.डी. के सदस्यों की बैठक आयोजित की गई। जिला पंचायत सीईओ ने कहा कि फेडरेशन निर्माण के लिए आवश्यक कार्य किया जाना है। बैठक में फेडरेशन के सदस्य बनने के लिए अंशपूंजी का निर्धारण किया गया। प्रति एफपी.ओ. अंशपूंजी की भागीदारी का निर्णय लिया गया। साथ ही संचालक मंडल हेतु नाम का प्रस्ताव व एफपी.ओ. में सदस्यों की संख्या का निर्धारण किया गया। इसके साथ ही साथी बाजार संचालन में महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित किया गया।



## पीएम आवास योजना 2.0 रैपिड एसेसमेंट सर्वे का कार्य 10 दिसम्बर तक

पायनियर संवाददाता ∢ भिलाई
www.dailypioneer.com



आवास हेतु रैपिड एसेसमेंट सर्वे काय्र 15 नवम्बर से 10 दिसम्बर तक किया जा रहा है। नागरिको की सुविधा के लिए निगम के सभी पांच जोन कार्यालय में शिविर लगाया जा रहा है। जिसका समय सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक चलेगा। बीएलसी हितग्राही जिनके पास स्वयं का जमीन, भूखण्ड पटटा है, पैसे की कमी के कारण अपना पक्का मकान निर्माण नहीं कर पा रहे है उनके लिए यह योजना बहुत उपयोगी है। प्रथम फेस में कुल 5120 मकान का आबंटन स्वीकृत हुआ था। जिसमे से 4929 मकान पूर्ण हो गया है हितग्राही अपने मकान में निवास कर रहे है। वर्तमान में 191 मकान निर्माणाधीन है, प्रथम फेस में 15.08.2015 तक का लिया गया था। द्वितीय फेस 17.09.2024 विश्वकर्मा पूजा के दिन मान. प्रधानमंत्री जी द्वारा शुभांरभ किया गया। सर्वे के लिए आवश्यक दस्तावेज 1. लाभार्थियों को निर्धारित कट आफ तिथि 31.08.2024 से पूर्व निगम भिलाई क्षेत्र में निवासरत होने का दस्तावेज। 2. देश में कहीं भी स्वंय का मकान नहीं होना चालिए, इसके लिए निर्धारित प्रपत्र में शपथ पत्र प्रस्तुत करना है। 3. परिवार की वार्षिक आय 3 लाख से कम होना चाहिए। 4. भूमि स्वामित्व दस्तावेज पट्टा/रजिस्ट्री/आबादी पटटा प्रमाण पत्र। अन्य आवश्यक वैकल्पिक दस्तावेज 1. दिव्यांग हो तो 2. वरिष्ठ नागरिक हो तो 3.शासन की अन्या योजना से लाभ संबंधी दस्तावेज 4. बीपीएल राशन कार्ड परिवार का। नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्रांतर्गत पीएम आवास योजना 2.0 के सुचारू रूप से क्रियान्वयन के लिए किये जा रहे प्रयास- 1. सभी जोन कार्यालय में शिविर का आयोजन किया गया है।

## जिले में पहली बार सर्व सुविधायुक्त सेक्टर 4 बोरिया मार्केट में आधुनिक शौचालय निर्माण का कार्य प्रारंभ

पायनियर संवाददाता ∢ भिलाई
www.dailypioneer.com



नगर पालिका निगम भिलाई के भिलाई स्टील प्लांट क्षेत्र में स्थित सेक्टर 4 बोरिया मार्केट में आधुनिक सर्व सुविधायुक्त सार्वजनिक शौचालय का कार्य प्रारंभ हो गया है। जिले में पहली बार इस प्रकार का 10 सीट वाला शौचालय बन रहा है, जो बायोडिग्रेडेबल, पूरी तरह से आधुनिक, प्रदूषण मुक्त होगा। स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत इसका निर्माण किया जा रहा है। बोरिया मार्केट के पास सार्वजनिक शौचालय नहीं होने से लोगों को तकलीफहो रहा था। विशेष करके मार्केट के व्यवसायी, आने जाने वाले नागरिक, भिलाई स्टील प्लांट में कार्य करने वाले कर्मी, ठेका कर्मचारी, वहां पर गाड़ी खड़ा करने वाले ट्रक, डंपर आदि को परेशानी हो रही थी। गौरतलब है कि नगर निगम के अधिकारी, कर्मचारी आधुनिक शौचालय के निर्माण हेतु ले-आउट करने जाते थे। कुछ स्थानीय लोगों द्वारा अनावश्यक रूप से विरोध किया जा रहा था। आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय के आने के बाद उनके द्वारा पहल किया गया। भिलाई स्टील प्लांट एवं पुलिस बल की सहयोग हेतु पत्र लिखा गया। आज पुलिस बल के सहयोग से लेआउट करके कार्य प्रारंभ कराया गया। स्थानी व्यापारियों एवं लोगों को जो परेशानी थी उसके बारे में उन्हें समझाया गया। केंद्र सरकार के सहयोग से सर्व सुविधा युक्त आधुनिक शौचालय निर्मित हो रहा है। इस प्रकार का शौचालय सबके लिए बहुत उपयोगी होगा। भिलाई-दुर्ग क्षेत्र मंर नई पद्धति से आधुनिक प्रकार का शौचालय पहली बार बन रहा है। अंत में सबके सहमति से शौचालय के ले-आउट करके निर्माण शुरू किया गया।

## ऊर्जा एवं जल संरक्षण के प्रति कृषकों में जागरूकता लाने कार्यशाला का हुआ आयोजन

पायनियर संवाददाता ∢ दुर्ग
www.dailypioneer.com



ब्यूरो ऑफ एनर्जी एफिसेंसी (बीईई) भारत सरकार द्वारा ऊर्जा एवं जल संरक्षण के प्रति कृषकों में जागरूकता लाने हेतु कृषि विज्ञान केन्द्र पाहंदा (अ) विकासखण्ड पाटन दुर्ग में अर्द्ध दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

छ.ग.राज्य अक्षय ऊर्जा विकास अभिकरण (क्रेडा) से प्राप्त जानकारी अनुसार कार्यशाला में क्रेडा विभाग के जिला प्रभारी रवीन्द्र कुमार देवांगन द्वारा सोलर पंप एवं अन्य सौर संयंत्रों के सफल संचालन हेतु विस्तृत जानकारी कृषकों को दी गई। मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं निदेशक डॉ विजय जैन (कृषि विज्ञान केन्द्र पाहंदा 'अ') ने अपने अनुभव साझा करते हुये बताया कि वर्तमान में बिजली एवं जल के अत्यधिक दोहन से उत्पन्न ऊर्जा संकट तथा निरंतर गिरते हुये जल स्तर के कारण भविष्य में आने वाली कठिनाईयों के निदान के लिए आज संरक्षण बहुत ही आवश्यक है। उप संचालक कृषि संदीप भोई द्वारा किसानों को जल एवं मृदा संरक्षण हेतु कार्यशाला की उपयोगिता तथा कार्यशाला में दिये जाने वाली जानकारी के प्रयोग द्वारा ऊर्जा संरक्षण किये जाने हेतु प्रोत्साहित किया। कमल नारायण वर्मा (विषय विशेषज्ञ उद्यानकीय) द्वारा किसानों को अवगत कराया गया कि फसल चक्र परिवर्तन के माध्यम से किस्म के आधार पर पानी की आवश्यकता पड़ती है।

## अंतरराज्यीय बाक्सिंग चैपिंयनशिप के खिलाड़ियों के आवश्यकताओ का तत्काल निराकरण करवाए-आयुक्त

पायनियर संवाददाता ∢ भिलाई
www.dailypioneer.com



नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र के जवाहर नगर स्पोटर्स काम्प्लेक्श में अंतरराज्यीय बाक्सिंग चैपिंयनशिप की स्पर्धा चल रहा है। आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय भ्रमण के दौरान स्पोर्टस काम्प्लेक्श में पहुंचकर आयोजक मण्डल कोच एवं खिलाड़ियो से संपर्क किए। वहां पर हो रही प्रतियोगिता के प्रतिभागियो से मिलकर जानकारी प्राप्त किये। आयोजक मंडल के प्रतिनिधि बाक्सर सुरेश द्वारा बताया गया, कि अंतरराज्यीय प्रतियोगिता में पुरे छत्तीसगढ़ से बाक्सिंग के प्रतिभागी आये हुए है। अपने-अपने वेट के हिसाब से प्रतियोगिता में भाग लेगें। अपने राउण्ड से विजेता प्रतियोगी अंतिम राउण्ड में पहुचेगे। वहां पर फाईनल मैच होगा, अंत में उन्हे गोल्ड मेडल प्रदान किया जाएगा। राज्य स्तर के विजेता खिलाड़ी नेशनल खेलने रायबरेली उत्तरप्रदेश जायेगे। स्पोर्टस काम्प्लेक्श में लगभग 150 से अधिक बाक्सिंग खिलाड़ी आए हुए है। जिसमें से महिला/पुरूष दोनो वर्ग के खिलाड़ी है। पुरूष वर्ग में 47 से 50, 50 से 55, 55 से 60, 60 से 65, 65 से 70, 70 से 75, 75 से 80, 80 से 85, 85 से 90 और 90 से अधिक हैवी वेट खेलेगे। इसी प्रकार महिला वर्ग में 45 से 48, 48 से 51, 51 से 54, 54 से 57, 57 से 60, 60 से 65, 65 से 70, 75 से 80, 80 से अधिक हैवी वेट में खेलेगी। वहां के आयोजक आर राजेन्द्रन, सचिव सीएम ठाकुर, कोषाध्यक्ष सुरेश द्वारा आयुक्त से मांग किया गया कि पानी का मोटर खराब हो गया है। अतिरिक्त शौचालय की भी आवश्यकता है और रात में लाईट कम होने से खिलाड़ियो को तकलीफ हो रही है।

## युवोदय स्वयंसेवा कार्यक्रम के अंतर्गत किशोर-किशोरी सशक्तिकरण एवं बाल सुरक्षा विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

पायनियर संवाददाता ∢ दुर्ग
www.dailypioneer.com



जिला प्रशासन एवं यूनिसेफके संयुक्त तत्वावधान में युवोदय स्वयंसेवा कार्यक्रम के अंतर्गत किशोर-किशोरी सशक्तिकरण एवं बाल सुरक्षा पर संकुल समन्वयक एवं नोडल शिक्षकों हेतु एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य किशोर-किशोरियों के समग्र विकास, उनकी सुरक्षा एवं समाज में उनके अधिकारों के प्रति जागरूकता फैलाना था।कार्यशाला में यूनिसेफ बाल सुरक्षा राज्य सलाहकार अभिषेक कुमार ने मिशन वात्सल्य के स्पॉन्सरशिप योजना, फॉस्टर केयर योजना एवं बाल विवाह जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत जानकारी प्रदान की। उन्होंने इन योजनाओं के क्रियान्वयन और बच्चों की सुरक्षा में उनकी उपयोगिता पर प्रकाश डाला। ब्लॉक शिक्षा अधिकारी दुर्ग गोविंद साव ने कार्यशाला में उपस्थित शिक्षकों से अपील की कि वे किशोर-किशोरियों की सुरक्षा और उनके समग्र विकास के लिए सक्रिय भूमिका निभाएं। उन्होंने कहा कि शिक्षक न केवल बच्चों के शैक्षणिक विकास में बल्कि उनके मानसिक, सामाजिक और भावनात्मक कल्याण में भी अहम भूमिका निभाते हैं। उन्होंने आग्रह किया कि शिक्षण कार्य के साथ-साथ बाल सुरक्षा, बाल विवाह रोकथाम, और मिशन वात्सल्य जैसी योजनाओं के प्रति जागरूकता बढ़ाने में भी योगदान दें। साथ ही, बच्चों को उनके अधिकारों, अवसरों और सरकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान कर उन्हें सशक्त बनाने में सहयोग करें। कार्यशाला के सफल आयोजन के लिए जिला प्रशासन, यूनिसेफ और सभी प्रतिभागियों का आभार प्रकट करते हुए उन्होंने यह आशा व्यक्त की कि इस तरह के प्रयासों से समाज में सकारात्मक बदलाव आएंगे और बच्चों का भविष्य उज्ज्वल होगा। युवोदय जिला समन्वयक, शशांक शर्मा ने युवोदय कार्यक्रम के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की। उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन एवं यूनिसेफ की भूमिका दोनों संस्थाएं मिलकर युवाओं के सशक्तिकरण और बाल सुरक्षा के लिए प्रयासरत हैं। जिला संसाधन समूह की भूमिका यह समूह बच्चों के लिए सुरक्षित वातावरण बनाने और उन्हें आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराने में मदद करता है।

## प्रधानमंत्री आवास योजना में निर्माणाधीन मकानो का औचक निरीक्षण करने पहुंचे आयुक्त

पायनियर संवाददाता ∢ भिलाई
www.dailypioneer.com



प्रधानमंत्री आवास योजनांतर्गत नगर निगम भिलाई के विभिन्न हाउसिंग क्षेत्रों में मकान का निर्माण किया जा रहा है। जिनमें मोर मकान-मोर आस, मोर मकान-मोर चिन्हारी एवं बीएलसी मोर जमीन-मोर मकान मकानों में हो रहे निर्माण का निरीक्षण किये। निरीक्षण के दौरान संबंधित एजेंसी चंद्रनिर्मल प्राईवेट लिमिटेड एवं गोयल ट्रेडर्स जिसे मकान निर्माण का काम दिया गया है, उनको निर्माण कार्य समय अवधि में गुणवत्तापूर्ण कार्य करने हेतु निर्देशित किये। साथ ही कहा कि रोड़, नाली, पानी, बिजली की व्यवस्था अच्छी होनी चाहिए। छत्तीसगढ़ विद्युत विभाग से कार्यपालन अभियंता नवीन राठी भी वहां उपस्थित थे, उनको मकान निर्माण के दौरान विद्युत व्यवस्था मार्च में ही पूर्ण करने के बारे में आयुक्त से चर्चा हुई। तो उनको द्वारा बताया गया कि सीएसईबी निविदा प्रक्रिया में विलम्ब होने के कारण ट्रांसफार्मर नहीं लग पाया, जिससे विद्युत व्यवस्था की प्रतिपूर्ति नहीं हो पाई, जिसे शीघ्र पूर्ण करने को कहा। कार्यपालन अभियंता विनिता वर्मा एवं एजेंसी के अभियंता को निर्देशित किये कि समय-समय पर आकर कार्यो का निरीक्षण करें। जैसे-जैसे मकानो का निर्माण पुरा होते जाए, हम लॉटरी के माध्यम से उसको आबंटित करते जाएगें। प्रधानमंत्री आवास योजना शासन की अति महत्वकांक्षी योजना है। इसको समय अवधि में पूर्ण करना है। किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दास्त नहीं की जावेगी। कुछ मकान जो पूर्व में आबंटित हो चुके है, वहां पर निवासरत हितग्राहियो से जानकारी प्राप्त किये। वहां पर रहने पर किसी प्रकार की असुविधा या परेशानी तो नहीं हो रही है। हितग्राही भगवंतीन द्वारा बनाया गया कि उन्हे मकान में रहकर बहुत अच्छा लग रहा है मैं बालकनी से खड़े होकर बाहर देखती हुॅ, तो बहुत अच्छा लगता है। कभी नहीं सोची थी कि मेरे मकान में भी बालकनी, शौचालय, बाथरूम, किचन होगा। आयुक्त ने सभी से सफाई व्यवस्था बनाये रखने, अपने घरो से निकलने वाली सूखे एवं गीले कचरे को अलग-अलग देने कहा।

### रायगढ़ के आयुष साहू और भिलाई के वत्सल सोनवानी राष्ट्रीय स्तर के प्रतियोगिता में छत्तीसगढ राज्य का करेंगे प्रतिनिधित्व

## पावरग्रिड पश्चिम क्षेत्र कुम्हारी द्वारा स्कूली बच्चों के लिए राज्य स्तरीय चित्रकला प्रतियोगिता-2024 का आयोजन

पायनियर संवाददाता ∢ दुर्ग
www.dailypioneer.com



पावरग्रिड पॅश्चिम क्षेत्र-1 के कुम्हारी उपकेंद्र द्वारा विगत 27 नवम्बर को छतीसगढ के स्कूली बच्चों के लिए ऊर्जा संरक्षण विषय पर एक चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता के तीसरे और आखिरी चरण में राज्य के विभिन्न स्कूलों से ए-वर्ग में कक्षा 5 से कक्षा-7 तक के 50 तथा बी-वर्ग में कक्षा-8 से कक्षा-10 तक के 50 बच्चे यानि कुल 100 बच्चे इसमें शामिल हुए । इस प्रतियोगिता के प्रथम चरण में करीब एक लाख बीस हजार स्कूली बच्चों ने हिस्सा लिया था। ए-वर्ग में सेण्ट टेरेसा कॉन्वेंट स्कूल, रायगढ के आयुष साहू को प्रथम, विजय अंग्रेजी मीडियम स्कूल, चिरीमीरी के हिमांशु दास को द्वितीय और अम्बूजा विद्यापीठ, रवण की यशिका बागवानी को तृतीय पुरस्कार प्रात हुआ। इसी प्रकार बी-वर्ग में डीपीएस, भिलाई के वत्सल सोनवानी को प्रथम, अम्बूजा विद्यापीठ, रवण की सोम्या देवांगन को द्वितीय और संस्कार पब्लिक स्कूल, रायगढ़ की पावनी सिंघल को तृतीय पुरस्कार प्रात हुआ। इसके अलावा दोनों वर्गों में अन्य दस बच्चों को सांत्वना पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस प्रतियोगिता के दोनों वर्गों में प्रथम पुरस्कार से सम्मानित बच्चे 11 दिसम्बर, 2024 को नई दिल्ली में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय स्तर के प्रतियोगिता में छत्तीसगढ राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगे। इस आयोजन में रजनीश तिवारी, मुख्य महाप्रबंधक, पावरग्रिड, पश्चिम क्षेत्र-1, नागपुर (मुख्य अतिथि), आर के शुक्ला, प्रबंधक निदेशक, सी.एस.पी.टी.सी.एल. रायपुर, रविंद्र कुमार, सहायक आयुक्त, केवीएस, आर ओ, रायपुर, आर. एल. ठाकुर, संयुक्त निदेशक, दुर्ग, लोक शिक्षण निदेशालय, छतीसगढ, आर. के. दाश, वरि. महाप्रबंधक, पावरग्रिड, रायपुर, एच.पी. पाल, महाप्रबंधक (मानव संसाधन), पावरग्रिड नागपुर, तथा छत्तीसगढ राज्य के बिभिन्न जिलों से आए बच्चों के उनके माता-पिता सहित पावरग्रिड परिवार के सदस्यगण उपस्थित थे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि, रजनीश तिवारी ने अपने संबोधन में कहा कि देश में ऊर्जा संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए भारत सरकार, विद्युत मंत्रालय के अंतर्गत ऊर्जा दक्षता ब्यूरो द्वारा ऊर्जा संरक्षण अभियान के तहत प्रत्येक वर्ष देशभर में चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित किया जाता है। उन्होंने बताया कि देश का विकास प्राकृतिक संसाधनों तथा ऊर्जा की उप्लब्धता पर निर्भर करता है। अतरू सभी नागरिकों का यह कर्त्तव्य है कि ऊर्जा के किसी भी रूप चाहे वो बिजली, पानी या ईंधन को अपनी आवश्यकता के अनुरूप ही प्रयोग करें तभी इस प्रकार के आयोजनों को सफलता मिलेगी। तिवारी ने कहा कि जितनी ऊर्जा हम बचाएंगे उतनी ऊर्जा हम देश के लिए उत्पन्न करेंगे।

उन्होंने कहा कि बच्चे हमारे देश के भविष्य निर्माता हैं इनकी पवित्र कल्पनाओं को रंगों से भरकर ऊंची उडान भरने दीजिए। यही बच्चे आगे चलकर हमारे देश को विकसीत राष्ट्र बनाएंगे, यह हमारी शुभकामनाएं हैं। इस राज्यस्तरीय प्रतियोगिता का निर्णय, राज किशोर दाश, पावरग्रिड, डॉ. विकास चंद्र, सहायक प्राध्यापक, इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय, खैरागढ़, सु राधिका, पाठक - इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय, खैरागढ़, करमन खट्टर, उप संचालक, लोक शिक्षण संचालनालय छत्तीसगढ़, निहार रंजन साहू, परियोजना समन्वयक - क्रेडा, रायपुर और मती पिंकी सिंघ, टी.जी.टी. (कला शिक्षा) केंद्रिय विद्यालय, बी एम वाई भिलाई द्वारा किया गया।

## आदर्श संकुल संगठन का तीन दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण संपन्न



पायनियर संवाददाता ∢ दुर्ग
www.dailypioneer.com

कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देशानुसार एवं जिला पंचायत दुर्ग के मुख्य कार्यपालन अधिकारी बजरंग दुबे के मार्गदर्शन में आदर्श संकुल संगठन का तीन दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण डीपीआरसी अंजोरा में आयोजित किया गया। आयोजन में जिले के प्रत्येक जनपद से एक-एक संकुल संगठन को आदर्श संकुल संगठन बनाए जाने तथा आदर्श संकुल संगठन का विजन डाक्यूमेंट तैयार करने, सामुदायिक संगठन का नेतृत्व करने एवं संकुल संगठन का गवर्नेंस बेहतर ढंग से संचालन करने हेतु प्रोत्साहित किया गया। इस आयोजन में 42 संकुल संगठन के स्कूटीय कमेटी के मेंबर ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। कार्यक्रम में सुनील शर्मा जिला कार्यक्रम प्रबंधक एनआर एलएम एवं सभी कमिटी मेंबर्स उपस्थित थे।

## संपादकीय

# एक देश एक पंजीकरण गेम चेंजर योजना

**बांग्लादेश** में चिन्मय कृष्ण दास की गिरफ्तारी धार्मिक अल्पसंख्यकों के समक्ष उपस्थित चुनौतियां उजागर करती है। एक लोकप्रिय हिंदू संत और 'बांग्लादेश सम्मिलित सनातन जागरण जोते' के प्रवक्ता चिन्मय कृष्ण दास की गिरफ्तारी बांग्लादेश में धार्मिक अल्पसंख्यकों की दयनीय स्थिति प्रकट करती है। हिंदू अल्पसंख्यकों की ओर से पैरोकारी करने वाले दास को देशद्रोह के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। उन पर आरोप है कि चिटगांव में एक रैली के दौरान एक धार्मिक झंडे को बांग्लादेश के राष्ट्रीय झंडे के ऊपर फहराया गया। इस घटना से देश में और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारी विवाद पैदा हुआ है। इससे बांग्लादेश में धार्मिक अल्पसंख्यकों के प्रति व्यवहार तथा उसके क्षेत्रीय स्थायित्व पर पड़ने वाले प्रभावों के बारे में चिन्ता पैदा हो गई है। 'इस्कान' में वरिष्ठ व्यक्ति तथा 'सनातन जागरण मंच' के नेता चिन्मय कृष्ण दास बांग्लादेश में हिंदुओं के अधिकारों के बारे में मुखर रहे हैं। उनकी गिरफ्तारी 25 अक्टूबर की घटना के बाद हुई जब इस्कान के झंडे को एक विरोध प्रदर्शन में बांग्लादेश के राष्ट्रीय ध्वज से ऊंचा स्थान दिया गया। अधिकारियों ने इस कृत्य को राष्ट्रीय संप्रभुता के प्रति खतरे के रूप में देखा और बांग्लादेश कानून के अनुसार उन पर देशद्रोह का आरोप लगाया गया। हालांकि, सरकार का मानना है कि झंडे की यह घटना राष्ट्रीय निष्ठा के प्रति हमला है, आलोचकों का कहना है कि ये आरोप राजनीति से प्रेरित है और इसका उद्देश्य अल्पसंख्यक स्वरों को कुचलना है। दास और 'सनातन जागरण मंच' ने एक आठ-सूत्री एजेंडे पर जोर दिया है जिसमें बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों की सुरक्षा के लिए ढांचागत सुधार शामिल हैं। उनकी




मांग है कि अल्पसंख्यक मामलों के एक मंत्रालय के साथ ही एक न्यायाधिकरण की स्थापना की जाए ताकि अल्पसंख्यकों के खिलाफ अपराधों की त्वरित जांच हो तथा उनकी पहचान सुरक्षित रखने के अन्य कदम उठाए जांए।

उनकी मांग लंबे समय से चली आ रही पैरोकारी का हिस्सा है जिसके अंतर्गत बांग्लादेश की जनसंख्या में लगभग 10 प्रतिशत अल्पसंख्यक समुदायों की सुरक्षा होनी चाहिए। हालिया गिरफ्तारी की व्यापक आलोचना हुई है। पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना ने सरकारी कार्रवाई की निन्दा करते हुए हिंदू संत को तत्काल रिहा करने की मांग करते हुए धार्मिक स्वतंत्रता के महत्व पर जोर दिया है। इस घटना ने अल्पसंख्यकों के खिलाफ जारी हिंसा की हालिया घटनाओं की ओर ध्यान आकर्षित किया है जिसमें चिटगांव में एक हिंदू मंदिर को जलाना तथा अन्य धार्मिक समूहों पर हमले शामिल हैं। इस प्रकरण से अंतरिम सरकार द्वारा कानून-व्यवस्था बनाए रखने में आने वाला संकट स्पष्ट हुआ है। विपक्षी नेता सरकार की आलोचना कर रहे हैं कि वह आर्थिक कुप्रबंधन तथा राजनीतिक अस्थिरता से ध्यान हटाने के लिए अल्पसंख्यकों पर निशाना लगा रही है। हालांकि, नई दिल्ली ने अक्सर बांग्लादेश में हिंदुओं की सुरक्षा के बारे में चिन्ता प्रकट की है, पर उसे तनाव बढ़ने से बचने के लिए सावधानी से कदम उठाने होंगे। भारत के दृष्टिकोण में निरंतरता जरूरी है। विदेशों में अल्पसंख्यक अधिकारों पर चिन्ता प्रकट करते हुए भारत को अपने देश में बढ़ती चुनौतियों पर भी ध्यान देना होगा। उसे विपक्षी नेताओं के सरोकारों को संबोधित करना होगा जो अल्पसंख्यकों पर कथित खतरे की बात करते रहते हैं। वैसे स्वतंत्रता के बाद से ही भारत सरकार का अल्पसंख्यकों की सुरक्षा के प्रति रिकार्ड बेदाग है। इसका प्रमाण इस तथ्य से मिलता है कि जहां पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान में हिंदू व अन्य गैर-मुस्लिम अल्पसंख्यकों की संख्या में भारी कमी आई है, वहीं भारत में मुस्लिम तथा अन्य धार्मिक अल्पसंख्यकों की संख्या बढ़ी है और वे जीवन के सभी क्षेत्रों में प्रगति कर रहे हैं। बांग्लादेश को अपनी बहुलतावादी विरासत का संरक्षण करते हुए यह सुनिश्चित करना चाहिए कि उसके सभी नागरिकों को सुरक्षा और सम्मान मिले, भले ही उनका विश्वास चाहे जो हो। केवल ऐसा कर ही बांग्लादेश अपना स्थायित्व सुनिश्चित करने के साथ ही निरंतर अंतरराष्ट्रीय सम्मान का भागीदार बन सकता है।

# पश्चिमी वर्चस्व को पूरब से चुनौती

पूर्वी राष्ट्रों के बीच गठबंधन मजबूत होने से अमेरिका-नीत विश्व व्यवस्था पर संकट मंडराने लगा है। इससे दुनिया में शक्ति संतुलन प्रभावित हो सकता है।



नीलांत इलांगमुवा
(लेखक, वरिष्ठ पत्रकार हैं)



कहीं ऐसा तो नहीं कि वैश्विक टकरावों के बारे में विमर्श सावधानी से तैयार किया जा रहा है जिसका उद्देश्य युद्धों और दुनिया को बदलने के पीछे छिपे असली उद्देश्यों पर पर्दा डालना हो? कहीं ऐसा तो नहीं कि वैश्विक प्रभुत्व की इच्छा से पश्चिम न केवल टकरावों को जन्म दे रहा है, बल्कि आर्थिक संकट भी पैदा कर रहा है ताकि उसकी सर्वोच्चता बनी रहे? कहीं ऐसा तो नहीं कि गोपनीय सैनिक कार्रवाइयों से लेकर महत्वपूर्ण ढांचागत संरचनायें तोड़ने तक यथार्थ हमारे विश्वास से ज्यादा गंभीर और रणनीतिक है? उदाहरण के लिए अमेरिकी अंतरिक्ष फोर्स का गोपनीय एक्स-37बी अंतरिक्षविमान जनता की जानकारी में नहीं है। आधिकारिक रूप से इसे नई सैनिक व्यवस्थाओं को जांचने का तकनीकी आदर्श माना जाता है।

एक्स-37बी अंतरिक्ष में युद्ध ले जाने की पश्चिमी आकर्षण का केन्द्र माना जाता है। यह यूरोप में युद्ध को क्षेत्रीय सीमाओं से बाहर ले जाने, नियंत्रण और निगरानी का उदाहरण है। जर्मनी भी गोपनीय रूप से ऐसे युद्ध की तैयारी कर रहा है जो शायद कभी न लड़ा जाए, पर इसके नतीजे आने वाली पीढ़ियों तक अनुभव होंगे। जर्मन सरकार ने बंकरों के निर्माण और विस्तार की योजनायें बनाई हैं। वह इमारतों, अंडरग्राउंड कार पार्कों और मेट्रो स्टेशनों को युद्ध की स्थिति में मजबूत शरणस्थलों की तरह तैयार कर रहा है। इन सब तैयारियों के कारणों की खुलेआम चर्चा नहीं की जाती है, पर भू-राजनीति की जरा भी समझ रखने वाले सभी लोग जानते हैं कि इसके पीछे रणनीतिक इरादे क्या हैं। इसके केन्द्र में रूस का भय है।

यह भय दशकों के राजनयिक समझौतों तथा आर्थिक सहयोग के बावजूद बना हुआ है। लेकिन इन कदमों के पीछे असली उद्देश्य रक्षा की आड़ में छिपा हुआ है और यह केवल जीवित बचे रहना नहीं है। इसका अर्थ यूरोप को अमेरिकन प्रभाव क्षेत्र में बनाए रखना तथा किसी ऐसे विमर्श पर लगाम लगाना है जो किसी अन्य समूह के गठन को बढ़ावा दे जो शीतयुद्ध द्वारा स्थापित विश्व व्यवस्था को चुनौती दे सके। पश्चिम द्वारा यूक्रेन पर युद्ध का शिकंजा मजबूत करने के बाद अब ज्यादा बड़ा खेल सामने आ रहा है। इसकी जड़ें आर्थिक तोड़फोड़ में हैं जिसकी जड़ें प्रथम और द्वितीय विश्वयुद्ध में जुड़ी हैं। प्रथम विश्वयुद्ध के दौरान ब्रिटिश नौसेना की घेराबंदी के कारण 750,000 से अधिक जर्मन भूख से मारे गए थे, जबकि द्वितीय विश्वयुद्ध में 'धुरी' और 'मित्र शक्तियों' ने अर्थव्यवस्थाओं का विनाश किया था। अमेरिका ने जर्मनी, जापान और इटली को पंगु बनाने के लिए प्रतिबंधों और व्यापारिक प्रतिबंधों का प्रयोग किया और बाद में सोवियत विस्तार रोकने के लिए 'मार्शल योजना' बनाई।

द्वितीय विश्वयुद्ध का गोपनीय एजेंडा विश्व आर्थिक व्यवस्था की पुन: स्थापना था जिस पर आईएमएफ और विश्व बैंक जैसी संस्थाओं का प्रभुत्व हो। आज 'नार्ड स्ट्रीम' पाइपलाइनों का विनाश पश्चिम की निराशा का प्रतीक है।

इससे स्पष्ट होता है कि पश्चिम यूरोपीय ऊर्जा स्रोतों के नियंत्रण में कहां तक जा सकता है। इससे जहां जर्मन जनता तथा यूरोपीय बाजारों को नुकसान पहुंचा है, वहीं अमेरिका और उसके सहयोगियों को ऊर्जा निर्यात के क्षेत्र में अनिश्चितता और निर्भरता से लाभ हुआ है।

> आर्थिक प्रतिबंध, छद्म युद्ध तथा राजनीतिक तोड़फोड़ पश्चिम के हथियार हैं। यदि भारत, रूस और चीन के बीच निकटता बढ़े तथा 'ब्रिक्स' जैसा समूह मजबूत हो तो वह 'फाइव आइज़' या 'आंकुस' को आर्थिक व सैनिक रूप से चुनौती देने की स्थिति में होगा।

यह केवल एक घटना नहीं है, बल्कि यह रूस की आर्थिक आक्रामकता को कमजोर करने तथा जर्मनी को ज्यादा स्वतंत्र होने से रोकने का कदम है। आत्मनिर्भर यूरोप की तुलना में विभाजित यूरोप पर नियंत्रण करना ज्यादा आसान है। लेकिन असली लक्ष्य पश्चिम का केवल रूस से भय तक सीमित नहीं है। उसे चीन, भारत और रूस के बीच संभावित एकता से खतरा है। एक समय भू-राजनीतिक प्रतिद्वंद्वी के तौर पर दिखने वाले ये देश अब गठबंधन बना रहे हैं और शक्ति संतुलन इस प्रकार उलटने का प्रयास कर रहे हैं जिसे पश्चिम बर्दाश्त नहीं कर सकता है। दुनिया के सर्वाधिक जनसंख्या वाले देश भारत का अगले कुछ साल में दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की संभावना पश्चिम के लिए भयावह विभीषिका है।

अपने बढ़ते विनिर्माण क्षेत्र, तकनीकी प्रगति तथा तेजी से विस्तार लेते मध्य वर्ग के कारण भारत उस आर्थिक व्यवस्था के अस्तित्व पर खतरा बन रहा है जिसे पश्चिम ने पिछली शताब्दी में बड़ी मेहनत से बनाया है। भारत, चीन और रूस के बीच रणनीतिक जुड़ाव से एक बड़ा खतरा भी सामने आता है। यह अपने आप में इतना बड़ा समूह बन सकता है कि अमेरिका नीत विश्व व्यवस्था की चूलें हिला दे। यह केवल कल्पना नहीं है।

तीनों देशों के बीच संबंध व्यापार, ऊर्जा और सुरक्षा में परस्पर हितों के कारण मजबूत हो रहे हैं। भारत पूरब और पश्चिम के बीच एक सेतु का काम कर सकता है और वह विश्व अर्थव्यवस्था का प्रमुख इंजन बन सकता है। पश्चिम भारत को ज्यादा शक्तिशाली और स्वतंत्र बनने से रोकना चाहता है और इसके लिए पाकिस्तान से टकराव को बढ़ावा दिया जा रहा है। भारत का उभार वर्तमान व्यवस्था तथा अमेरिकी डालर के वैश्विम प्रभुत्व को चुनौती देगा। इससे तकनीकी खोजों पर पश्चिम का एकाधिकार समाप्त होगा तथा विश्व व्यापार का ढांचा बदल जाएगा। पश्चिम काफी लंबे समय से चीन, भारत और रूस के बीच एक संतुलन बना रहा है। इससे पूरब के देशों को एक दूसरे के खिलाफ खड़ा कर पश्चिम का आर्थिक वर्चस्व बनाए रखा जा सकता है। पूरब की एकता एक भयावह सपना है और पश्चिम इसे रोकने के लिए कुछ भी करने को तैयार है।

आर्थिक प्रतिबंध, छद्म युद्ध तथा राजनीतिक तोड़फोड़ पश्चिम के हथियार हैं। यदि भारत, रूस और चीन के बीच निकटता बढ़े तथा 'ब्रिक्स' जैसा समूह मजबूत हो तो वह 'फाइव आइज़' या 'आंकुस' को आर्थिक व सैनिक रूप से चुनौती देने की स्थिति में होगा।

इस एकता से पूरब पश्चिम की जंजीरों से मुक्त हो जाएगा। लेकिन केवल आने वाला समय ही बताएगा कि पश्चिम अपना रास्ता बदलने को तैयार होगा अथवा वह स्वयं अपने कामों से अपने पतन को निमंत्रण देगा।

# खेलों में बदलाव की आवश्यकता

> चीन अपने खिलाड़ियों के दिमाग को प्रशिक्षित करने के लिए युद्ध की कला सीखने के लिए त्सुंग त्जु के कार्यों से कई पृष्ठ लेता है। यह गतिशील दृष्टिकोण चैंपियन बनाता है।

रवि वलूरी
(लेखक, भारतीय रेलवे से संबंधित हैं)



अपने निशान पर, तैयार हो जाओ, जाओ। गोली चली और उसैन बोल्ट ने ट्रैक पर धूम मचा दी, जिससे उनके पदकों की संख्या में लगातार इज़ाफा हुआ। इसकी तुलना भारतीय एथलीटों से करें। हमारा दिमाग भी पीछे छूट जाने के लिए क्यों तैयार है? भारतीय एथलीटों में अर्जुन की तरह एकनिष्ठ प्रयास, प्रतिभा, नज़र और दिमाग होना चाहिए। वह एक सफल तीरंदाज था क्योंकि उसने अपने कौशल को निखारा और अपने गुरु – द्रोणाचार्य और अपने सखा – भगवान कृष्ण पर बहुत भरोसा किया। उसे दोनों ने पुरस्कृत किया। भगवान कृष्ण ने उसे सोहम स्वरूप, विश्वरूप दर्शन को पकड़ने के लिए दिव्य दृष्टि प्रदान की।

द्रोणाचार्य ने अपने पसंदीदा शिष्य को अपने शस्त्रागार में सभी हथियारों से भरकर सुसज्जित किया। अर्जुन के मन की लोच, लचीलापन और विनम्रता ने उसे अपने मन के कोबवे पर काबू पाकर अपने डर और अपने विरोधियों पर विजय पाने में सक्षम बनाया। अर्जुन का मन अजातशत्रु था और इस तरह वह उसका सहयोगी बन गया।

सच है, 1894 में पियरे डी कुबर्टिन द्वारा गढ़े गए ओलंपिक की भावना और आदर्श वाक्य सिटियस, अल्टियस, फोर्टियस (तेज, ऊंचा, मजबूत) था और है, और व्यक्ति को खेल भावना से खेलना चाहिए। लेकिन उत्कृष्ट प्रदर्शन करने और पोडियम पर खड़े होने की ललक बेहद गायब है।

पोडियम पर चढ़ने के लिए नहीं, चढ़ने के लिए जुनून, उन एथलीटों के दिमाग को क्या प्रेरित करता है, जहां हम असफल होते हैं? हमारे पास साधन नहीं हैं। क्रिकेट देश का पवित्र प्याला बना हुआ है और इन दिनों यह इंडियन



प्रीमियर लीग है जो हमारे खेल क्षेत्र पर हावी है। स्पेक्ट्रम के एक छोर पर क्रिकेट है और दूसरे छोर पर अन्य सभी खेल हैं। यह अन्य सभी खेलों की वस्तुत: निंदा है। ओलंपिक कांस्य पदक विजेता साक्षी मलिक उत्तर रेलवे में काम करती हैं और पहली महिला ओलंपिक रजत पदक विजेता पीवी सिंधु के पिता दक्षिण-मध्य रेलवे के खेल अधिकारी हैं। इन सशक्त महिलाओं की मानसिकता अजातशत्रु जैसी थी, क्योंकि उन्होंने कठिन परिस्थितियों को भी जीत में बदल दिया।

ये मानसिकताएं उस अदम्य भावना को दर्शाती हैं, जिसे सभी खिलाड़ियों को अपनाना चाहिए। खेल मंत्रालय की मानसिकता और दृष्टिकोण में आमूलचूल परिवर्तन की आवश्यकता है। इस विभाग के प्रशासन में जोरदार बदलाव की आवश्यकता है। भारतीय रेलवे और भारतीय रक्षा बलों को निजी क्षेत्र की भागीदारी के साथ-साथ अपने कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व कार्यक्रम के माध्यम से पर्याप्त धनराशि उपलब्ध कराने के लिए इस मृतप्राय संगठन को पुनर्जीवित करने में सक्रिय रूप से शामिल होना चाहिए। हालांकि, प्रशासकों के मन में संदेह नहीं पैदा होना चाहिए। उन्हें जोखिम उठाने के लिए तैयार रहना चाहिए।

उनके दिमाग में भी दृष्टिकोण लचीला होना चाहिए और अजातशत्रु बनना चाहिए। अधिकांश खिलाड़ी नवीनतम उपकरणों और संगीत सुनने और मनोरंजन उद्योग में आराम पाते हैं। शायद योग और प्राणायाम का अभ्यास करके कठोर कार्यक्रम की शुरुआत करना और फिर अपनी सामान्य दिनचर्या को फिर से शुरू करना एक लाभदायक अभ्यास होगा। दिन का अंत सुदर्शन क्रिया और ध्यान के अभ्यास से होना चाहिए। इससे शरीर और मन दोनों ही लचीले बनेंगे। कई पूर्वी एशियाई देश और चीन अपने खिलाड़ियों के प्रदर्शन की गुणवत्ता को बढ़ाने के लिए विपश्यना जैसी आध्यात्मिक शिक्षाओं का पालन करते हैं।

चीन अपने खिलाड़ियों के दिमाग को प्रशिक्षित करने के लिए युद्ध की कला सीखने के लिए त्सुंग त्जु के कार्यों से कई पृष्ठ लेता है। यह गतिशील दृष्टिकोण चैंपियन बनाता है। धीरज सबसे कठिन अनुशासनों में से एक है, लेकिन जो धीरज रखता है, उसे ही अंतिम जीत मिलती है, बुद्ध ने कहा। पोडियम पर चढ़ना सम्मान की बात है। आइए हम कल से ही अपनी तैयारी पूरी ईमानदारी से शुरू करें और अपने खिलाड़ियों को सही मायने में अजातशत्रु बनने के लिए प्रशिक्षित करें।

## आप की बात

### सिद्धू का दावा

**नवजोत** सिंह सिद्धू अपनी पत्नी नवजोत कौर सिद्धू के कैंसर इलाज को लेकर विवादों में घिर गए हैं। सिद्धू के छाती ठोंककर दावा किया है, डेली डाइट में देसी आयुर्वेदिक चीजों को शामिल करके उनकी पत्नी ने इस खतरनाक बीमारी को मात दे दी। कैंसर के इलाज के दौरान डाइट में कच्ची हल्दी, तुलसी ,नीम के पत्ते और सेब का सिरका शामिल था। इसके अलावा आंवला, दालचीनी, लौंग और गुड भी खाती थीं। इस दौरान उन्होंने फास्टिंग भी की थी। वह शाम 6 बजे के बाद सीधा अगले दिन 10 बजे भोजन करती थीं। इस तरह की लाइफ स्टाइल और खानपान से वह ठीक हो गई।%इस बार छत्तीसगढ़ सिविल सोसाइटी में 850 करोड रुपए का ठोका है। और सबूत मांगे हैं। वह लोग जो एलोपैथी का महंगा इलाज करके अपनी जिंदगी भर की पूजी लूटा कर भी जीवित नहीं रह पाते उनके बारे में एलोपैथी अपनी नाकामी को उजागर करती है क्या? यदि नहीं तो उसे आयुर्वेदिक में जीरो थेरेपी पर नोटिस जारी करने का कोई अधिकार नहीं है। एलोपैथी के हर इलाज में भारी साइड इफेक्ट होने और अपने एंटीबायोटिक के प्रभाव हीन होने के शोध सामने आने लगे हैं। इसके लिए अंतरराष्ट्रीय दावा बाजार बढ़ाने के लिए बीपी शुगर के पैमाने घाटा दिए गए हैं। ताकि मरीजों को मरीज नहीं होने पर भी दवा शुरू करके उसका ही हेबीचुअल बनाया जा सके।

– **सुभाष बुड़ावनवाला**, रतलाम

### पत्थरबाजों की नियति

**सम्भल** की हिंसा से राजनीतिक हल्कों में तूफान आ गया है। पुलिस के ऊपर हुई पत्थरबाजी के फलस्वरूप पांच लोग मारे गए। जो लोग मारे गए उनकी मौत पुलिस की गोली से नहीं हुई। क्योंकि पोस्ट मार्टम रिपोर्ट में उनके शरीर से 315 की गोलियां निकलीं है जो कि पुलिस बल को नहीं दी जाती। स्पष्ट है कि उनकी मौत उपद्रवियों द्वारा चलाई गोलियों से ही हुई हैं। थोड़ी देर के लिए यदि यह मान भी लिया जाए कि मौत पुलिस की गोलियों से हुई है।तो भी यह अनुचित क्या है? आखिर पुलिस को शस्त्र किसलिए दिये जाते हैं? जब उन पर अपराधी जान लेवा हमला कर रहा हो तो क्या पुलिस अपने हथियारों को उल्टा करदे? क्या वो आत्मरक्षा में गोली नहीं चलाएगी? क्या पुलिस अपराधियों के हाथों मरने के लिए है? इस पर भी सपा मुखिया अखिलेश यादव सहित तमाम विपक्षी नेता पत्थरबाजों की मौत पर मातमपूर्शी कर रहे हैं। यही नहीं अखिलेश तो मरने वालों के स्वजनों को 5 -5 लाख रुपए देकर सम्मानित भी कर रहे हैं। आश्चर्य नहीं कि अखिलेश, औवेसी और राहुल उन्हें शहीद के दर्जे की मांग न करदें। लेकिन बांग्लादेशी हिन्दुओं पर हो रहे अत्याचारों और उनकी मौत पर इन्हीं नेताओं की ज़बान पर ताला लग जाता है। यह कोई हैरान करने वाली बात नहीं है क्योंकि सपा और कांग्रेस का दिल तो अपराधियों और आतंकियों के लिए पहले से ही धड़कता रहा है। जो रामभक्तों पर गोलियां चलवा सकते हैं।

– **डॉ नरेन्द्र टोंक**, मेरठ

### ऑनलाइन सट्टेबाजी

**आनलाइन** सट्टेबाजी के बढ़ते जाल में फंसी युवा, पुरुष, महिला और वृद्धों की दयनीय स्थिति है ये अब एक उद्योग बन गया है, नए-नए आकर्षण और विज्ञापनों के साथ यह ऑनलाइन जुआ हर मोबाइल हर टीवी चैनल्स में एड पर देखने को मिलता है, जो लालच को बढ़ाता है। इनको खेलने वाला खिलाड़ी चूंकि ऑनलाइन खेलता है इसीलिए अपनी पहचान छुपाए रखता है, और यही कारण है कि किसी को यह नहीं पता चलता कि कौन व्यक्ति इस लत में फंसा हुआ है। जब उसका भारी नुकसान होता है या जब कोई आत्महत्या करता है, तो ही इसका पता चलता है। यह एक ऐसा जाल है जिसमें फंसा व्यक्ति बाहर नहीं निकल पाता है। सरकार को इस पर कठोर कानून बनाने चाहिए और इन गेम्स से होने वाले नुकसानों के विज्ञापन और होर्डिंग्स हर शहर, स्कूल और कॉलेज के बाहर लगाए जाने चाहिए। इसके साथ ही सोशल मीडिया पर भी इसके दुष्प्रभाव को उजागर करना जरूरी है। क्रिकेटरों और फिल्मी हस्तियों का यह कर्तव्य बनता है कि वे पैसों के लालच में इन ऑनलाइन खेलों का प्रचार करने के बजाय, फ्री में इसके नुकसान के बारे में जागरूकता फैलाएं। इस समस्या के समाधान के लिए एक मजबूत और प्रभावी कदम उठाना जरूरी है ताकि समाज में इसके खतरनाक प्रभावों से बचा जा सके।

– **भगवानदास छारिया**, इंदौर

### सच्चाई उजागर हो

**संसद** लगातार अवरोध की शिकार है। एक सप्ताह में महज कुछ घंटे ही काम होना इस बात का पक्का सबूत है कि राजनीतिक दल समय का कितना मोल समझते हैं।अदानी मामला सरकार के लिए नासूर बन गया है तो विपक्ष के हाथ भी बटेर लगी है। इस मामले की वैश्विक प्रतिक्रिया अलग-अलग है। कहीं अदानी से जुड़ी परियोजना रद्द की गई है तो कहीं कंपनी के कामकाज के प्रति विश्वास व्यक्त किया गया है। इसका एक अर्थ यह है कि जिस अमेरिकी एजेंसी ने अदानी के खिलाफ मामला दर्ज करवाया है वहां भले ही पेंच फंसा हो मगर बात यह भी सामने आई है कि अदानी के बढ़ते व्यावसायिक विस्तार से अपने हितों के प्रति चिंतित अमेरिकी कंपनियों ने मामले को तुल देने की साजिश रची है। दुनियां के और देश में भी इस ग्रुप की परियोजनाएं आदि चल रही है लेकिन वहां से कोई नकारात्मक प्रतिक्रिया नहीं आई है। ऐसे में साजिश की गुंजाइश नजर आती है। अब सरकार का दायित्व बनता है कि वह इस मामले में सच्चाई सामने लाएं ताकि विदेश में भारत की छवि खराब होने से बचें।

– **अमृतलाल मारू**, उज्जैन

इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल pioneer.editorial@gmail.com पर भी भेज सकते है।

# जिला सत्र न्यायालय को शहर से दूर सिवनी ले जाने के विरोध में रहा नगर बंद, सभी वर्ग का मिला खुला समर्थन

## धीरे-धीरे षडयंत्र पूर्वक बालोद शहर से सभी शासकीय कार्यालय को दूर शिफ्ट किया जा रहा है : राजू पटेल

पायनियर संवाददाता ➤ बालोद
www.dailypioneer.com

शहर से जिला सत्र न्यायालय को 4किमी दूर ग्राम सिवनी ले जाने के विरोध में बालोद बचाव संघर्ष समिति और व्यापारी संघ के तत्वाधान में सोमवार को एकदिवसीय नगर बन्द का आव्हान किया गया था। जहां सभी तबके के व्यापारियों ने बंद का खुलकर समर्थन किया। इस दौरान इमरजेंसी सेवाओ को छोड़ सभी छोटी बड़ी दुकाने बन्द रही। दरअसल बालोद शहर में वर्षो से बने जिला एवं सत्र न्यायालय को अब ग्राम पंचायत सिवनी में स्थनांतरित किया जा रहा है। व्यापारी इसका विरोध कर रहे हैं। व्यापारियों का कहना है कि इससे पहले जिला संयुक्त जिला कार्यालय भी सिवनी में ही बनाया गया है। इसके अलावा अन्य प्रमुख शासकीय भवन जैसे परिवहन कार्यालय और अन्य विभाग भी शहर से बाहर जा रहे हैं।

जिसके सीधा प्रभाव व्यापार पर हो रहा है। सोमवार सुबह 9 बजे से शांति पूर्ण तरीके से बचाव संघर्ष समिति और व्यापारी संघ के पदाधिकारीगण दुकाने बंद कराने निकले, ई-रिक्शा में माइक से एलॉउसमेन्ट कर दुकान बंद करने की भी अपील करते नज़र आये। इस दौरान व्यापारियों ने बाइक रैली निकालकर जिला सत्र न्यायालय को ग्राम सिवनी ले जाने का कड़ा विरोध करते नज़र आये। उन्होंने जमकर नारेबाजी भी की। जिसके पश्चात नगर के पुराना बस स्टैंड में पंडाल लगाकर सभा का भी आयोजन किया गया। सभा मे प्रमुख नागरिक, व्यापारी, समाज व व्यापारी संगठन के पदाधिकारियों ने अपने सम्बोधन में न्यायालय को सिवनी में ले जाने का कड़ा विरोध किया, और प्रशासन से मांग की है कि न्यायालय को बालोद में यथावत रहने दे, शहर से दूर न ले जाये।



### षडयंत्र पूर्वक शहर से सभी कार्यालय को दूर किया जा रहा शिफ्ट

चेम्बर ऑफ कॉमर्स के जिलाध्यक्ष राजू पटेल ने बताया कि जिला बनने के बाद से जो विकास शहर में होना था वह नही हुआ, षड्यंत्र पूर्वक पहले कलेक्ट्रेट शहर से दूर सिवनी में बनाया गया। कई प्रमुख विभागों के कार्यालय शहर से से दूर हो गए। अब जिला सत्र न्यायालय के सिवनी जाने से यहां का व्यापार पूरा गिर जाएगा। धीरे-धीरे षडयंत्र पूर्वक बालोद शहर से सभी शासकीय कार्यालय को दूर शिफ्ट किया जा रहा है। इसके कारण जो छोटे-बड़े सभी व्यापारी को संघर्ष से जूझना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि व्यापार की हालत काफी खराब है। वही उन्होंने कहा कि अगर न्यायालय को शहर में यथावत नही रखा गया तो आने वाले दिनों में बालोद अनिश्चितकाल के लिए बंद और चुनाव बहिष्कार भी करने की रणनीति सभी की सहमति से बनाई जा सकती है।

### किया जाएगा उग्र आंदोलन : कमलेश सोनी

भाजपा पार्षद कमलेश सोनी ने कहा कि एक ओर जहां पूर्व में कलेक्ट्रेट सहित सभी विभागों के कार्यालयो का स्थानांतरण सिवनी में हुआ, उसी सिवनी में न्यायालय का जाना, यह इस बात का घोतक है कि हम कही न कही पीछे है। हम एक नागरिक होने का फर्ज अदा नही कर पाए। न्यायालय को शहर से बाहर के जाया गया तो आगे उग्र आंदोलन किया जाएगा। ओमप्रकाश टाटिया ने बताया कि जिले का जो अंतिम गांव के ग्रामीण बालोद आएंगे, बालोद से फिर उन्हें सिवनी जाना पड़ेगा। परिवार न्यायालय में जो महिलाएं छोटे छोटे बच्चों को लेकर आती है, उनके सिवनी जाने के लिए कोई व्यवस्था नही रहेगी। उन्होंने कहा कि संजारी क्लब से पीछे की ओर रेस्ट हाउस तक बहुत जगह है, यहां भी न्यायालय बनाया जा सकता है। भाजपा मंडल अध्यक्ष सुरेश निर्मलकर ने कहा की बंद को नगर के सभी नागरिक, समजिक बंधुगण, व्यापारी, सभी राजनीतिक दलों का समर्थन है। जिला सत्र न्यायालय को जहां सिवनी में स्थापित करने की प्रक्रिया जो चल रही है इसके विरोध में नगर बंद किया गया। जिला मुख्यालय बालोद को जो सुविधा मिलनी चाहिए, वो सुविधा नही मिल रही है।

# प्लेसमेंट कर्मचारियों के हड़ताल का आज 15वां दिन, जन्म, मृत्यु, विवाह प्रमाण पत्र के कई आवेदन हुए पेंडिंग

## राशन कार्ड के नाम सुधार और जुड़वाने के लिए हितग्राही लगा रहे चक्कर

पायनियर संवाददाता ➤ बालोद
www.dailypioneer.com



निकायों के प्लेसमेंट कर्मचारियों के अनिश्चितकालीन हड़ताल का आज 15वां दिन है। 19 नवंबर से जिले के 8 निकायों के 340 से अधिक प्लेसमेंट कर्मचारी ठेका प्रथा बंद करने, सीधे वेतन भुगतान, वेतन वृद्धि सहित अन्य मांगो को पूरा करने हड़ताल पर है। बालोद जिला मुख्यालय स्तिथ नया बस स्टैंड में इनके द्वारा बीते 19 नवंबर से इनके द्वारा धरना प्रदर्शन किया जा रहा है। जिसमें बालोद व दल्लीराजहरा नगरपालिका समेत डौंडी, गुरुर, अर्जुन्दा, गुंडरदेही, डौंडीलोहारा और चिखलाकसा के प्लेसमेंट कर्मचारीगण शामिल है। इन कर्मचारियों के अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने से जहां निकायों की रोजमर्रा की व्यवस्था चरमरा गई है, तो वही नागरिकों को जन्म, मृत्यु, विवाह प्रमाण पत्र बनाने के लिए भी भटकना पड़ रहा है। राशन कार्ड में नाम सुधार जैसे नया नाम जुड़वाने व काटने के लिए हितग्राही निकायों के चक्कर लगा रहे है। क्योंकि निकाय में कार्यरत राजस्व विभाग के प्लेसमेंट कर्मचारी भी हड़ताल में शामिल है। इसके साथ ही सफाई नही होने से कई वार्डो की नालियां भी जाम होने लगी है, नालियों के बजबजाने से आसपास क्षेत्र में बदबू और गंदगी से रहवासी परेशान है। हड़ताल की वजह पेयजल व्यवस्था भी चरमराई हुई हैं। समय पर नल का वॉल्व नही खुल रहा है। इतना ही नही नल-जल कर, घर, मकान व दुकान कर वसूली भी प्रभावित हो रही है। हालांकि निकायों के अधिकारी वैकल्पिक व्यवस्था से कार्य संचालन करने का दावा कर रहे है।

**आज से प्रदेश स्तरीय हड़ताल**

30 नवंबर को छत्तीसगढ़ नगरी निकाय प्लेसमेंट कर्मचारी महासंघ के प्रदेश अधिकारियो की बैठक रायपुर में रखी गई थी। जिसमें छग प्रदेश पदाधिकारी एवं जिला अध्यक्षों की उपस्थिति में 3 दिसंबर मंगलवार से प्रदेश स्तरीय अनिश्चितकालीन हड़ताल में जाने का फैसला लिया गया है। बताया गया है कि प्लेसमेंट कर्मचारी लगातार 5 वर्षो से संघर्ष कर रहे है और आज से राजधानी रायपुर के तूता में प्रदेश स्तरीय अपनी तीन सूत्रीय मांग को लेकर धरना प्रदर्शन करेंगे। नगरीय निकायों में ठेका प्रथा समाप्त कर निकाय में समायोजन करने, केंद्रीय श्रम दर के तर्ज पर वेतन भुगतान करने, हड़ताल अवधि में किसी भी प्लेसमेंट कर्मचारी को कार्य से पृथक ना करने की प्रमुख मांग है। बता दे कि प्लेसमेंट कर्मचारी अब आर-पार की लड़ाई पर उतर आए है, और मांग पूरी होने तक हड़ताल में डटे रहेंगे।

**बालोद नगर पालिका में प्रभावित कार्य**

प्लेसमेंट कर्मचारियों के हड़ताल पर जाने से जन्म प्रमाण पत्र में सुधार का कार्य, नया जन्म प्रमाण पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, विवाह प्रमाण पत्र और राशन कार्ड में नाम जोड़ना-काटने का कार्य प्रभावित हुआ है। नगर पालिका बालोद में जन्म प्रमाण पत्र में सुधार के 20 आवेदन, नया जन्म प्रमाण पत्र बनाने 7 आवेदन, मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने 5 आवेदन, विवाह प्रमाण पत्र बनाने 2 आवेदन, राशन कार्ड में नाम जोड़ने के लिए कुल 21 आवेदन तथा नाम काटने व सुधार हेतु 10 आवेदन लंबित है। उक्त सभी आवेदन 19 नवंबर से 2 दिसंबर तक नगरपालिका के राजस्व शाखा को प्राप्त हुआ है, जो आज तलक लंबित है।

# प्रेस क्लब ऑफ कुम्हारी का वार्षिकोत्सव एवं सम्मान समारोह हुआ सम्पन्न

पायनियर संवाददाता ➤ कुम्हारी
www.dailypioneer.com



प्रेस क्लब ऑफ कुम्हारी ने अपने परंपरागत वार्षिकोत्सव कार्यक्रम को वर्षानुवर्ष उत्कृष्ट नव आयाम प्रदान करते हुए रोचक, दर्शनीय एवं मनोरंजक ढंग से आयोजित कर पुनश्च नया प्रतिमान स्थापित किया। सर्व प्रथम मुख्य अतिथि प्रज्ञा मेश्राम एडीशनल एस.पी. सातवीं बटालियन, भिलाई, विशेष अतिथि सत्यदेव दुबे कुलपति आईसीएफएआई विश्वविद्यालय रायपुर, विशिष्ट अतिथि सिद्धार्थ वाधवानी (स्पॉटिफाई, सॉफ्टवेयर आर्किटेक्ट, ग्लासगो यूनाइटेड किंगडम) ने ज्ञान दायिनी माँ शारदे के तैलचित्र पर पुष्पाहार अर्पण एवं दीप प्रज्वलित कर समारोह का विधिवत शुभारम्भ किया। प्रेस क्लब आफ कुम्हारी संरक्षक डॉ आनंद मोहन वाधवानी, अध्यक्ष विक्रम शाह ठाकुर ने सम्मानित अतिथियों का हार्दिक स्वागत पुष्प गुच्छ से किया। साथ ही नगर एवं आसपास की प्रतिभाओं, शिक्षा, साहित्य, कला एवं संस्कृति तथा पत्रकारिता के क्षेत्र में सतत उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभाओं का सम्मान जिन्होंने अपने प्रयासों, अदम्य इच्छा शक्ति और कला से नगर, जिला तथा प्रदेश को राष्ट्रीय स्तर पर दैदीप्य कर प्रेरणादायक कार्य किया, उन्हें वर्ष 2024 सम्मान से, आमंत्रित मुख्य अतिथि के करकमलों से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की रोचकता को बनाए रखने के क्रम में सेजेस जजंगिरी के बच्चों ने अंजना सिंह द्वारा परिकल्पित एवं निर्देशित अति सुन्दर नृत्य नाटिका शिव तांडव की मनमोहक प्रस्तुति दी जिसने उपस्थित जनों से भरपूर प्रशंसा बटोरी। प्रेस क्लब आफ कुम्हारी द्वारा साहित्य सम्मान से देश के चर्चित हिन्दी तथा छत्तीसगढ़ी भाषा के लेखक व कथाकार डॉ. परदेशीराम वर्मा, शिक्षा सम्मान से अंजना सिंह, कला एवं संस्कृति सम्मान से महेश वर्मा (लोक कलाकार एवं दूरदर्शन प्रस्तोता), युवा आदर्श सम्मान से सिद्धार्थ वाधवानी तथा युवा पत्रकार साथियों अजय यादव एवं राकेश सोनकर को स्व.चंद्रशेखर साहू पत्रकारिता सम्मान से मुख्य अतिथि एवं विशेष अतिथि द्वय द्वारा सम्मानित किया गया। वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुति देते हुए प्रेस क्लब आफ कुम्हारी अध्यक्ष विक्रम शाह ठाकुर ने वार्षिक क्रिया कलापों के सफल क्रियान्वयन की जानकारी सारगर्भित एवं प्रभावपूर्ण ढंग से दी। मुख्य अतिथि प्रज्ञा मेश्राम ने अपने उद्बोधन में कहा कि प्रेस क्लब कुम्हारी के पत्रकार एक छोटे से क्षेत्र में इतने बड़े और सार्थक काम कर रहे हैं ये बड़े हर्ष का विषय है इतना ही नही सामाजिक स्तर में इनकी सोच और कार्यशैली निश्चय ही प्रशंसनीय है।

नित्य समाचारों के साथ साथ सामाजिक स्तर पर लोगों से जुड़ाव समस्त प्रेस क्लब के लिए अनुकरणीय है। अगर सारे लोग इसी तरह सोचकर कार्य करें तो निश्चित ही बदलाव संभव है। विशेष अतिथि आईसीएफएआई यूनिवर्सिटी के कुलपति सत्यदेव दुबे ने सभी पत्रकारों को बधाई एवं धन्यवाद देते हुए कहा कि मैं विगत तीन वर्षो से इस संगठन की गतिविधियां देख रहा हूँ और हर बार मैंने कुछ नया ही देखा है।

# साहू समाज के युवक-युवती सम्मेलन बेमेतरा में सम्पन्न



पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

साहू समाज ने जिले के टाउन हॉल में युवक युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन किया। साहू समाज की ओर से आयोजित किए गए परिचय सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप मे केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू, कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व गृह मंत्री ताम्र ध्वज साहू, विशिष्ट अतिथि बेमेतरा विधायक दीपेश साहू, साजा विधायक, प्रदेश अध्यक्ष रामकुमार साहू शामिल हुए। इस दौरान विधायक दीपेश साहू कहा कि इस तरह के आयोजन से एक ही मंच पर बेटे बेटियों के लिए रिश्ता मिल जाता है। विधायक ने कहा कि ऐसे आयोजन से समय और पैसे दोनों की बचत होती है। दामाद और बहू के चयन में आसानी होती है। एक दूसरे को जानने समझने का भी मौका यहां मिलता है। साहू ने कहा कि साहू समाज का ये परिचय सम्मेलन सालों से चला आ रहा है। समाज को इस तरह की व्यवस्था आगे भी बनाकर चलनी चाहिए। समाज को रुढीवादी और कुरीति वाली परंपरा से आगे निकलना चाहिए। उन्होंने अंत मे कहा कि ऐसे आयोजनों से समाज को नई दिशा मिलती है। लोगों की मुश्किलें भी कम होती है विधायक दीपेश साहू समाज के परिचय सम्मेलन की तारीफकरते हुए कहा कि ये परंपरा आगे भी चलती रहनी चाहिए। इस दौरान शकुंतला साहू न.पा. अ. पंचराम साहू जिला सरक्षक, रामकृष्ण साहू पुलिस अधीक्षक बेमेतरा, गैदाराम साहू जिलाध्यक्ष, गजानंद साहू, धनेशवरी साहू, नारद साहू, छेदिलाल साहू, बेनूराम साहू, अरुण साहू, बिसौहा साहू, डॉ मिलाप राम साहू, गौकरण साहू, शत्रुहन साहू, खेमसिँह साहू, प्रेम लाल साहू रामसागर साहू, दुकलहा साहू, डॉ खोमराम साहू, मोंटी साहू शहर मण्डल अध्यक्ष, हीरालाल साहू, डॉ लाला राम साहू, ओमकार साहू, ईश्वर साहू, बसंत साहू, छोटेलाल साहू, सूर्यकान्त साहू, उमाशंकार साहू, सुशील साहू, प्रेमू साहू, राजा साहू, डॉ शिलेन्द्र साहू, डॉ विनय साहू, राकेश साहू, केशव साहू, पंचू राम साहू उपाध्यक्ष, धर्मेंद्र साहू, लक्ष्मी साहू, रीना साहू, ओमेश्वरी साहू, दीना नाथ साहू एवं समस्त साहू समाज के पदाधिकारीगण समाजिक बंधु मौजूद रहे।

# श्री रावतपुरा सरकार इंटरनेशनल स्कूल कुम्हारी में शालेय खेल एवं वार्षिक उत्सव 2024 का किया गया आयोजन



**कुम्हारी।** श्री रावतपुरा सरकार इंटरनेशनल स्कूल कुम्हारी में शालेय खेल वार्षिक उत्सव 2024 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अध्यक्ष एस एस बजाज, कार्यकारी निदेशक, श्री रावतपुरा सरकार लोक कल्याण ट्रस्ट थे। कार्यक्रम की शुरूआत माँ सरस्वती की पूजा व दीप प्रज्वलन कर, रंग बिरंगे गुब्बारे को असीम आकाश में स्वतंत्र छोड़कर किया गया। इस अवसर पर भिलाई व दुर्ग स्थित श्री किड्स की शाखाओ से आये नन्हे मुन्ने बच्चो ने विभिन्न खेलों में भाग लिया। इस अवसर पर 100 मीटर दौड़, 200 मीटर दौड़, 400 मीटर दौड़, रिले रेस, व गोला फेंक की प्रतिस्पर्धाओं का आयोजन किया गया। विविध स्पर्धाओं में प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। नर्सरी से कक्षा पांचवी तक के बच्चों की नींबू चम्मच दौड़, जलेबी दौड़, बैलून दौड़, व सादी दौड़, का आयोजन भी किया गया। इस अवसर पर एस एस बजाज, कार्यकारी निदेशक, श्री रावतपुरा सरकार लोक कल्याण ट्रस्ट ने प्रतिभागियों को संदेश दिया कि जीत और हर दोनों तो लगी रहती है इनको प्रतिभागियों को विनम्रता के साथ स्वीकार करना चाहिए। खेल उत्सव के इस अवसर पर डॉ. आदित्य खरे, एडमिन डायरेक्टर, डॉ. प्रीति गुरनानी ,कैंपस डायरेक्टर उपस्थिति रही। खेल कार्यक्रम को संचालित करने में डी एन राय प्राचार्य स्कूल का महत्वपूर्ण मार्गदर्शन रहा।

# गुधेली में 'पहल' संस्था ने किया 60 बुजुर्गों को कम्बल भेंट कर किया सम्मान



**बेमेतरा।** ग्राम गुधेली में पहल सामाजिक संस्था के द्वारा समस्त सदस्यों एवं ग्रामवासियों के सहयोग से 60 बुजुर्गों एवं जरूरतमंदों का कंबल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। तहसील क्षेत्र भिंभौरी में स्थापित पहल सामाजिक संस्था के द्वारा विगत वर्षो से अलग अलग गाँवों में इस प्रकार का कार्यक्रम आयोजित किया जाता है। संस्था के द्वारा यह बीसवां गाँव था जहाँ ये आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में समाज सेवक दुर्गा टिकरिहा, कमलेश वर्मा, राजेन्द्र वर्मा, खिवराज धीवर, नारायण वर्मा, दिलीप टिकरिहा, विक्की साहू, शुभम साहू, मनीदास मानिकपुरी, मनोज वर्मा, चंद्रहास वर्मा, रामहृदय वर्मा, विकास कश्यप और गुधेली से देवदत्त साहू, सरपंच रुखमणी ठाकुर, पंच दुलारी बाई साहू, बद्रीविशाल साहू, जगमोहन साहू, नेतराम परगनिहा, डॉक्टर दिलेन्द्र वर्मा, दयाशंकर पाल, रामकुमार वर्मा, पंकज वर्मा, शिवा चौहान, संजय साहू, जीतू साहू, होरीलाल ठाकुर एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

# 250 एकड़ में आधुनिक खेती करता युवा इंजीनियर

पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

भारत एक कृषि प्रधान देश है और देश की जीडीपी का बहुत बढ़ा हिस्सा कृषि उत्पादों पर निर्भर है। ऐसे में देश की युवा शक्ति का कृषि से जुड़ना एक उज्ज्वल भविष्य का संकेतक है। इसी कड़ी में गौ़रतलब है कि बेमेतरा ज़िला के थानखमरिया के समीपस्थ ग्राम उसलापुर के अविनाश पटेल 250 एकड़ में आधुनिक कृषि के पर्याय बन चुके हैं। उन्होंने मैकेनिकल इंजीनियरिंग की पढ़ाई नागपुर से की है और मॉडर्न टेक्नोलॉजी का उपयोग कर खेती करने को कैरियर के रूप में चुना। जब युवा रोज़गार के लिए शहरों की ओर अग्रसर हो रहें हैं तब अविनाश के शहर से



पढ़ाई कर गाँव में खेती को कैरियर बनाना युवाओं के आकर्षण का केन्द्र बना हुआ है। उन्होंने आधुनिक कृषि उपकरणों, मल्टी क्रॉपिंग, फसल चक्रण और मौसम संबंधी जानकारियों का उपयोग कर कृषि को अत्यंत लाभप्रद बनाया है ।उनका मानना है की जिस प्रकार खाट के संतुलन के लिए खाट के चारों पैर का महत्व होता है उसी प्रकार देश के संतुलन के लिए शिक्षा, व्यापार और राजनीति के साथ साथ कृषि का भी अत्यधिक महत्व है। ये चारों देश के चार स्तंभ हैं। उन्होंने आगे बताया की अगर आधुनिक सोच वाली युवा शक्ति और घर के बड़े बुजुर्गों का अनुभव साथ मिल जाये तो खेती किसानी में कभी नुक़सान नहीं हो सकता। मौसम में अनियमितता के प्रश्न पर उन्होंने मल्टी क्रॉपिंग को इसका सबसे अच्छा उपाय बताया। ज्ञात है कि दूर दूर से लोग उनकी आधुनिक कृषि को देखने आते हैं और उनके फॉर्म हाउस में किसानों कि नियमित रूप से मीटिंग होती है जहां सभी अपने अपने अनुभव साझा करते हैं। परस्पर सहयोग और बातचीत से कृषि की उत्पादकता बढ़ाई जा सकती है। अविनाश पटेल तन मन धन से क्षेत्रवासियों के सहयोग के लिए सदैव तत्पर रहते हैं। राइस मिल या कृषि संबंधी किसी भी तरह के सुझाव के लिये हमेशा उपलब्ध रहते हैं। क्षेत्र के युवाओं के प्रेरणा स्त्रोत बन चुके अविनाश धार्मिक कार्यक्रमों में भी बढ़ चढ़कर हिस्सा लेते हैं और जरूरत मंदों को आर्थिक सहयोग प्रदान करते रहते हैं। कृषि के साथ साथ वो राइस मिल और गुढ़ मिल के भी संचालक हैं।

# कांग्रेस का आज से धान खरीदी केंद्र चलो अभियान, विधायक अनिला और संगीता बालोद जिले के केंद्रों की जानेंगी वस्तुस्तिथि, किसानो से करेंगे चर्चा, तो इधर कुंवर कांकेर जिले के केंद्रों में करेंगे निरीक्षण

## गुंडरदेही विधायक कुंवर सिंह निषाद को कांकेर जिले का प्रभारी बनाया गया





पायनियर संवाददाता ➤ बालोद
www.dailypioneer.com

आज मंगलवार से कांग्रेस धान खरीदी केंद्र चलो अभियान की शुरुआत करने जा रही है। पीसीसी चीफ दीपक बैज के निर्देशानुसार जिले के स्थानीय कांग्रेसी नेता, जनप्रतिनिधि धान खरीदी केन्द्रों में गठित निगरानी समिति के सदस्यों सहित किसान के साथ खरीदी केन्द्र का भ्रमण करेंगे तथा केंद्र में उपस्थित किसान से चर्चा कर वहां व्याप्त समस्याओं के निराकरण हेतु तत्काल प्रशासनिक व जिम्मेदार अधिकारी को अवगत कराएंगे। बालोद जिले में पूर्व मंत्री एवं डौंडीलोहारा विधायक अनिला भेड़ियां तथा संजारी बालोद विधायक संगीता सिन्हा विभिन्न केंद्रों का भ्रमण कर किसानों से चर्चा करेंगे, और जिन भी केंद्रों में अव्यवस्थ मिलेगी या किसानों को धान बेचने किसी भी प्रकार से दिक्कत हो रही होगी, उसे सम्बंधित अधिकारी को अवगत कराते हुए त्वरित उसका निराकरण करवाएंगी। विधायक अनिला भेड़िया मालीघोरी और विधायक संगीता सिन्हा तरौद खरीदी केंद्र से अभियान का आगाज करेंगे। वही गुंडरदेही विधायक कुंवर सिंह निषाद को कांकेर जिले का प्रभारी बनाया गया है। वे आज कांकेर जिले के विभिन्न धान खरीदी केंद्रों में पहुच वस्तुस्तिथि से अवगत होंगे। बता दे की विधायक अनिला भेड़ियाँ और कुंवर सिंह निषाद ने बीते 25 नवंबर को घीना, मुड़िया, हड़गहन, और अहिवारा नवागांव केंद्र का निरीक्षण किया था, जहाँ केंद्रों में अव्यवस्था व बारदाने की कमी पाई गई थी।

**धान खरीदी की वस्तुस्थिति सहित कार्यकम का विस्तृत प्रतिवेदन से कराए अवगत**

पीसीसी चीफ दीपक बैज ने निर्देशानुसार प्रभारी महामंत्री मलकीत सिंह ने जिलाध्यक्ष, ब्लॉक एवं शहर-नगर अध्यक्षों को पत्र लिख सोसायटी, धान खरीदी केन्द्रों में सतत् निगरानी हेतु खरीदी केन्द्रवार निगरानी समितियों का गठन कर और समिति के सदस्यगण सतत् निगरानी रखते हुए किसान भाईयों को आवश्यक सहयोग करने की बात कही ही। उन्होंने कहा है कि प्रदेश के विभिन्न जिलों से किसानो को प्रशासनिक अव्यवस्था से धान खरीदी में हो रही विभिन्न समस्याओं सहित चुनावी संकल्प पत्र में किये गये वायदे अनुरूप 21 क्विंटल प्रति एकड़ की खरीदी भी नही होने का मामला संज्ञान में आ रहा है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष ने किसानो की इन समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए किसान भाईयों के हित में 3 दिसम्बर को धान खरीदी केन्द्र चलो अभियान चलाये जाने का निर्णय लिया है, जिसके अंतर्गत सभी जिलों में वरिष्ठ नेताओं को जवाबदारी दिया गया है। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा है की प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा जारी जिलेवार प्रभारी नेताओं से आवश्यक सम्पर्क एवं समन्वय स्थापित कर कार्यक्रम की रूपरेखा तय करें, जिसमें सुविधानुसार नियुक्त प्रभारीगण क्षेत्र के अलग-अलग खरीदी केन्द्रों का निरीक्षण करेंगे। साथ ही 1 दिसम्बर की स्थिति में खरीदी केन्द्रवार धान खरीदी की वस्तुस्थिति सहित कार्यकम का विस्तृत प्रतिवेदन से प्रदेश कांग्रेस कमेटी को अगवत कराने की बात भी कही है।

# बिटकुली में आयोजित हुआ अंतर संकुल बाल क्रीडा प्रतियोगिता

पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com




विकासखंड बेमेतरा के जोन चंदनु के संकुल नवागांव, तूमा, मऊ एवं चदनू के कारण प्राथमिक शाला एवं पूर्व माध्यमिक शाला के बच्चों का दो दिवसीय खेल प्रतियोगिता बिटकूली स्कूल में आयोजित किया गया। जिसमें चारों संकुल के हजारों बच्चों ने अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया। जोन प्रभारी हर्ष श्रीवास्तव संकुल समन्वयक मितिलेश मांडले, गिरधारी लाल साहू एवं देव सिंह मंडावी के मार्गदर्शन में जोन के सभी शिक्षकों के सहयोग से यह खेल आयोजित किया गया। आयोजन की व्यवस्था बिटकुली के शिक्षक तीरथ राम साहू, पुरन लाल साहू, संत कुमार, विजेता भुवाल के साथ-साथ जोन के शिक्षक पोखन गंधर्व, दिलीप महंत, जितेंद्र पाटिल, मनीष मानिकपुरी हुकुम साहू मुकेश शर्मा, राकेश ठाकुर तरुण सोनी, दानेश्वर ठाकुर अश्विनी ध्रुव, हरीश बंजारे, राकेश मतावारे की अहम भूमिका रही। इस आयोजन में मुलमुला बिटकुली, नवागांव, चंदनु, बीरमपुर, पुराण, उसलापुर मुंगेली, करंजिया, तुमा, झिरिया, मऊ मुंगेली शालाओं के बच्चों ने भाग लिया। आयोजन के उद्घाटन सत्र में हरेंद्र वैष्णव जनपद उपाध्यक्ष बेमेतरा, झिरिया सरपंच राम विशाल मिश्रा एवं युवा भाजपा नेता राहुल शर्मा अतिथि रहे। खेल प्रतियोगिता बिटकूली में प्रतियोगिता में व्यक्तिगत खेल के साथ-साथ सामूहिक खेल खो खो कबड्डी का आयोजन हुआ, जिसमें विजेता बच्चों को पुरस्कार, प्रमाण पत्र का वितरण किया गया। कार्यक्रम का संचालन बिटकुली के शिक्षक पद्मराज सिंह भुआल ने किया।

# महबूब अंसारी जशपुर जिला मुस्लिम कमेटी के नए अध्यक्ष समाज को शिक्षा और अच्छे रोजगार से जोड़ना प्राथमिकता

## मयाली में जिला मुस्लिम वेलफेयर कमेटी के सदस्यों की बैठक में लिए गए अहम फैसले

पायनियर संवाददाता जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

जिला के मयाली डेम में जिले के सभी विकासखंड से आए मुस्लिम समाज के लोगों ने सामाज को शिक्षा से जोड़ते हुए बुराइयों को दूर करने के उद्देश्य से एक खास बैठक रखी गई, जिसमें मुख्य रूप से समाज की शिक्षा , रोजगार और युवकों को सही दिशा में लाने के उद्देश्य से समाज के जिम्मेदार लोगों ने एक पहल की है जिसका मकसद समाज में पिछड़े हुए लोगों को सही मार्ग प्रशस्त कर के समाज को सही दिशा देना है। पिछड़े वर्गों की सामाजिक समस्या को दूर करने के लिए एक अच्छे विचार धारा से जोड़ने की बात रखी गई और शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार में ध्यान केंद्रित कर युवा समाज को सामाजिक पटल पर लाने की बात रखी गई।



### जिले भर से आए लोग

जशपुर जिला के सभी विकासखंड मनोरा, फरसाबहार, कुनकुरी, दुलदुला, पत्थलगांव, बगीचा, कांसाबेल, जशपुर, से समाज के लोग बैठक में शामिल हुए। सभी ने एक ही स्वर में कहा कि समाज में सुधार लाना आवश्यक है क्योंकि बालकों को और बालिकाओं को शिक्षा के विभिन्न क्षेत्रों में आगे बढ़ाना है रोजगार में सुधार करना जरूरी है। नशा जैसी समाजिक बुराईयों से दूर करने के लिए समाज के लोगों ने मंथन किया और जिला मुस्लिम वेलफेयर कमेटी के द्वारा समाज में हो रही बुराइयों को दूर करने का फैसला लिया। इसमें सर्व समिति से चुनाव हुआ और चुनाव में महबूब अंसारी को जिला अध्यक्ष मनोनीत किया गया वहीं उपाध्यक्ष के पद में सिराज खान, कादिर खान,फसीउद्दीन खान रेहान खान, रुफी खान, नईम खान,अरमान खान जफीर चिस्ती, मोहम्मद इरफान सिकेट्री-असलम आजाद, और खजांची प्यार मोहम्मद खान को चुना गया है।

### ये बनाए गए पदाधिकारी

सेराज खान,संरक्षक-खालिद सिद्दकी,इकबाल अहमद खान, समन्वयक-जमीर इस्लाम जिन्ना, ताहिर अली, सरफराज खान, इफ्तेखार हसन, सेराज राही, परवेज आलम,गुलाम रब्बानी, सैय्यद सहनवाज, कानूनी सलाहकार-फिरोज खान जफीर चिस्ती, तकवीम अख्तर,रफीक हुसैन, आफताब आलम पदाधिकारी मनोनीत किए गए। मीडिया प्रभारी-अलाउद्दीन राही, इरफान फिरदौसी,कमालुद्दीन खान,तनवीर कुरैशी को मनोनीत किया गया।

# बांग्लादेश में हिन्दुओं पर हो रहे अत्याचार के विरोध में सभा और आक्रोश रैली आज

## हिन्दू एकता मंच के तत्वाधान में होगा कार्यक्रम, जनसभा महाराजा चौक में

पायनियर संवाददाता जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

बांग्लादेश में कट्टपंथियों द्वारा हिन्दुओं पर किए जा रहे अत्याचार के विरोध में मंगलवार को हिन्दू एकता मंच द्वारा जनसभा और रैली का आयोजन किया गया है। हिन्दू एकता मंच के संयोजक राजा रणविजय सिंह जूदेव और सह संयोजक सर्वेश्वर सिंह के नेतृत्व में यह प्रदर्शन होगा।

इस सभा और रैली में जशपुर सहित आसपास के गांव से सैकड़ों लोगों के जुटने की उम्मीद है। आक्रोश रैली की तैयारी को लेकर सोमवार को प्रेरणा भवन में बैठक का आयोजन किया गया था। बैठक में चर्चा हुई कि विगत कुछ समय से बांग्लादेश में रह रहे हिन्दूओं का लगातार उत्पीड़न हो रहा है। हिन्दू संतों को गिरफ्तार किया जा रहा है, उनके पूजा स्थल, मंदिर आदि पर इस्लामिक कट्टरपंथी निरंतर हमले कर रहे हैं। इसी क्रम में इस्कॉन के संत चिन्मय कृष्ण दास को आतंकवादी की



तरह व्यवहार करते हुए उन्हें जेल में डाल दिया गया है। उनके साथ अमानवीय बर्बरता की गई है। विगत कुछ समय से मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली बांग्लादेश सरकार में हिन्दुओं के घरों में में तोड़फोड़, आगजनी के साथ ही उनके परिजनों पर हमले व मातृशक्ति के साथ दुराचार की घटनाएं लगातार बढ़ी हैं। यहां तक कि हिन्दू नाम रखने वालों के साथ मारपीट व उनके व्यवसाय पर हमले हो रहे हैं।

उनके पूजा स्थलों को अपवित्र किया जा रहा है। इन घटनाक्रमों से भारत समेत सम्पूर्ण विश्व में रह रहे हिन्दूओं में आक्रोश व्याप्त है। वहीं तथाकथित अंतराष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन जैसे आंख बंद किए हुए है। उनका मौन ऐसे संगठनों की भूमिका को सन्देहास्पद सिद्ध करता है। इसलिए देशभर में हिन्दू समाज ने शांतिपूर्ण तरीके से प्रदर्शन करते हुए इस विषय को स्थानीय प्रशासन के माध्यम से संज्ञान में लाकर केंद्र सरकार से आवश्यक कार्रवाई की मांग की जाएगी। सम्पूर्ण हिन्दू समाज बांग्लादेश में रह रहे हिन्दू भाई-बहनों के साथ है।

### दोपहर दो बजे होगी सभा

तय कार्यक्रम के अनुसार मंगलवार को दोपहर 2 बजे महाराजा चौक में सभा का आयोजन किया जाएगा। जिसे हिन्दू एकता मंच के वक्ता संबोधित करेंगे। इसके बाद आक्रोश रैली निकलेगी। यह रैली महाराजा चौक से निकलकर मुख्य मार्ग से चलते हुए कलेक्टर कार्यालय पहुंचेगी। यहां राष्ट्रपति के नाम पर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा जाएगा।

# बीजेपी संगठन ने आगामी चुनाव के लिए सरगुजा, बलरामपुर के लिए वरिष्ठ नेता नरेश नंदे को बनाया जिला पर्यवेक्षक

पायनियर संवाददाता जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

भारतीय जनता पार्टी छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने प्रदेश चुनाव अधिकारी एवं जिला इकाई के समन्वय के लिए जिला पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की है। इसमें रजनीश कुमार सिंह को कोरिया, मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर, राजा पांडे को बस्तर व कोंडागांव, सौरभ सिंह को कोरबा व सूरजपुर, भूपेन्द्र सवन्नी को रायगढ़ व जशपुर, अनुराग सिंहदेव को दुर्ग व भिलाई, रामजी भारती महासमुंद व



गरियाबंद, संजय श्रीवास्तव को बलौदाबाजार व धमतरी, जगदीश (रामू) रोहरा को कवर्धा व बेमेतरा खैरागढ़ छुई खदान-गंडई, भरत लाल वर्मा को कांकेर व बालोद, विकास मरकाम को नारायणपुर व सुकमा भीमसेन अग्रवाल को राजनांदगांव व मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी, शंकर लाल अग्रवाल को बिलासपुर व गौरेला-पेड्रा मरवाही, निरंजन सिन्हा को मुंगेली व सारंगढ़-बिलाईगढ़, नारायण चंदेल को रायपुर शहर व रायपुर ग्रामीण, रामसेवक पैंकरा को जांजगीर- चांपा व सक्ती, अशोक बजाज को बीजापुर व दंतेवाड़ा और जशपुर भाजपा के वरिष्ठ नेता प्रदेश कार्यसमिति सदस्य नरेश नंदे को सरगुजा व बलरामपुर में पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है।

### मतदाता जागरूकता कार्यक्रम अन्तर्गत महाविद्यालय में रंगोली प्रतियोगिता

**बेमेतरा।** भिभौरी महाविद्यालय में मतदाता जागरूकता कार्य म अन्तर्गत प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित हुई जिसमें अंजली निषाद, जागृति चेलक और पदमिनी निषाद बी.ए. द्वितीय ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। बीए प्रथम सेमेस्टर के पूनम धीवर और सपना बंजारे ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। बीकाम और प्रथम सेमेस्टर के दुलेश्वर,पूरन और अमन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। मतदाता जागरूकता कार्य म अन्तर्गत महाविद्यालय में रंगोली प्रतियोगिता आयोजित हुई जिसमें धनेश्वरी साहू बीएससी प्रथम सेमेस्टर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, वही जागृति चेलक बीए द्वितीय, दूसरे स्थान पर रही।

# दंडी स्वामी श्री ज्योतिर्मयानंद ने आयोजन को लेकर विधायक और नगर पालिका अध्यक्षा से की चर्चा

पायनियर संवाददाता बेमेतरा
www.dailypioneer.com

कृषि उपज मंडी प्रांगण बेमेतरा में दंडी स्वामी श्री ज्योतिर्मयानंद ने धार्मिक अनुष्ठान की तैयारी को लेकर विधायक दीपेश साहू और नगर पालिका अध्यक्षा शंकुतला साहू सहित पार्षदों से गहन चर्चा और विचार विमर्श किया और आयोजन को लेकर सहयोग की बात रखते शामिल रहने की आशा जताई ।जिसमें विधायक ने स्वामी जी को आश्वस्त किया कि जो भी यज्ञ में सहयोग और सहभागिता होगी पूरा करेंगे विधायक ने कहा बेमेतरा नगर के लिए बड़े ही गौरव की बात है कि यहां मंडी प्रांगण में श्रीरुद्र यज्ञ एवं श्रीमद्भागवत का सामूहिक आयोजन किया जा रहा है।धर्म के प्रति आस्था और जागरण मानवीय भावनाओं का



उच्चतम भाव है। विधायक ने आश्वासन दिया जो भी स्वयं के साथ प्रशासनिक सहयोग होगा अवश्य करेंगे। पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा ने कहा जो भी कलश यात्रा के लिए कलश यात्रा मार्ग तय किया जाय और प्रशासन से सहयोग लेकर कार्यक्रम सफल बनाया जाएगा। जितने भी सांस्कृतिक सामाजिक संगठन है सबको साथ लेकर एक भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी। स्वामी श्री ज्योतिर्मयानंद जी ने नगर पालिक अध्यक्षा श्री मति शकुंतला साहू और उपस्थित पार्षदों से आयोजन संबंधित चर्चा में सहयोग और शामिल रहने की बात रखी और बताया कि 7 दिसंबर को बेमेतरा नगर में भव्य कलश यात्रा रखी गई है। धार्मिक यज्ञ एवं श्री मद्भागवत ज्ञान यज्ञ के लिए नगर की कलश यात्रा में अधिक से अधिक महिलाओं से सहयोग लेकर शामिल होने की की बात कही।आयोजित अनुष्ठान के लिए भव्य कलश यात्रा नगर के लिए एक गौरव का विषय बनाने कहा।

# भितघरा में एनएसएस का सात दिवसीय विशेष शिविर का किया गया शुभारंभ

पायनियर संवाददाता जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

विकारखंड बगीचा मे स्थित शासकीय संत रामेश्वर गहिरा गुरु महाविद्यालय बगीचा के राष्ट्रीय सेवा योजना के छात्र- छात्राओ के द्वारा सोमवार को महाविद्यालय के समीप के क्षेत्र मे भितघरा (गोवासी) के शासकीय माध्यमिक शाला में सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ किया गया. इस दौरान संकुल समन्वयक के द्वारा सभी महाविद्यालय परिवार का स्वागत किया गया एवं एन एस एस अधिकारी डॉ राजीव रंजन तिग्गा के द्वारा सभी शासकीय माध्यमिक शाला के बच्चों के साथ मिलजुल कर रहने और गाँव में सभी कार्य किए जाने की बात कही 7 कार्यक्रम में अंजना टोप्पो एवं एन एस एस अधिकारी डॉ राजीव रंजन तिग्गा,



समन्वयक प्रवीण मिंज, पंडित सुंदरलाल शर्मा के समन्वयक संजय पांडे, जंतुविज्ञान से करुणा खल्खो, वनस्पति विज्ञान से आशथा तिर्कि उपस्थित रहे।

# कलेक्टर ने पहाड़ी कोरवा कन्या शिक्षा परिसर एवं धान खरीदी केंद्र का किया निरीक्षण



पायनियर संवाददाता बलरामपुर
www.dailypioneer.com

कलेक्टर राजेन्द्र कटारा ने जिले के राजपुर विकासखण्ड क्षेत्र का दौरा कर पहाड़ी कोरवा कन्या शिक्षा परिसर आवासीय विद्यालय का निरीक्षण किया।

उन्होंने छात्र-छात्राओं की उपस्थिति की जानकारी लेते हुए कहा कि पहाड़ी कोरवा बच्चों को बेहतर शिक्षा प्रदान करना शासन की प्राथमिकता है। बच्चों से बातचीत कर पढ़ाई की गुणवत्ता और उनकी शैक्षणिक प्रगति एवं रसोई घर का जायजा लिया। और कहा कि भोजन की गुणवत्ता और साफ -सफाई के साथ मीनू के अनुसार गुणवत्तापूर्ण व स्वादिष्ट भोजन प्रदान करने के निर्देश दिए। व्ही राजपुर धान खरीदी केंद्र में उन्होंने धान खरीदी प्रभारी से जारी टोकन,धान खरीदी प्रक्रिया, नमी परीक्षण, तौल, बारदाना और भंडारण की स्थिति के बारे में जानकारी ली। कलेक्टर ने संबंधितों को किसानों की सुविधा का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए।

# जिला शिक्षा अधिकारी ने मासिक पत्रिका 'शिक्षा संकल्प' का विमोचन किया

पायनियर संवाददाता बेमेतरा
www.dailypioneer.com

शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला सिंघौरी के शिक्षक देवेन्द्र कुमार साहू द्वारा निर्मित ई-पत्रिका का विमोचन जिला शिक्षा अधिकारी डॉ कमल कपूर बंजारे,जिला मिशन समन्वयक नरेन्द्र कुमार वर्मा, विकासखंड शिक्षा अधिकारी अरूण कुमार खरे के द्वारा किया गया। यह पत्रिका मासिक रूप से प्रकाशित होगी और इसे वेबसाइट www.shikshasankalp.co.in के माध्यम से आसानी से पढ़ा और डाउनलोड किया जा सकेगा। इस पत्रिका की खास बात यह है कि यह पूरी तरह से निःशुल्क उपलब्ध है, जिससे यह ज्ञान और रचनात्मकता के प्रसार में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। यह ई-पत्रिका केवल सूचनाओं का संग्रह नहीं है, बल्कि विचारों, संकल्पों और रचनात्मकता का एक अनूठा संगम है। इसे विद्यार्थियों और शिक्षकों के योगदान से समृद्ध किया गया है। पत्रिका शिक्षा



संकल्प का प्राथमिक उद्देश्य शिक्षा के क्षेत्र में हो रहे नवीनतम विकास और विद्यालय शिक्षण में हो रही गतिविधिओं को सभी के समक्ष प्रस्तुत करना है। इसके माध्यम से स्कूल में आयोजित विभिन्न शैक्षिक गतिविधियों, जैसेः चित्रकला प्रतियोगिता, निबंध लेखन, लेख लेखन जैसी रचनात्मक पहल और इन प्रतियोगिताओं की उपलब्धियों को प्रदर्शित किया जाएगा। यह पत्रिका केवल अकादमिक सफलता पर केंद्रित नहीं है, बल्कि इसका उद्देश्य विद्यार्थियों और शिक्षकों में नैतिक सिद्धांतों और सामाजिक दायित्वों की स्थापना करना है। शिक्षा संकल्प पत्रिका में प्रकाशित सामग्री छात्रों को रचनात्मकता, मूल्यों और जिम्मेदारी की भावना से जोड़ती है। इसके अलावा, यह पत्रिका शिक्षा के क्षेत्र में एक ऐसा मंच प्रदान करती है, जहाँ शिक्षक और छात्र अपने विचारों और संकल्पों को साझा कर सकते हैं। यह प्लेटफॉर्म उनके अंदर छिपी प्रतिभाओं को उजागर करने और उन्हें प्रोत्साहित करने का एक सशक्त माध्यम बनेगा। जिला शिक्षा अधिकारी डॉ कमल कपूर बंजारे ने भी इस पहल की प्रशंसा करते हुए इसे नवाचार और रचनात्मकता का उत्कृष्ट उदाहरण बताया।

# प्रधान पाठक नरेश ठाकुर हुए सेवा निवृत ज्ञान यज्ञ परिवार एवं शिक्षकों ने दी विदाई



पायनियर संवाददाता रामानुजगंज
www.dailypioneer.com

रामचंद्रपुर विकासखंड अंतर्गत पूर्व माध्यमिक शाला कमलपुर के प्रधान पाठक नरेश कुमार ठाकुर ने लगातार 41 वर्ष तक अपनी सेवाएं देने के बाद 30 नवंबर 2024 को सेवा निवृत हुए। उनके सहयोगियों एवं विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के द्वारा स्थानीय वन वाटिका परिसर में विदाई समारोह का आयोजन किया गया था। कार्यक्रम का शुभारंभ नगर के समाजसेवी संस्था ज्ञान यज्ञ मंडल परिवार के तर्ज पर पूजन हवन उपरांत प्रारंभ की गई जहां उपस्थित जनों ने नरेश कुमार ठाकुर को माल्यार्पण एवं पुष्प गुच्छ देकर उनका सम्मान किया गया। सम्मानित हुए नरेश कुमार ठाकुर में सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहां की जिस तरह से आप लोगों का हमेशा सहयोग समय-समय पर मिलता रहा और रिटायरमेंट होने के बाद भी आप लोग का इस्नेह एवं प्यार पाकर मैं अपने आप को गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं। आयोजित कार्यक्रम में मुख्य रूप से सेवा निवृत्त जिला शिक्षा अधिकारी आई.पी.गुप्ता,जिला शिक्षा अधिकारी वी.के.राय,पूर्व डी.एम.सी.एवं वर्तमान उप संचालक समाज कल्याण सरगुजा डी.के.राय, पूर्व एडीपीओ सरगुजा के.सी.गुप्ता, सहायक संचालक सरगुजा संभाग संजय सिंह,विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी रामचन्द्रपुर सदानंद कुशवाहा,शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष बिपिन पाठक,ज्ञान यज्ञ परिवार के अध्यक्ष मोहन गुप्ता, वरिष्ठ नागरिक एवं भाजपा के जिला कोषाध्यक्ष कन्हैया लाल अग्रवाल, वरिष्ठ अधिवक्ता विमलेश सिन्हा सहित सैकड़ों शिक्षक एवं नगरवासी उपस्थित हुए। कार्यक्रम का सफल संचालन सेवा निवृत्त शिक्षक एवं वर्तमान अधिवक्ता रामसेवक गुप्ता के द्वारा किया गया।

## भाजपा संगठन चुनाव को लेकर जिला कार्यशाला संपन्न, 5 दिसंबर तक जिले के 814 बूथ कमेटी का किया जाएगा गठन, पांच नए मंडलों का परिसीमन प्रक्रिया जारी

# लोकतांत्रिक प्रक्रिया से संपन्न होंगे बालोद के भाजपा संगठन का चुनाव : नीलू शर्मा

पायनियर संवाददाता बालोद
www.dailypioneer.com

भारतीय जनता पार्टी संगठन पर्व के रूप में प्राथमिक सदस्यता अभियान, सक्रिय सदस्यता अभियान के पश्चात बूथ कमेटी गठन को अंतिम स्वरूप देते हुए मंडल अध्यक्षों के निर्वाचन हेतु 30 नवंबर को प्रांतीय कार्यशाला के पश्चात 2 दिसंबर को भाजपा जिला बालोद की कार्यशाला रखी गई। जिसमें जिला कार्यशाला में चुनाव अधिकारी के रूप में प्रदेश प्रवक्ता नीलू शर्मा उपस्थित रहे। नीलू शर्मा कार्यशाला में अपेक्षित श्रेणी के कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए भारतीय जनता पार्टी का सक्रिय बूथ-व्यवस्थित मंडल की संरचना के लिए संगठन द्वारा संवैधानिक प्रक्रिया को अपनाते हुए लोकतांत्रिक पद्धति का निर्वहन करते हुए कैसे संगठन की संरचना खड़ी होगी। इस हेतु पार्टी के निर्देश एवं निर्धारित मापदंडों के अनुसार बुथ कमेटी का गठन इसके पश्चात मंडल अध्यक्ष की चुनाव की समस्त प्रक्रियाओं को विस्तार पूर्वक रखा। उन्होंने कहा कि संगठन द्वारा सदस्यता अभियान को राष्ट्रीय



स्तर पर 10 करोड़ सदस्य बनाने का लक्ष्य रखा जो 30 नवंबर तक 11 करोड़ 30 लाख भारतीय जनता पार्टी के सदस्य बनाए गए। वहीं छत्तीसगढ़ को मिले प्रदेश नेतृत्व द्वारा 60 लाख के लक्ष्य को पार करते हुए कार्यकर्ताओं के परिश्रम से एवं प्रदेश नेतृत्व के मार्गदर्शन में 60 लाख 66 हजार प्राथमिक सदस्य बनाए गए। इसके आधार पर सक्रिय सदस्यता के निर्धारित मापदंडों को पूरा करते हुए भाजपा जिला बालोद में 100 प्रतिशत लक्ष्य को प्राप्त करते हुए 1 हजार 800 सक्रिय सदस्य पूर्ण करने पर जिले के समस्त कार्यकर्ताओं नेताओं को बधाई दिए।

**7 दिसंबर को मंडल अध्यक्ष के निर्वाचन की प्रक्रिया की जाएगी संपन्न**-वही उन्होंने कहा कि जिले में 9 मंडल के अध्यक्षों की निर्वाचन की प्रक्रिया 1 से 15 दिसंबर तक संपन्न होगी। वर्तमान स्थिति में पांच नए मंडलों का परिसीमन की प्रक्रिया चल रही है। 6 दिसंबर के पश्चात प्रांतीय निर्देशों के आधार पर गठन की प्रक्रिया संपन्न की जाएगी। बालोद जिले में 50 प्रतिशत बूथ कमेटी का गठन हो चुका है। जिसे 5 दिसंबर तक जिले के समस्त 814 बूथ कमेटी का गठन किया जाएगा। इसके पश्चात 7 दिसंबर को मंडल अध्यक्ष के निर्वाचन की प्रक्रिया संपन्न की जाएगी। इस वर्ष प्रदेश द्वारा आयु सीमा निर्धारित की गई है। मंडल अध्यक्ष के लिए 30 से 45 वर्ष की आयु सीमा को ध्यान में रखकर जातिगत समीकरण क्षेत्रीय संतुलन को ध्यान में रखते हुए संगठन की संरचना की जाएगी। इस हेतु पार्टी द्वारा निर्धारित गाइडलाइन को लेकर मंडल चुनाव अधिकारी व मंडल अध्यक्षों सहित मंडल चुनाव सहयोगियों से संपूर्ण जानकारी लेते हुए मार्गदर्शन किया।

**संगठन के दिशा निर्देशों के अनुरूप चुनाव कराए जाएंगे सम्पन्न**-इससे पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष पवन साहू ने जिला कार्यशाला के स्वागत उद्बोधन में तीन माह से लगातार बुथ से लेकर जिला स्तर के समस्त कार्यकर्ताओं द्वारा अथक परिश्रम से सदस्यता अभियान और सक्रिय सदस्यता अभियान में प्रांतीय स्तर पर सराहना योग्य कार्य के लिए समस्त कार्यकर्ताओं व नेताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी में बुथ मंडल या जिले में नेतृत्व करता समाज में सर्वस्पर्शी सर्व समावेशी व सर्वग्राही भारतीय जनता पार्टी के विचारों और कार्यो को लोकहित में संपादित कर सके ऐसे निष्ठावान सक्रिय कार्यकर्ता चुनकर पार्टी का नेतृत्व करें। इस हेतु संगठन के दिशा निर्देशों के अनुरूप जिले में चुनाव संपन्न कराए जाएंगे। बैठक का संचालन करते हुए जिला महामंत्री, प्राथमिक सदस्यता व सक्रिय सदस्यता के जिला प्रभारी एवं संगठन चुनाव के सह अधिकारी राकेश छोटू यादव ने अब तक हुए संगठनात्मक गतिविधियों एवं कार्यो का विस्तृत जानकारी कार्यशाला में दी चरणबद्ध तरीके से चल रहे संगठनात्मक कार्यो को चुनाव अधिकारी के समक्ष रखा।

**मृत लोगों को दी गई श्रद्धांजलि**-जिला महामंत्री चेमन देशमुख ने भी अपनी बातें कार्यशाला में रखी। कार्यशाला के समापन अवसर पर आभार व्यक्त करते हुए कार्यालय मंत्री व जिला चुनाव सह अधिकारी लोकेश श्रीवास्तव ने किया। आयोजित कार्यशाला मे जिला उपाध्यक्ष देवेंद्र जायसवाल की माता स्वर्गीय जमुना जायसवाल, जिला उपाध्यक्ष किशोरी साहू की धर्मपत्नी स्वर्गीय नीरा साहू, वरिष्ठ कार्यकर्ता स्वर्गीय घनश्याम हिरवानी, जिला मंत्री अमित चोपड़ा के बड़े पिताजी स्वर्गीय मूलचंद चोपड़ा को श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर प्रमुख रूप से उपस्थित रहे पूर्व विधायक प्रीतम साहू, विरेन्द्र साहू, वरिष्ठ भाजपा नेता यशवंत जैन, कृष्णकांत पवार, राकेश यादव, अभिषेक शुक्ला, लेखराम साहू, नरेश यदु, देवेंद्र जायसवाल, त्रिलोकी साहू, ठाकुरराम चंद्राकर, संध्या भारद्वाज, दिलीप शर्मा, नरेश साहू, शरद ठाकुर, जयेश ठिठुर, अमित चोपड़ा, कृतिका साहू, सुरेश निर्मलकर, प्रेम साहू, कौशल साहू, दुष्यंत सोनवानी, प्रणेश जैन, टिनेश्वर बघेल, रूपेश सिंन्हा, राकेश द्विवेदी, मनीष झा, तोमन साहू, जितेन्द्र साहू, मोहम्मद अकबर तिगाला, होरीलाल रावटे, कल्याण साहू, पोषण बनपेला, अब्दुल इब्राहिम, राजिव शर्मा,दानेश्वर मिश्रा, चित्र सेन साहू, नरेंद्र सोनवानी, मेहतर नेताम, थान सिह मांडवी, सौरभ जैन,पवन सोनबरसा, सुरेश केसरवानी, दारा सिंह भावसार्य, संदीप जैन, महेंद्र सिंह, मदन मायती, टिकेंद्र साहू, सुरेश देशमुख, महेंद्र पिपरे, रमेश गुज्जर,कमलेश सोनी, बंटी बाफना, हरीश कट झरे, विवेक वैष्णव, सोमेश साहू, रामनारायण धनकर सहित अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता गण उपस्थित रहे।

# एड्स के खिलाफ सामूहिक प्रयास जरूरी : डॉ. बी.एल.राज

## क्विज प्रतियोगिता में प्रथम स्थान रसभरी ग्रुप, द्वितीय जलेबी ग्रुप और तीसरे स्थान पर चमचम ग्रुप रही

■ विश्व एड्स दिवस पर क्विज प्रतियोगिता का आयोजन

पायनियर संवाददाता ◄ कवर्धा
www.dailypioneer.com



जिला चिकित्सालय कबीरधाम के सभागृह में विश्व एड्स दिवस के अवसर पर क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. बी.एल. राज, डॉ. सलिल मिश्रा, अनुपमा तिवारी (डीपीएम), बालाराम साहू (रेडक्रॉस समन्वयक) और अल्का दुबे (मितानिन समन्वयक) उपस्थित थे। कार्यक्रम ने एड्स के प्रति जागरूकता फैलाने और इससे बचाव के उपायों पर जोर दिया गया है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. बी.एल. राज ने कहा कि एड्स के खिलाफ लड़ाई में सामूहिक प्रयास ही सबसे बड़ा हथियार है। उन्होंने कहा कि हर साल 1 दिसंबर को विश्व एड्स दिवस मनाया जाता है, जिसका उद्देश्य एचआईवी, एड्स के प्रति जागरूकता बढ़ाना और इससे पीड़ित लोगों को सहयोग प्रदान करना है। उन्होंने बताया कि एचआईवी (ह्यूमन इम्यूनो डेफिशिएंसी वायरस) संक्रमण का उन्नत चरण एड्स (अक्वायर्ड इम्यूनोडेफिशिएंसी सिंड्रोम) है, जिससे शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली को गंभीर नुकसान होता है। उन्होंने कहा कि सामूहिक प्रयास और जागरूकता के माध्यम से नए संक्रमणों और भेदभाव को रोका जा सकता है। कार्यक्रम की शुरुआत प्रोजेक्टर के माध्यम से एड्स और उससे बचाव के उपायों की जानकारी देने से हुई। इसके बाद ग्रेसियर नर्सिंग कॉलेज के छात्रों और मितानिनों के बीच क्विज प्रतियोगिता कराई गई। प्रतिभागियों को समूहों में विभाजित किया गया और प्रतियोगिता का संचालन कल्पना ठाकुर एवं अभिलाषा गुप्ता (आईसीटीसी काउंसलर) ने किया। क्विज में एड्स कैसे फैलता है, इसके बचाव के उपाय, जांच की उपलब्ध सुविधाएं और किसे, कब जांच करानी चाहिए जैसे विषयों पर प्रश्न पूछे गए। सही उत्तर देने वाले समूहों को अंक देकर विजेताओं का चयन किया गया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर रसभरी ग्रुप (पूजा, ताकेश्वरी, भगवती और प्रतिमा रही। द्वितीय स्थान पर जलेबी ग्रुप (भारती, याषिका, टीना, मंदाकिनी) और तीसरे स्थान पर चमचम ग्रुप (हेमा, मानकुंवर, नीलम, सरिता) रही। विजेताओं को सीएमएचओ डॉ. बी.एल. राज ने मोमेंटो और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। अन्य प्रतिभागी समूहों को भी प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम में डीपीएम अनुपमा तिवारी ने गर्भावस्था के दौरान एचआईवी जांच को जरूरी बताया, ताकि मां और बच्चे की सही देखभाल की जा सके। उन्होंने कहा कि यह दिवस हमें याद दिलाता है कि सभी को मिलकर एड्स के खिलाफ लड़ाई में योगदान देना चाहिए। वरिष्ठ शिशुरोग विशेषज्ञ डॉ. सलिल मिश्रा ने बताया कि इस साल विश्व एड्स दिवस का थीम है सही मार्ग अपनाएंः मेरा स्वास्थ्य, मेरा अधिकार, जो एचआईवी महामारी के खिलाफ सही निर्णय लेने के महत्व को रेखांकित करता है। इस कार्यक्रम में भवानी सिंह, उज्जैन साहू, नरेश साहू, नीलेश टांडेकर, मोहन साहू, अश्वनी श्रीवास्तव सहित चिकित्सक, हेल्थ स्टाफ, मितानिन और नर्सिंग कॉलेज के छात्र उपस्थित रहे।

**एड्स से बचाव के 7 प्रभावी उपाय**-कार्यक्रम में एड्स के बचाव के लिए खुलकर चर्चा-परिचर्चा की गई। इससे बचाब के सात महत्वपूर्ण बातों पर विशेष ध्यान देने और सतर्क रहने के लिए बताया गया। इस सात महत्वपूर्ण बातों में सुरक्षित और स्वच्छ यौन संबंध पर विशेष ध्यान देने के लिए बताया गया। इसके अलावा नियमित रूप से जांच कराने, प्री-एक्सपोजर प्रोफिलैक्सिस का उपयोग, रक्त और शारीरिक तरल पदार्थो के संपर्क से बचने, हेपेटाइटिस के खिलाफ टीका लगवाने, सुई या सिरिंज साझा नही करने और यौन संचारित रोगों का समय पर उपचार कराने पर जनजागरूकता सन्देश दिए गए।

# दाई-दीदी क्लिनिक से मिल रहा है महिलाओं को दवाई के साथ- साथ नि :शुल्क परामर्श,लोगों को जरूरत की दवाइयां कराई जा रही है उपलब्ध



पायनियर संवाददाता ◄ दुर्ग
www.dailypioneer.com

नगर पालिक पालिक सीमा क्षेत्र अंतर्गत मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना के तहत मोबाइल मेडिकल यूनिट दाई दीदी क्लिनिक अपनी निरंतर सेवाएं दे रहा है, एक भी दिन इसकी सेवाएं बाधित नहीं हुई, प्रतिदिन शहर क्षेत्र के लोगों को बेहतर चिकित्सा सुविधा के साथ ही जरूरत की दवाइयां मोबाइल मेडिकल यूनिट ने उपलब्ध कराई जा रही है। इमरजेंसी के लिए ऑक्सीजन सिलेंडर की व्यवस्था भी यहां पर उपलब्ध है। नगर पालिक निगम दुर्ग क्षेत्र अंतर्गत स्लम क्षेत्रों में मोबाइल मेडिकल यूनिट दाई दीदी क्लिनिक के माध्यम से शिविर लगाकर लोगों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें निःशुल्क दवाइयां उपलब्ध कराई जा रही है। कमिश्नर सुमित अग्रवाल ने निगम क्षेत्र में स्वास्थ्य शिविर का निरीक्षण करने पहुंचे उन्होंने शिविर में चिकित्सकों व उपस्थित स्टाफ की जानकारी लेते हुए मेडिकल यूनिट में किए जा रहे जांच की जानकारी ली। महिलाओं की छोटी, बड़ी बीमारियों का इलाज दाई-दीदी क्लीनिक में हो रहा है, दाई-दीदी क्लीनिक महिलाओं के लिए मददगार साबित हो रही है! महिलाएं अपनी कई सारी चिकित्सा संबंधी परेशानियां लेकर दाई-दीदी क्लीनिक में पहुंचती है और क्लीनिक के महिला डॉक्टर से खुलकर अपनी बीमारियों के संबंध में बताती हैं। महिला चिकित्सक बीमारियों को समझकर आवश्यक जांच कर दवाइयां उपलब्ध करा रही है साथ ही बेहतर चिकित्सीय सलाह भी दे रही है। निरीक्षण के दौरान दाई दीदी क्लिनिक डॉक्टर श्वेता कृपलानी, नर्स चंद्रकला, लैब टेक्नीशियन राजेश्वरी सिन्हा, फार्मासिस्ट विधि साहु, वाहन चालक केदार यादव मौजूद रहे। मोबाइल मेडिकल यूनिट दाई दीदी क्लिनिक में डेंगू जांच की सुविधा भी उपलब्ध मोबाइल मेडिकल यूनिट के माध्यम से बीपी, शुगर, थायराइड, सीकलिन के साथ ही 41 प्रकार के जांच की सुविधा उपलब्ध है।

# एचआईवी पॉजिटिव व्यक्तियों को निःशुल्क विधिक सहायता : जागरूकता शिविरों का आयोजन

पायनियर संवाददाता ◄ कवर्धा
www.dailypioneer.com



विश्व एड्स दिवस के अवसर पर प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कबीरधाम (कवर्धा), सत्यभामा अजय दुबे के निर्देशानुसार और मार्गदर्शन में जिले में विभिन्न विधिक जागरूकता शिविरों का आयोजन किया गया। इन शिविरों में से एक महत्वपूर्ण शिविर शासकीय अनुसूचित जनजाति छात्रावास में आयोजित किया गया, जो सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम में जिला न्यायालय की न्यायिक मजिस्ट्रेट कु पूजा मंडावी और कु. वर्षा गुर्दे ने एचआईवी/एड्स के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि एड्स एक गंभीर बीमारी है, जो एचआईवी (ह्यूमन इम्यूनोडेफिशिएंसी वायरस) संक्रमण के कारण होती है। यह रोग असुरक्षित यौन संबंध, संक्रमित रक्त का उपयोग, दूषित सिरिंज और ब्लेड के साझा उपयोग से फैलता है। उन्होंने इस बीमारी की जानकारी को बचाव का सबसे बड़ा साधन बताते हुए इससे बचने के प्रभावी उपायों पर भी प्रकाश डाला। जागरूकता का यह अभियान छात्रावास तक सीमित नहीं था। ग्राम पंचायत सूरजपुरा, घटमुढ़वा और दुर्जनपुर में भी विधिक जागरूकता शिविर आयोजित किए गए। इन शिविरों में ग्रामीणों को एचआईवी/एड्स से संबंधित जानकारी के साथ-साथ उनके विधिक अधिकारों के प्रति भी जागरूक किया गया। न्यायाधीशगण ने बताया कि विधिक सेवा अधिनियम, 1987 की धारा 12 के तहत एचआईवी/ एड्स पीड़ित व्यक्तियों को भी निःशुल्क विधिक सहायता का अधिकार है। इस प्रावधान के तहत, वे जिला विधिक सेवा प्राधिकरण या समिति के कार्यालय से निःशुल्क अधिवक्ता और कानूनी सलाह प्राप्त कर सकते हैं। इस अवसर पर छात्रावास अधीक्षक अनीता ठाकुर, पीएलव्ही प्रभा गहरवार, किसन साहू और विजय सिंह राजपूत भी उपस्थित थे।

# आईआईटी भिलाई ने खगोल विज्ञान और अनुसंधान से अगली पीढ़ी को किया प्रेरित

पायनियर संवाददाता ◄ भिलाई
www.dailypioneer.com



आईआईटी भिलाई विज्ञानं एवं तकनीकी क्षेत्रों में अनुसंधान और शिक्षण में उत्कृष्टता के अपने मिशन को निरंतर आगे बढ़ा रहा है। भौतिकी विभाग में चल रहा एक प्रमुख प्रोजेक्ट खगोल विज्ञान के क्यूऑट क्यूऑट ब्रह्माण्ड में हाइड्रोजन के विखंडन क्यूऑट पर केंद्रित है। यह प्रोजेक्ट डॉ. महावीर शर्मा के नेतृत्व में संचालित हो रहा है और इसे भारत सरकार के विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा वित्त सहायत प्राप्त है। इस शोध समूह के आकाश गंगा निर्माण और हाइड्रोजन विखंडन पर शोध परिणाम आरएक्सीव पर उपलब्ध हैं। इस शोध में ब्रह्मांड के अंधकारमय अवस्था से सितारों से भरी चमकदार अवस्था में परिवर्तन को समझाया गया है। शनिवार को, आईआईटी भिलाई ने विज्ञानं में प्रशिक्षण के उद्देश्य से, भौतिकी विभाग ने केंद्रीय विद्यालय डोंगरगढ़ के 90 छात्रों और उनके शिक्षकों की मेजबानी की। इस दौरे को भारत सरकार की पीएम योजना के तहत समर्थन मिला। ब्रह्मांडीय विखंडन प्रोजेक्ट के एसोसिएट नचिकेत जोशी और अन्य पीएचडी छात्रों ने स्कूली बच्चों के लिए इंटरएक्टिव और प्रेरणादायक सत्र आयोजित किया। इस सत्र में खगोल भौतिकी और सूर्य उत्सर्जन जैसे उन्नत विषयों पर चर्चा की गई। खगोलीय पिंडों का अवलोकन करने के लिए एक टेलीस्कोप सत्र भी आयोजित किया गया, जिसने छात्रों को बेहद रोमांचित किया। उनकी यात्रा का समापन भौतिकी विभाग की प्रयोगशालाओं और टेलीस्कोप पर व्यावहारिक अनुभव के साथ हुआ। छात्रों ने इस कार्यक्रम को बेहद लाभकारी और प्रेरणादायक बताया। निदेशक प्रोफेसर राजीव प्रकाश के नेतृत्व में, आईआईटी भिलाई छत्तीसगढ़ को विज्ञान और प्रौद्योगिकी में उत्कृष्टता का केन्द्र बनाने के लिए अग्रसर है।

# राजभवन में आयुष विभाग के चिकित्सकों ने राज्यपाल रमेन डेका का पकृति परीक्षण किया



पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

राज्यपाल रमेन डेका का राजभवन में आयुष विभाग के चिकित्सकों द्वारा प्रकृति परीक्षण किया गया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ आयुर्वेद एवं युनानी चिकित्सा पद्धति और नेचरोपैथी काउंसिल रायपुर के रजिस्ट्रार डॉ. संजय शुक्ला, आयुष विभाग के संयुक्त संचालक डॉ. सुनिल दास, शासकीय आयुर्वेदिक महाविद्यालय रायपुर के प्राचार्य डॉ. जी.आर चतुर्वेदी, डॉ. विनय भारद्वाज और डॉ. ओपी राउत उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि आयुष मंत्रालय भारत सरकार द्वारा देश का प्रकृति परीक्षण अभियान आरंभ किया गया है। यह अभियान संविधान दिवस 26 नवंबर से प्रारंभ है और पूर्व प्रधानमंत्री स्व.अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म दिवस 25 दिसम्बर तक चलेगा जिसमे देश व प्रदेश के आयुर्वेद विधा से जुड़े शासकीय एवं निजी शिक्षक, चिकित्सक, छात्र-छात्राओं सहित राज्य में 15 लाख नागरिकों का मोबाइल एप के द्वारा आयुर्वेद के सिद्धांतों के अनुरूप प्रकृति (वात, पित्त, कफ) परीक्षण किया जाएगा।

# शासकीय महाविद्यालय में मनाया गया एड्स जागरूकता कार्यक्रम



पायनियर संवाददाता ◄ सरायपाली
www.dailypioneer.com

विश्व एड्स दिवस के उपलक्ष्य में डॉ. भीमराव अंबेडकर शासकीय महाविद्यालय, बलोदा में यूथ रेड क्रॉस, प्राणिशास्त्र विभाग, रेड रिबन क्लब और सेक्सुअल हैरेसमेंट कमिटी के संयुक्त तत्वाधान में एड्स जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों और समाज को एड्स के प्रति जागरूक करना और इस रोग से बचाव के उपायों को समझाना था। कार्यक्रम की शुरुआत महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. किशोर कुमार तिवारी के स्वागत उद्बोधन से हुई। उन्होंने एड्स जागरूकता के महत्व पर प्रकाश डाला। यूथ रेड क्रॉस प्रभारी अधिकारी रमेश कुमार पटेल ने एड्स से संबंधित समाज में फैली भ्रांतियों से अवगत कराया तत्पश्चात ऑडियो, वीडियो प्रेजेंटेशन द्वारा छात्रों को जागरूक किया गया। महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापकगण अनीता पटेल, जितेंद्र कुमार पटेल, किरण कुमारी, गजानंद नायक, एंजेला विजयलक्ष्मी लकड़ा, रश्मि निबर्गिया, अतिथि व्याख्याता माधुरी प्रधान और ऋतुराज भोई ने भी अपने विचार रखे तथा छात्रों के बीच प्रश्नोत्तर सत्र आयोजित किया गया, कार्यक्रम में उपस्थित सैकड़ों छात्रों ने प्रश्नोत्तर सत्र में भाग लिया और जागरूकता के संदेश को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। यूथ रेड क्रॉस के सदस्यों ने जागरूकता पोस्टर और स्लोगन का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित छात्रों और स्टाफ ने एड्स की रोकथाम और समाज में जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया।

# अदाणी फाउंडेशन ने किया विशाल मल्टीस्पेशलिटी हेल्थ कैंप का आयोजन



पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

सामुदायिक कल्याण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को और मजबूत करते हुए अदाणी फाउंडेशन, अदाणी पावर लिमिटेड रायपुर, रायखेड़ा द्वारा ग्राम गैतरा में निःशुल्क विशाल मल्टीस्पेशलिटी स्वास्थ्य शिविर का आयोजन गैतरा ग्राम पंचायत भवन में किया, जहां आस-पास के 12 गांवों–चिचोली, मुरा, गौरखेड़ा, भाटापारा आदि के ग्रामीण लाभान्वित हुए। शिविर में राजधानी रायपुर के विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा अस्थि, हृदय, स्त्री रोग, शिशु रोग,और औषधि विशेषज्ञ विभाग से जुड़ी सेवाएं दी गई। शिविर में 419 ग्रामीणों ने स्वास्थ्य लाभ लिया। मरीजों की जांच के बाद उन्हें निःशुल्क दवाइयां भी प्रदान की गई। शिविर के प्रचार-प्रसार के लिए ग्राम स्तर पर हैंड बिल, पाम्पलेट और माइक के माध्यम से सूचना दी गई। शिविर का उद्घाटन जनप्रतिनिधि पंच संतोष सिन्हा एवं अदानी पावर के हेड सिक्योरिटी राजकुमार मंडल, एजीएम लैंड मलिक, अदानी फाउंडेशन टीम से प्रीति प्रजापति, दीपाली दास, सदस्य एवं पंचगणों की उपस्थिति में अतिथियों का स्वागत पुष्प गुच्छ देकर किया गया। शिविर का मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों को स्थानीय स्तर पर चिकित्सा सेवाएं प्रदान करना था, क्योंकि ये गांव ब्लॉक मुख्यालय से 15 किमी और जिला मुख्यालय से 40 किमी की दूरी पर स्थित हैं। इन इलाकों में कुशल चिकित्सा सेवाओं की अनुपलब्धता के कारण ग्रामीणों को इलाज के लिए बड़ी मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। अदाणी फाउंडेशन का मानना है कि स्वास्थ्य हर नागरिक का मौलिक अधिकार है और इसे सुलभ बनाना हमारी प्राथमिकता है।

# शिवनारायण तकलीफ को नजर अंदाज कर औरों को करता प्रेरित, बहुमुखी प्रतिभा के धनी हैं दिव्यांग शिवनारायण देवांगन

पायनियर संवाददाता ◄ उतई
www.dailypioneer.com



जहां एक ओर स्वस्थ व्यक्ति को कुछ भी करने के लिये जी चुराते देखा होगा पर एक दिव्यांग शिक्षक में सब कुछ कर गुजरने का हौसला किसी में हो यह कम दिखता है। ऐसा दिव्यांग शिक्षक दिखे तो अचरज होता है पर डॉ.शिवनारायण देवांगन आस जो शास.उ.मा.शाला अंजोरा (ख) दुर्ग के दिव्यांग व्याख्याता जीव विज्ञान में सब कुछ है। देवांगन की सादगी को देख कर जज कर पाना मुश्किल है। आज व्हील चेयर में भी बड़ी उत्साह व हौसला से भरे नजर आते है इनका व्हील पावर का जितना तारीफ करे वो कम ही होगा। ये स्वयं के बजाय लोगों को आगे लाने निरंतर कार्य करते रहते है जो भी काम मन में ठान ले उसे अंजाम तक पहुंचाकर ही रहता है। शाला में नवाचार द्वारा शिक्षण कार्य कराते हुए अपने विषय में शत-प्रतिशत परीक्षा परिणाम के अतिरिक्त हर एक गतिविधियों में हमेशा अग्रणी रहते है और बच्चों को प्रोत्साहित कर आगे बढ़ाने हमेशा प्रयासरत रहते वहीं कार्यालयीन कार्य में भी पूर्ण दक्ष है और सबकी मदद करते रहते हैं। वहीं जरूरतमंद विद्यार्थियो को उचित मार्गदर्शन व सहयोग करते रहते है। साहित्य के क्षेत्र में भी अच्छी पकड़ रखते है स्वयं की काव्य कृति वक्त ये कहता है एवं संघर्ष अभी जारी है के प्रकाशन के साथ 30 से अधिक राष्ट्रीय साहित्य संकलन व काव्य संग्रह का सम्पादन व प्रकाशन व बहुत सारी पत्रिका प्रकाशित कर चुके है। सांस्कृतिक क्षेत्र में बच्चों व शिक्षकों को प्रोत्साहित करने नियमित कार्यक्रम का आयोजन कर मंच प्रदान कर रहे है सभी को प्रमाण पत्र व ई प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित करते है कई शिक्षक इनके सहयोग से बड़े-बड़े सम्मान प्राप्त कर चुके हैं व अपने छुपे हुए प्रतिभा को सामने ला रहे है। समाज सेवा के क्षेत्र में भी जरूरतमंद को यथायोग्य सहयोग करते है किसी को आर्थिक सहयोग तो किसी को फीस का राशि तो किसी को पुस्तक कापी देकर सहयोग करते है कभी वृद्धा आश्रम तो कभी दिव्यांगों के बीच जाकर सहयोग करते है और उनकी तकलीफ देखकर स्वयं की तकलीफ भूल जाते है। शिवनारायण देवांगन अपने घर में पुस्तकालय भी बनाया है जिसमे हजारों पुस्तक का संग्रह देखने व पढ़ने को मिलेगा जो प्रायः ही किसी के घर हो। इसके अतिरिक्त भी आस हस्तकला, चित्रकला, नवाचार, कला, साहित्य, लेखन, खेल, सांस्कृतिक व पर्यावरण संरक्षण में भी हुनर रखते है।

## गुणवत्तायुक्त शिक्षा के साथ हाईटेक लैब, लाइब्रेरी, सीसीटीवी कैमरे, खेल मैदान और स्वच्छ शौचालय की सुविधा

# पीएमश्री स्कूल : देश की भावी पीढ़ी को संवारने शासन की पहल

पायनियर संवाददाता ◄ कांकेर
www.dailypioneer.com



हम ऐसी शिक्षा चाहते हैं जिससे चरित्र का निर्माण हो, मन की शक्ति बढ़े, बुद्धि का विस्तार हो और व्यक्ति अपने पैरों पर खड़ा हो। भारत के महान दार्शनिक, विचारक और समाज सुधारक स्वामी विवेकानंद का यह कथन आज भी प्रासंगिक है, क्योंकि शिक्षा ही वह माध्यम है जिसके बूते मनुष्य स्वयं को स्थापित करते हुए अपने जीवन को सामाजिक, आर्थिक और नैतिक ऊंचाइयों की ओर दिशा और दशा प्रदान करती है। स्वामी विवेकानंद के इन्हीं विचारों को आगे बढ़ाते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश भर में पीएमश्री स्कूल योजना लागू की। इन स्कूलों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के अलावा नवीन एवं आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं, जिनमें स्मार्ट क्लासेज, हाईटेक लाइब्रेरी, कम्प्यूटर लैब, विषयवार सुसज्जित प्रयोगशाला, अटल टिंकरिंग लैब, मीडिया कार्नर, स्वच्छ शौचालय, आकर्षक खेल मैदान एवं सुरक्षित शाला परिसर विकसित किया गया है। जिले में कुल 15 पीएमश्री स्कूल संचालित हैं, जिनमें 09 प्राथमिक स्तर (कक्षा पहली से पांचवी तक) और 06 उच्चतर माध्यमिक स्तर (नर्सरी से कक्षा 12वीं तक) के स्कूल सम्मिलित हैं।

**छात्राओं ने फर्राटेदार इंग्लिश में दिया जवाब-** जिले के भानुप्रतापपुर विकासखण्ड मुख्यालय में पीएमश्री स्कूल संचालित है, जहां कुल 990 विद्यार्थियों को 29 शिक्षकों के द्वारा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दी जा रही है। इनमें कक्षा पहली से 12वीं तक अंग्रेजी माध्यम के 672 विद्यार्थी और कक्षा 9वीं से 12वीं तक हिन्दी माध्यम के 318 छात्र-छात्राएं शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। इसी स्कूल की कक्षा 11वीं गणित की छात्रा कु तान्याश्री मढ़रिया ने फर्राटेदार अंग्रेजी में बताया- पीएमश्री स्कूल प्रोवाइडेड अस क्वालिटी एजुकेशन विद वेल एक्यूप्ड लाइब्रेरी, कंप्यूटर लैब्स, इंफ्रा स्ट्रक्चर एंड सेफ सराउंडेड कैम्पस, इसी स्कूल की कक्षा दसवीं की छात्रा कु गुनगुन ठाकुर ने पीएमश्री स्कूल के बारे में बताया- अवर टीचर्स आर वेरी हेल्पफुल, दे ऑलवेज क्लियर डाउट्स, हियर अल्सो प्रोवाइडेड क्लीन ड्रिंकिंग वॉटर एंड नाइस प्लेग्राउंड, दोनों छात्राओं ने पीएमश्री स्कूल कॉन्सेप्ट के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का आभार व्यक्त किया कि शासन ने शासकीय शालाओं को निजी स्कूलों से भी बेहतर सुविधाएं पीएमश्री स्कूल में मुहैय्या कराई हैं। इसी तरह स्कूल की छात्रा कु. हर्षिता सोरी, काजल गावड़े, आदित्य श्रीवास्तव, निखिल पांडेय, गुणांक वर्मा, आफताब खान ने भी स्कूल में उपलब्ध शैक्षणिक और गैर शैक्षणिक सुविधाओं की सराहना की।

**दो छात्राओं का हुआ जेईई में चयन**-संस्था के प्राचार्य पी.आर. भारद्वाज ने बताया कि पीएमश्री योजना के तहत इस स्कूल का चयन किया गया है, जहां दो पालियों में हिन्दी एवं अंग्रेजी माध्यम में बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दी जा रही है। पिछले शिक्षा सत्र में यहां के 75 प्रतिशत विद्यार्थियों ने सफलता हासिल की थी। उन्होंने बताया कि वर्ष 2023-24 में इस स्कूल की दो छात्रा कुमारी कुमकुम धनेन्द्र और कु. मुस्कान बघेल का चयन जेईई के लिए हुआ है। वर्तमान में कु. कुमकुम एनआईटी रायपुर और कु. मुस्कान ट्रिपल आईटी रायपुर में अध्ययनरत है। उन्होंने यह भी बताया गया कि पूरे स्कूल परिसर में सुरक्षा के दृष्टिकोण से 16 सीसी टीवी कैमरे स्थापित किए गए हैं। इसके अलावा नॉलेज कॉर्नर, आईटी जोन आदि स्थापित किए गए हैं।

**परख के तहत प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए तैयार किया जा रहा विद्यार्थियों को**-जिला शिक्षा अधिकारी अशोक कुमार पटेल ने बताया कि जिला प्रशासन के सहयोग से परख कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है जिसके तहत शाला के विद्यार्थियों को जेईई-नीट सहित विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए तैयार करने विषय विशेषज्ञों के द्वारा निःशुल्क कोचिंग दी जाती है तथा प्रति सप्ताह टेस्ट परीक्षा लेकर समय सीमा में ओएमआर शीट भराए जाने की प्रैक्टिस भी कराई जाती है। उल्लेखनीय है कि जिले के अंतागढ़ के पीएमश्री स्कूल में कक्षा पहली से पांचवी तक की कक्षाएं संचालित हैं।

# खोंगापानी में चला नशामुक्ति जन जागरूकता अभियान



पायनियर संवाददाता ◄ एमसीबी
www.dailypioneer.com

कलेक्टर एवं समाज कल्याण विभाग के तत्वावधान में संस्था ग्राम विकास समिति द्वारा यमुना प्रसाद शास्त्री उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खोंगापानी मनेन्द्रगढ़ जिला एमसीबी में छात्र-छात्राओं के बीच नशामुक्ति जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संस्था संचालक प्रभाकर द्विवेदी ने अपने उदबोधन में नशा से होने वाले शारीरिक, मानसिक, सामाजिक एवं आर्थिक समस्या के बारे में अवगत कराया और नशे के आदी व्यक्ति जो नशा नही छोड़ पा रहे है, उन लोगों के लिए हमारे जिले में नशा मुक्ति केंद्र का संचालन किया जा रहा है। जहाँ पर निःशुल्क उपचार एवं परामर्श सुविधाएं दी जा रही है। इस जागरूकता कार्यक्रम में उपस्थित प्राचार्य सारंगा सिंह, एस.डी. द्विवेदी, अशोक श्रीवास्तव, रमेश साहू, असन सरकार, अमजद अली, रामाकांत मिश्रा, बी.बी. पाण्डेय, मिथुन चक्रवर्ती, शिक्षकगण एवं संस्था के समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे।

# सीएम साय द्वारा गौशालाओं को प्रति मवेशी दी जाने वाली अनुदान की राशि 25 रुपए से बढ़ा कर 35 रुपए करने की घोषणा

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने गौशालाओं को प्रति मवेशी दी जाने वाली अनुदान की राशि 25 रुपए से बढ़ा कर 35 रुपए करने की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि गौ माता के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए छत्तीसगढ़ में जनजागरूकता अभियान चलाने की आवश्यकता है। मुख्यमंत्री साय राजधानी रायपुर के पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में छत्तीसगढ़ राज्य गौ सेवा आयोग के नव नियुक्त अध्यक्ष विशेषर सिंह पटेल के पदभार ग्रहण समारोह को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने नई जिम्मेदारी मिलने पर छत्तीसगढ़ राज्य गौ सेवा आयोग के नव नियुक्त अध्यक्ष विशेषर पटेल को बधाई और शुभकामनाएं दीं और उनका अभिनंदन किया। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर लगाए गए गौ-उत्पादों के स्टालों का अवलोकन भी किया।समारोह में उपमुख्यमंत्री अरूण साव और विजय शर्मा भी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि गौ माता हमारी समृद्धि का प्रतीक है। ऐसा माना जाता है कि गौ माता में 33 कोटि देवी देवताओं का वास होता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि गौ अभ्यारण्य को गौ-धाम कहना उचित होगा। राज्य सरकार द्वारा जगह जगह गौ -धाम बनाने का निर्णय किया गया है। बेमेतरा जिले के झालम में 50 एकड़ में गौ-धाम बनकर तैयार है, जल्द ही इसका उदघाटन किया जाएगा। इसी तरह कवर्धा जिले में 120 एकड़ में गौ-धाम बनाने का काम तेजी से चल रहा है। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा प्रदेश में दुग्ध उत्पादन को बढ़ावा देने और छत्तीसगढ़ के देवभोग ब्रांड को मजबूत बनाने का काम किया जा रहा है। राज्य सरकार का प्रयास होगा कि गौ माता सुरक्षित रहें। गौ तस्करी और गौ हत्या पर पाबंदी लगाने के लिए सख्ती से कदम उठाए जा रहे हैं। उपमुख्यमंत्री अरूण साव ने कहा कि गौ -माता हमारी कृषि अर्थव्यवस्था का अभिन्न अंग हैं। इनके संरक्षण और संवर्धन के लिए आवश्यक है कि हम गौ -माता के लिए अपने घर में जगह बनाएं, गौ -पालन करें। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि प्रदेश में विष्णु का सुशासन है। पीएससी घोटाले और भ्रष्टाचार करने वालों के खिलाफ सख्त करवाई की जा रही है। राज्य सरकार गुजरात के अमूल की तर्ज पर पशुपालन को समाज और परिवार की आर्थिक तरक्की का जरिया बनाएगी। छत्तीसगढ़ राज्य गौ सेवा आयोग के नव नियुक्त अध्यक्ष विशेषर सिंह पटेल ने आयोग के कार्यों और भावी योजनाओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। इस अवसर पर पूर्व मंत्री ननकी राम कंवर, संत राम बालक दास, संत राजीव लोचन जी महाराज, आचार्य राकेश, दीदी प्रज्ञा भारती, साध्वी गिरिजेश नंदिनी, पवन साय, रामप्रताप सिंह, छत्तीसगढ़ राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष नेहरू निषाद, छत्तीसगढ़ वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष सलीम राज, राज्य गौ सेवा आयोग के रजिस्ट्रार डॉ समीर शर्मा भी उपस्थित थे।

# सरपंच, जनपद सदस्य व जिला पंचायत सदस्य बनाने जुट जायें : विधायक



पायनियर संवाददाता < डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com

कांग्रेस पार्टी का कार्यकर्ता जिद में आ जाये तो अपने बीच का सरपँच, जनपद सदस्य और जिला पंचायत सदस्य हर हाल में बना सकते हैं। हमें अपने रूटीन कार्यो को सरकारी ऑफिस में निपटाने अपने बीच के नेता की जरूरत पड़ती है। इसलिए हमें अपने बीच के सक्रिय और मिलनसार व्यक्ति को ही आगे बढ़ाना चाहिए। उक्त बातें विधायक दलेश्वर साहू ने कार्यकर्ताओं से कही।

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के बैनरतले 30 नवंबर को त्रिवेणी संगम परिसर सोनेसरार में तथा 01 दिसंबर को सूखानाला बैराज में दीपावली मिलन एवं कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित हुई। कांग्रेस के जोन प्रभारी, सेक्टर प्रभारी, बूथ प्रभारी सहित प्रमुख कांग्रेस कार्यकर्ताओं के सम्मेलन में विधायक दलेश्वर साहू ने कार्यकर्ताओं से सीधे संवाद करते हुए दिवाली की बधाई व शुभकामनाएँ दी। विधायक ने आगामी त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के मद्देनजर कार्यकर्ताओं की नब्ज टटोलते हुए अपने पार्टी के अपने बीच से ही सर्वप्रिय व सक्रिय व्यक्ति को ही जनप्रतिनिधि बनाने का सुझाव देते हुए एक बार फिर से सक्रिय हो जाने का आव्हान किया। त्रिवेणी संगम सम्मेलन में जनपद उपाध्यक्ष सुयश नाहटा ने आभार व्यक्त किया। सूखानाला बैराज सम्मेलन में जनपद अध्यक्ष टिकेश साहू ने आभार व्यक्त किया। सम्मेलन में ब्लॉक अध्यक्ष चेतन साहू, पुर्व अध्यक्ष मोहन अय्यर, पुर्व अध्यक्ष बलीराम साहू, जनपद अध्यक्ष टिकेश साहू व जनपद उपाध्यक्ष सुयश नाहटा, किसाननेता मदन साहू, गणेश साहू, मुरली निषाद, कमल नारायण वैष्णव, सँतोष ठाकुर, बिसंभर साहू, लोकेश सिन्हा, ऐश्वर्य जंघेल, लीलम गोस्वामी, वारेन साहू, लोकेश निषाद, टाकेश साहू, जनपद सदस्यगण मोहनीश साहू, दिबिका साहू, मोनिका साहू एवं नरबद चंद्रवंशी, रेवाराम साहू, डॉ नरेंद्र साहू व जमुना साहू के अलावा जनपद सदस्यगण एवं निकाय के पार्षदगण विशेष तौर पर सम्मिलित हुए। सभी वक्ताओं ने सक्रियता पर जोर दिया।

# विधायक ने किया स्कूल के अतिरिक्त कक्ष का लोकार्पण

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



बसना विधायक डॉ सम्पत अग्रवाल ने शासकीय प्राथमिक शाला डिपोपारा लहरौद (पिथौरा) के स्कूल में 14 लाख की राशि से नवनिर्मित अतिरिक्त कक्ष का विधिवत पूजा अर्चना कर फीता काट कर लोकार्पण किया। इस अवसर पर विधायक डॉ.सम्पत अग्रवाल ने कहा कि स्कूल में अतिरिक्त कक्ष बनने से निश्चित ही स्कूल के विद्यार्थियों को लाभ होगा। भाजपा की डबल इंजन की केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार के द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में अनेक योजनाओं का विद्यार्थियों को लाभ मिल रहा है।

इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष उषा पटेल, भाजपा मंडल अध्यक्ष नरेश सिंघल नगर पंचायत बसना उपाध्यक्ष सुमित अग्रवाल, महामंत्री आशीष शर्मा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य स्वप्निल तिवारी, सरपंच लता रूपसिंग ठाकुर बजरंग प्रियरंजन कोसरिया अग्रवाल राजेश मिश्रा सुरेंद्र साहू रैदास गोयल मन्नूलाल ठाकुर क्षमा गोयल युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष विजय नायक युवा मोर्चा अध्यक्ष विजयराज पटेल विधायक प्रतिनिधि अनूप अग्रवाल पुष्पराज गजेंद्र सुमित अग्रवाल रविंदर आज़मानी सुरेंद्र पांडेय दिलीप निषाद , प्रधानपाठक श्रीमती प्रेमबाई पैंकरा, उपसरपंच रमेश सिंहा संजय गोयल अमित अग्रवाल किसान मोर्चा अध्यक्ष अजय डड़सेना, अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष अनूप तानडी युवा मोर्चा महामंत्री सौरभ अग्रवाल,शोभाराम बरिहा शाला विकास समिति अध्यक्ष बेनू वैष्णव,गोदावरी दीवान सतीश धुरुव डिगेश्वरी वैष्णव आशा श्रीवास हीरा सिंग धुरुव नंदकुमारी दीवान अभिषेक वैष्णव जनप्रतिनिधिगण सहित बड़ी संख्या छात्र छात्राएं व पालकगण मौजूद रहे।

# अग्रवाल संगठन की जिला अध्यक्ष प्रियंका अग्रवाल का मनाया गया जन्म दिवस

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल संगठन की रायपुर जिला इकाई द्वारा रामसागर पारा स्थित आवासीय बाल आश्रम में जिला महिला अग्रवाल अध्यक्ष प्रियंका अग्रवाल का जन्मदिन बड़े उल्लास के साथ मनाया गया जिसमें सभी बच्चों को कुरकुरे, चिप्स, केक, फल, बिस्कट,समोसा ,आलूचाप, आदि खिलाकर प्रियंका अग्रवाल ने अपना जन्म दिवस मनाया वही बच्चों के साथ संगठन की सभी महिलाओं ने गेम्स खिलवाया गया जहां बच्चों के चेहरे पर खुशी झलकी वही आश्रम में सभी बच्चों को जल्द ही मोजा,स्वेटर वितरण किया जाएगा।आश्रम में बालकों की संख्या 100 है। वही इस कार्यक्रम संगठन की संरक्षिका अनिता अग्रवाल के नेतृत्व में किया गया जिसमें जिला अध्यक्ष प्रियंका अग्रवाल प्रचार प्रसार मंत्री ज्योति अग्रवाल अंजना अग्रवाल, अनिता अग्रवाल, सुनीता अग्रमोदी ,रेखा बंसल, सीता अग्रवाल, जया बिंदल,नेहा अग्रवाल, राखी अग्रवाल, आदि पदाधिकारी उपस्थित रहे। प्रांतीय अध्यक्ष गंगा अग्रवाल एवं प्रांतीय महामंत्री निधि अग्रवाल ने इस पुनीत कार्य के लिए सभी सदस्यों को बधाई प्रदान की यह जानकारी मीडिया प्रभारी ज्योति अग्रवाल ने दी।

# रामानुजनगर में विकासखंड स्तरीय युवा उत्सव का हुआ आयोजन

पायनियर संवाददाता < सूरजपुर
www.dailypioneer.com



कलेक्टर एस.जयवर्धन एवं जिला पंचायत सीईओ कमलेश नंदिनी साहू के मार्गदर्शन में विकासखंड स्तरीय युवा उत्सव शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रामानुजनगर के खेल ग्राउंड में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनपद सदस्य रामानुज नगर राम बख्त पड़वार, कार्यक्रम की अध्यक्षता अजय मोडियम अनुविभागीय अधिकारी रामानुजनगर तथा विकासखंड शिक्षा अधिकारी पंडित भारद्वाज, करा रोपण अधिकारी रामानुज नगर कमलभान दुबे, ब्लॉक परियोजना अधिकारी रविनाथ तिवारी,पूर्व जनपद उपाध्यक्ष रामानुज नगर रामनिवास साहू, पूर्व सरपंच नारायणपुर रामविलास साहू एवं अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थिति में संपन्न हुआ। इस आयोजन में सामूहिक लोक नृत्य, सामूहिक लोकगीत, व्यक्तिगत लोक नृत्य व्यक्तिगत लोकगीत, कहानी लेखन, चित्रकला, तात्कालिक भाषण, विज्ञान मेला आदि विधाएँ सम्मिलित रही।विज्ञान मेला में द्वितीय स्थान संदीप मरावी शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रामानुज नगर तथा प्रथम स्थान अविनाश सिंह शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रामानुजनगर ने प्राप्त किया। कहानी लेखन में तृतीय स्थान अर्चित कुमार द्विवेदी शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रामानुज नगर द्वितीय स्थान प्रतीक उपाध्याय शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रामानुज नगर तथा प्रथम स्थान सिद्धार्थ शासकीय महाविद्यालय रामानुज नगर ने प्राप्त किया। चित्रकला में द्वितीय स्थान प्रशांत डडसेना शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रामानुज नगर तथा प्रथम स्थान खुशी पटेल शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रामानुज नगर ने प्राप्त किया। व्यक्तिगत लोकगीत में प्रथम स्थान अमोल सिंह शासकीय महाविद्यालय रामानुज नगर ने प्राप्त किया तात्कालिक भाषण में द्वितीय स्थान ममता शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रामानुज नगर ने तथा प्रथम स्थान प्रतीक उपाध्याय शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रामानुज नगर ने प्राप्त किया।

# धान से भरा खरीदी केंद्र, ऑनलाइन नहीं कट रहा टोकन, किसान परेशान

पायनियर संवाददाता < कुम्हारी
www.dailypioneer.com



प्रदेश सहित कुम्हारी स्थित सेवा सहकारी समिति में धान खरीदी शुरू हुए दो सप्ताह बीत चुके है। लेकिन ख़रीदी केंद्र में जगह की कमी व टोकन को लेकर किसान परेशान है। इन दिनों कुम्हारी सोसायटी में धान की बंपर आवक होने के कारण पूरा ख़रीदी केंद्र धान से भर गया है। जिस किसान का धान बेचने के लिए पहले से टोकन है। वह भी ख़रीदी केंद्र में जगह नही होने के कारण उपज नही बेच पा रहा है। वहीं पहले से टोकन को लेकर समस्या झेल रहे किसानों के लिए अब जगह को लेकर और समस्या उत्पन्न हो गई है। हालांकि समिति प्रबंधक ने जानकारी देते हुए बताया कि खरीदे गए धान का उठाव नही होने से खरीदी केंद्र धान से भर गया किसानों की समस्या को देखते हुए महामाया मार्ग स्थित उप खरीदी केंद्र में किसानों का धान ख़रीदा जाएगा जिसकी तैयारी पूरी कर ली गई है। वहीं समिति प्रभारी बसंत साहू ने बताया कि किसानों को समिति प्रबंधन द्वारा हर संभव मदद की जा रही है। प्रत्येक किसानों को मेनुअल टोकन से दिया जा रहा है। वहीं मौसम की बेरुखी को देखते हुए फड़ में धान की सुरक्षा के लिए उपयुक्त संसाधन की उपलब्धता सुनिश्चित की गई है। अब तक समिति प्रबंधन द्वारा 126 किसानों से 5724 क्विंटल धान खरीदा जा चुका है। जिसके लिए समर्थन मूल्य के हिसाब से 1 करोड़ 31 लाख 70 हजार 664 रुपये की राशि में 33 लाख 84 हजार 685 रुपये की ऋृण वसूली की गई है। ऋृण वसूली के बाद 93लाख 9 हजार 66 रुपये किसानों के खातों में हस्तांतरित कर दी गई है।

**सर्वर की समस्या के चलते किसान नही ले पा रहे टोकन** – धान बेचने के लिए बनाए गए ऐप' टोकन तुंहर हाथ' में सर्वर की समस्या के चलते किसानों को टोकन नही मिल रहा है। कपसदा निवासी किसान विश्वनाथ साहू ने बताया कि उसे 60 क्विंटल धान बेचना है। लेकिन अब तक उसे ऐप में सर्वर नही होने के कारण ऑनलाइन टोकन नही मिला है। सोसायटी आया तो 40 प्रतिशत धान बेचने के लिए मैनुअली टोकन दिया गया।

# छत्तीसगढ़ की बेटी दिव्या अग्रवाल ने कांस्य पदक अपने नाम कर देश व छत्तीसगढ़ का नाम रोशन किया



पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

आईओसी से मान्यता प्राप्त अंतरराष्ट्रीय म्यू थाई संस्था IFMA और एशियाई संस्था FAMA के तत्वावधान में हॉगकॉग में आयोजित ईस्ट एशिया म्यू थाई चैंपियनशिप में यूनाइटेड म्यू थाई एसोसिएशन इण्डिया (UMAI) के माध्यम से भारत का प्रतिनिधित्व कर रही ब्लू कॉर्नर से रायपुर (छत्तीसगढ़) की कु. दिव्या अग्रवाल का सेमीफाइनल में रेड कार्नर से हॉगकॉग की खिलाड़ी होई ई वॉन्ग (Hoi yi Wong) से मुकाबला हुआ। फाइनल प्रवेश के लिए जोर आजमाइश करते बगैर चेस्ट गार्ड के खेले जाने वाले फुल कॉन्टैक्ट गेम में दोनो महिला खिलाड़ियों ने पूरा जोर लगा दिया। पंच, किक, नी, एल्बो के विभिन्न अनवरत वार करते हुए दोनों खिलाड़ी जबरदस्त खेल रहे थे। किन्तु भारत की दिव्या अग्रवाल को दो कॉउंट मिलने के बाद प्लेयर सेफ्टी पॉवर का उपयोग करते हुए सेन्टर रेफरी ने मुकाबला वही रोक हॉगकॉग की खिलाड़ी को विजेता घोषित किया और दिव्या अग्रवाल को काँस्य पदक से संतोष करना पड़ा।

# डीजे,ध्वनि विस्तारक यंत्र एवं विवाह घर संचालक की ली गई बैठक



पायनियर संवाददाता < सूरजपुर
www.dailypioneer.com

एसडीएम शिवानी जायसवाल की अध्यक्षता में अनुविभाग सूरजपुर अंतर्गत आने वाले डीजे संचालक / ध्वनि विस्तारक यंत्र संचालक एवं विवाह घर संचालको का जनपद पंचायत सूरजपुर के मिटिंग हॉल में बैठक का आयोजन किया गया था।जिसमें उपस्थित संचालकों को माननीय उच्चतम न्यायालय व माननीय उच्च न्यायालय द्वारा पूर्व में पारित आदेश दिशा निर्देशों के संबंध में जानकारी दिया गया तथा उन्हें शहर के विभिन्न क्षेत्र जैसे- औद्योगिक क्षेत्र, वाणिज्य क्षेत्र, आवासीय क्षेत्र और शांत क्षेत्र में दिन व रात के समय ध्वनि विस्तारक यंत्र की रखे जाने वाली सीमा की जानकारी दिया गया तथा नियमों का पालन करने की समझाइश दी गई और उन्हें सचेत भी किया गया कि नियमों के उल्लंघन पर उन पर दंडात्मक कार्यवाही के साथ कोलाहल अधिनियम के तहत एफआईआर एवं डीजे साउंड सिस्टम की जब्त कार्यवाही की जायेगी ।

## भाजपा में बयान देने राजनीतिज्ञों की कमी वेतन भोगी बयान दे रहे

# विष्णुदेव सरकार में सभी व्यवस्था, अव्यवस्था में बदल चुकी है : भूपेश

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि विष्णुदेव सरकार में सभी व्यवस्था अव्यवस्था में बदल चुकी है। आयुष्मान कार्ड को ही देखिए, एक भी मरीज को इसका लाभ नहीं मिल रहा, सरकार ने एक साल से अस्पतालों का कोई भुगतान नहीं किया है। हमारी सरकार में कभी 24 घंटे में भुगतान हो जाता था। स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी स्कूल देख लीजिए, कोई बजट नहीं है, चाक और डस्टर खरीदने के पैसे नहीं, जिन्होंने निजी स्कूलों से ट्रांसफर कराकर वहां भर्ती किया था, वापस निजी स्कूलों में ले गए। धान खरीदी केंद्रों का देख लीजिए, आज स्थिति यह है कि किसान टोकन लेकर भी धान नहीं बेच पाएंगे। सरकार ने राइस मिलर को एक साल से भुगतान नहीं किया। सौर ऊर्जा का देख लीजिए, रेडी टू ईट का हाल देख लीजिए बदहाल है। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने राजीव युवा मितान क्लब को लेकर कहा कि हमारी सरकार के समय युवाओं को सामाजिक कार्यो से जोड़ने के लिये यह बनाया गया था, भाजपा ने भंग कर दिया। युवा खाली है। उनका सम्मेलन था। एक ही मीटिंग से भाजपा तिलमिला गयी। गौठानों को भंग कर दिया। गोठान समितियां महिला स्व सहायता समितियां भी सम्मेलन करने वाली है, मुझको बुलायेगी वहां भी जाऊंगा। इसका मतलब वहां भी नया पार्टी बनाने जाऊंगा। कांग्रेस पार्टी ने मुझे सब कुछ दिया, सम्मान दिया, पीसीसी अध्यक्ष बनाया, मुख्यमंत्री बनाया। अनेक बार मंत्री बनाया, मंत्री बनाया लोकसभा, विधानसभा सभी की टिकिट दिया। हर बड़े चुनाव में जिम्मेदारी मिलती है ऑबजर्वर बनाते है मैं क्यों असंतुष्ट रहूंगा? सीएम के सलाहकार पंकज झा के बयान पर पूर्व



मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि भाजपा और सरकार के बयान देने वाले नेताओं की हो गई है कमी, सरकार के वेतनमान वाले सलाहकार सरकार चला रहे हैं क्या ? मुझे कांग्रेस पार्टी ने सब कुछ दिया है। साय सरकार को मेरी नहीं अपनी चिंता करनी चाहिए। मुझे युवा, महिला, मजदूर, किसान सभी संगठन के लोग आमंत्रित कर रहे हैं। मैं सभी संगठनों के सम्मेलन में शामिल होता रहूँगा। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि ये जो पेमेंट शीट में जो रखे हैं वो ऐसी बातें फै ला रहे हैं। बीजेपी में अशांति है, बीजेपी के तमाम बड़े नेता खाली बैठे हैं। प्रेम प्रकाश पांडे, बृजमोहन अग्रवाल, अमर अग्रवाल सब खाली बैठे हैं। ये कौन सलाहकार है, कहां का रहने वाला है? छत्तीसगढ़ की सरकार बिहार से चलेगी। इतना राजनीतिक अकाल पड़ गया है बीजेपी में। राजनीतिक बयान राजनीतिक दे तो कोई बात है, क्या बीजेपी में इतना अकाल पड़ गया, कि विष्णुदेव साय के पक्ष में कोई बोलने वाला नहीं है, कि तनख्वाह में रखे गए लोग बोलेंगे, संतोष पांडे के बयान पर कहा, वो लोहारीडीह चले जाएं, लोहारीडीह के मामले को संसद में कब उठाएंगे? संघ प्रमुख मोहन भागवत के तीन बच्चे पैदा करें बयान पर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि उनकी बात तो कोई सुन नहीं रहा। वो कह रहे जमीन न खोदो, बीजेपी के लोग जमीन खुदवाने पर लगे हैं। रही बात तीन बच्चे पैदा करने की, उनके संगठन में अमल करें। संघ में बहुत से लोगों की शादी नहीं हुई है, उनकी शादी कराए और तीन बच्चे पैदा कराए। वैसे ज्यादा बच्चे पैदा करके क्या कर लेंगे? वैसे ही बेरोजगारी के हालात हैं। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने विशेषर पटेल की नियुक्ति पर खड़ा किया सवाल। कहा- जिसे रमन सरकार में हटाया गया उसे दोबारा अध्यक्ष बनाया गया। विशेषर पटेल के कार्यकाल में हुई थी सैकड़ों गायों की मौत, गौशालाओं में अनुदान घोटाला का आरोप लगा था। नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव एक साथ होने के सवाल पर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि संविधान को भाजपा मानती नहीं है। संविधान में है कि 6 माह पहले चुनाव करा सकते है, 6 माह चुनाव टाल नहीं सकते। भाजपा में असंवैधानिक अध्यादेश जारी किया है। अब तक मतदाता सूची प्रकाशित नहीं कर पाए। अब तक आरक्षण तय नहीं कर पाए हैं। अब तक महापौर डायरेक्ट होगा या इनडायरेक्ट इसको तय नहीं कर पाए। सरकार निकाय चुनावों को टालना चाहती है।

# बिहारपुर कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना विशेष शिविर बौद्धिक परिचर्चा में उपस्थित हुए आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी

**सूरजपुर।** शासकीय नवीन महाविद्यालय चांदनी बिहार पुर के द्वारा रासेयो कार्यक्रम अधिकारी धीरेंद्र कुमार जायसवाल के दिशा निर्देश और संचालन में आयोजित राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय विशेष शिविर का पांचवां दिन का बौद्धिक परिचर्चा , शासकीय आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ. स्वेता भगत के मुख्य आतिथ्य में विशिष्ट अतिथियों योगेंद्र पटेल, उप सरपंच कांतिपुर,राम प्रताप में सम्पन्न हुआ, 26 नवंबर से चल रहे राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय विशेष शिविर में बौद्धिक परिचर्चा में आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी शामिल होकर शिवरात्रियों और उपस्थित सभी छात्र-छात्राओं और ग्रामीण जनता के बीच अपने विचार रखें और उन्होंने एक महत्वपूर्ण बात कही कि आप लोग ग्राम पंचायत का डाटा कलेक्शन कर रहे हैं उसमें एक बात और शामिल करिए कि हर परिवार में स्वास्थ्य संबंधी क्या समस्या है उसे आप लोग बताएं और उसे हम लोग आगे आपकी समस्या के समाधान के लिए बढ़ाने का प्रयास करेंगे इस प्रकार आज के बौद्धिक परिचर्चा में बहुत ही महत्वपूर्ण बातों को लेकर के चर्चा हुई जिसमें मेरा युवा भारत और डिजिटल साक्षरता के लिए युवा इन विषयों पर चर्चाएं की गई कि आप हमेशा युवा कैसे रह सकते हैं और वेब सीरीज से बचते हुऐ अच्छाइयों को ग्रहण करें, मंच का संचालन शिवरारथी नायक और नायिका सुनील गुप्ता और सीता सिंह के द्वारा किया गया। कई शिवरार्थियों ने परिचर्चा में अपने विचार रखे, इस कार्यक्रम में आम जनता और स्कूल के छात्र छात्राओं की उपस्थिति रही।


**न्यायालय तहसीलदार सरायपाली जिला महासमुंद (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

सर्वसाधरण जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक रविलाल सिदार पिता पदमन सिदार जाति........ निवासी ग्राम सरायपाली तहसीलदार सरायपाली जिला महासमुन्द द्वारा उसके स्वयं के माता सुखमोती का मृत्यु दिनॉक 09.07.2017 को ग्राम सरायपाली में हुआ है। उक्त जन्म का पंजीयन नहीं हो पाने के कारण उक्त तिथी में पुत्र / पुत्री के मृत्यु सुखमोती घटना पंजीकृत किये जाने हेतु इस न्यायालय में आवेदन प्रस्तुत किया है।

उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को किसी प्रकार का आक्षेप / दावा हो अथवा आवेदन प्रस्तुत करना हो तो वे स्वयं या अपने अभिभावक के माध्यम से दिनॉक 13.12.2024 को उपस्थित हो कर पेश कर सकते हैं। बाद में प्राप्त दावा आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनॉक 27.11.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।

दिनांक :- / / 2024

मुहर

तहसीलदार
सरायपाली

# सचिव के खिलाफ ग्रामीणों में आक्रोश, भ्रष्टाचार करने ग्राम सभा चोरी चोरी करने का आरोप

**सचिव पूर्व में हो चुके है निलंबित वर्ष 2021में 8 लाख का निकला था रिकवरी, आज तक नही हुआ रिकवर, अफसरों ने लेन देन कर मामला किया रफा दफा**




पायनियर संवाददाता ◀ सुरजपुर
www.dailypioneer.com

प्रेमनगर जनपद पंचायत के अफसर और बाबूओ के चहेते पंचायत सचिव साधु चरण के खिलाफग्राम लगातार असंतोष जाहिर करते हुए शिकायत कर रहे और हटाने की मांग की जा रही है। किंतु जिले से लेकर जनपद के अफसर घृत राष्ट्र की भूमिका में नजर आ रहे है। इसी कड़ी में प्रेमनगर जनपद पंचायत के अधीन ग्राम पंचायत बकिरमा के पंचायत सचिव साधु चरण के द्वारा मनमानी करने, ग्राम सभा नहीं करने, आम जन को नहीं बुलाने ज़ शासन की योजनाओं का लाभ नहीं दिलाने, पेंशन की राशि का भुगतान नहीं करने, ग्राम पंचायत के विकास के लिए शासन से प्राप्त राशि का हिसाब ग्राम सभा में नहीं बताने, आर्थिक अनियमितता का आरोप ग्राम वासियों ने लगाया है।

■ **ग्रामीणों ने कहा प्रशासन तत्काल हटाए नहीं होंगे आंदोलन को मजबूर**

पंचायत सचिव को हटाने इनके कार्यकाल का जांच करने, सचिव को पंचायत से हटाने की मांग जिला पंचायत सीईओ के नाम जनपद सीईओ को पत्र देकर किया गया है।

## शासन से ग्राम के विकास के लिए राशि में किया बंदरबांट

ग्रामवासियों द्वारा दिए गए शिकायत पत्र में बताया है कि ग्राम बकिरमा के पंचायत सचिव साधू चरण साहू के द्वारा पंचायत में शासन से आये राशि का उपयोग किन किन जगहों पर किया गया है. (आय व्यय) के सम्बन्ध में जानकारी नही दिया जाता है. सचिव साधू चरण साहू के द्वारा ग्राम सभा का आयोजन आम जन के समक्ष में नहीं किया जाता है. आगे बताया कि राजस्व अनुविभागीय अधिकारी रामानुजनगर के द्वारा ग्राम पंचायत बकिरमा में ग्राम सभा करने का आदेश दिया गया था ग्राम वासी को शोशल मीडिया के माध्यम जानकारी लगा था कि ग्राम सभा होना है. किंतु सचिव के द्वारा नहीं बताया गया और ना ही मुनादी की गई। इनके द्वारा गुप चुप तरीके से ग्राम सभा का आयोजन कर दस्तावेजी कोरम पूर्ति किया जाता है। सचिव साधू चरण के द्वारा शासन से प्राप्त समस्त मदों में राशि को गलत तरीके से फर्जी बिल लगाकर भ्रष्टाचार किया है. इनके पदभार ग्राम पंचायत में सँभालने के बाद ग्राम का विकास नहीं हुआ है. इनके द्वारा भाई भतीजा वाद ग्राम पंचायत में चलाया जा रहा है इनके द्वारा बाजार वसूली का राशी एक लाख सत्ताइस हज़ार ठेकेदार राजकुमार साहू से नही लिया है. सचिव के द्वारा स्वच्छता दीदी का मानदेय एक वर्षो से अधिक समय तक का भुगतान नहीं किया गया है।

## प्रतिमाह नहीं करते है पेंशन भुगतान

आगे बताया कि सचिव नॉन डीबीटी वाले पेंशन लाभार्थियों को मासिक पेंशन भुगतान नहीं करते है।स्थानीय ग्रामीणों के विरोध के बाद 1 वर्ष छः माह के बाद भुगतान करते हैं। जिससे बड़ी संख्या में पेंशन लाभार्थी ऐसे हैं। जिन्हें पेंशन की राशि नहीं मिल पाता है। इनके विरुद्ध ग्राम वासियों ने जनपद में आवेदन देकर अगवत कराया था। किंतु जनपद सीईओ द्वारा भी कोई कार्यवाही नहीं किया गया है। इनके पदभार ग्राम पंचायत बकिरमा में होने के बाद क्रय में हुए समस्त व्यव का जाँच अन्य विकास खंड के अधिकारी से कराया जाए साथ ही सचिव साधु चरण साहू का स्थानांतरण अन्य ग्राम पंचायत में करने की मांग की है। ग्रामीणों ने बताया कि तत्काल प्रशासन सचिन को हटाए नहीं तो आंदोलन के लिए बाध्य होना पड़ेगा, जिसका जिम्मेदार जिला प्रशासन होगा।

## साधु चरण साहू हो चुके है निलंबित

बतादें कि पूर्व वर्षो में इनके द्वारा प्रेमनगर विकास खंड के ग्राम पंचायत महेशपुर में वर्ष 2021 22 में ग्राम पंचायत महेशपुर में आर्थिक अनिमिता किया गया था. जिला पंचायत द्वारा अपने जाँच में 8 लाख का रिकवर पंचायत सचिव पर निकाला गया था. निलम्बन की कार्यवाही किया गया था. जिसके बाद भी जनपद पंचायत राशि की वसूली नहीं की है। बल्कि 3 वर्ष बाद विभागीय जांच में लेन देन कर मामले को रफा दफा कर दिया गया है।

## विश्व एड्स दिवस में स्वयंसेवकों ने रैली निकालकर लोगों को किया जागरूक

**अमलेश्वर।** उद्यानिकी एवं वानिकी महाविद्यालय सांकरा के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा 1 दिसंबर 2024, विश्व एड्स दिवस के दिन ग्राम - सांकरा में जन जागरूकता रैली निकालकर लोगों को एड्स जैसी गंभीर बीमारी के प्रति लोगों को जागरूक किए एवं इससे बचने के उपाय बताये। विश्व एड्स दिवस में रैली समापन के पश्चात, पोस्टर मेकिंग, वाल लेखन एवं शपथ दिलाकर लोगों से अपील किए कि एड्स के प्रति लोगों को जागरूक करे एवं पीड़ित व्यक्ति का उचित उपचार करने में सहयोग करे एवं किन - किन कारणों से एड्स होता हैं उसकी रोकथाम एवं सावधानियां की जानकारी जन जन तक पहुंचाये ताकि एड्स को जड़ से मिटाया जा सके और एड्स मुक्त भारत बनाया जा सके। कार्यक्रम डॉ.अमित दीक्षित,अधिष्ठाता उद्यानिकी एवं वानिकी महाविद्यालय सांकरा के मार्गदर्शन में हुआ, कार्य म का सफल संचालन डॉ.गागेंद्र सिंह राजपूत, राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी एवं डॉ.हरीश चंद्र दर्रो के सराहनीय योगदान में सम्पन्न हुआ।

# एएचपीआई और कोयटा फाउंडेशन ने राज्य स्तरीय डिजिटल हेल्थ मास्टरक्लास का श्री नारायणा हॉस्पिटल में आयोजन किया


पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com



एसोसिएशन ऑफ हेल्थकेयर प्रोवाइडर्स इंडिया (एएचपीआई) और श्री नारायणा हॉस्पिटल, देवेंद्र नगर, रायपुर द्वारा कोयटा फाउंडेशन के सहयोग से राज्य स्तरीय डिजिटल हेल्थ मास्टर क्लास का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में करकीनोस हैल्थकेयर के उपाध्यक्ष आरकेपी चित्तूर रेड्डी ने विस्तार से स्वास्थ्य क्षेत्र में हॉस्पिटल मैनेजमेंट इनफार्मेशन सिस्टम और इलेक्ट्रॉनिक मेडिकल रिकॉर्ड की उपयोगिता के बारे में विस्तार से चर्चा की। एएचपीआई के डायरेक्टर डॉ. सुनील खेतरपाल, कोयटा फाउंडेशन से डॉ. अनुजा सनखे, नारायणा हॉस्पिटल के मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. सुनील खेमका, एएचपीआई छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष डॉ. राकेश गुप्ता, महासचिव अतुल सिंघानिया सहित स्वास्थ्य क्षेत्र के कई ख्याति प्राप्त लोग इस अवसर पर उपस्थित थे। एएचपीआई के डायरेक्टर डॉ. सुनील खेतरपाल ने कार्यशाला में उपस्थित सभी डेलिगेट्स का स्वागत करते हुए उन्हें इस कार्यशाला के महत्त्व के बारे में बताया। साथ ही उन्होंने श्री नारायणा हॉस्पिटल के मैनेजिंग डायरेक्टर को स्वयं वालंटियर कर इस वर्कशॉप का आयोजन का प्रस्ताव देने के लिए डॉ. खेमका का आभार व्यक्त किया। एएचपीआई छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष डॉ. राकेश गुप्ता ने बताया कि एएचपीआई देश के स्वास्थ्य प्रदाता संस्थाओं का प्रतिनिधित्व करता है जिसमें 27,000 से भी ज्यादा सदस्य अस्पताल हैं। एएचपीआई केंद और राज्य सरकारों के साथ स्वास्थ्य क्षेत्र की नीति निर्धारण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। कोयटा फाउंडेशन की डॉ. अनुजा सनखे ने बताया कि एएचपीआई के सहयोग से इस डिजिटल हेल्थ मास्टर क्लास का कोर्स कंटेंट बनाया गया है जिससे छोटे और मध्यम अस्पतालों में डिजिटल तकनीक अपनायी जा सके। कोयटा फाउंडेशन के अध्यक्ष रिज़वान कोयटा हैं जो अस्पतालों की गुणवत्ता निर्धारित करने वाली संस्था के चैयरमैन भी हैं।

# इस बदलते मौसम में कैलिफोर्निया आमंड्स के साथ बनाइये अपनी इम्युनिटी को मजबूत

पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com



मौसम में बदलाव के साथ इम्युनिटी अक्सर कमजोर हो जाती है और इसे मजबूत करने के लिये प्राकृतिक तरीके अपनाना जरूरी हो जाता है। न्यूट्रीशनिस्ट ऋतिका समद्दर आपके रोजाना के रूटीन में पोषक-तत्वों से भरपूर चीजें शामिल करने की सलाह दे रही हैं, ताकि आपकी इम्युनिटी असरदार तरीके से बढ़ सके। ऐसा ही एक सुपरफूड है कैलिफोर्निया आमंड्स, जिनमें 15 जरूरी पोषक-तत्व होते हैं। बादाम के कई तरह से उपयोग किया जा सकता है और इसे खाकर पेट भरे होने का अहसास होता है। यह किसी भी व्यंजन, स्नैक या आहार में आसानी से मिल जाती हैं और पोषण का पावरहाउस बन जाती हैं। ऋतिका समद्दर, रीजनल हेड- डायटेटिक्स, मैक्स हेल्थकेयर- नई दिल्ली कैलिफोर्निया आमंड्स में प्रोटीन, फाइबर और हेल्थी फैट्स जैसे पोषक-तत्व भरपूर मात्रा में होते हैं, जो उन्हें रोजाना के संतुलित आहार में शामिल करने के लिये बेहतरीन बनाते हैं। सेहत को उनसे मिलने वाले लाभों के बारे में व्यापक जानकारी है। फूड सेफ्टी एण्ड स्टैण्डडर्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एफएसएसएआई) बादाम को प्राकृतिक रूप से इम्युनिटी बढ़ाने के लिये डाइट में आवश्यक रूप से शामिल करने पर जोर देती है। इसके अलावा, इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च (आईसीएमआर) डाइटरी गाइडलाइंस फॉर इंडियन्स बादाम को एक पोषक नट मानती हैं, जिन्हें अच्छी सेहत के लिये रोजाना खाया जा सकता है। बादाम इम्युनिटी को प्राकृतिक तरीके से कैसे बढ़ाते हैं। इसमें विटामिन 'ई' प्रचुर मात्रा में होता हैः बादाम में विटामिन 'ई' बहुत होता है। यह एक शक्तिशाली एंटीऑक्सीडेंट है, जो पल्मोनरी इम्युन फंक्शन में सहयोग देता है और वायरस तथा बैक्टीरिया से होने वाले संक्रमणों से सुरक्षा देता है। इसके अलावा, विटामिन 'ई' पूरे इम्युन रिस्पॉन्स को बढ़ाता है। कॉपर से भरपूरः इम्युन सिस्टम के सामान्य रूप से काम करने के लिये कॉपर जरूरी होता है और बादाम इस जरूरी पोषक-तत्व का






सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2024-26, दूरभाष नंबर 0771-2972403